www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण





पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 4 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -329 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक वैचारिक यात्रा 02

■ एलजी ने दी अंतर विभागीय भूमि आवंटन के...
■ पूर्व केन्द्रीय डॉ. हर्षवर्धन ने किया राजनीति... 03

■ गाजा में पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में...
■ स्लोवाक के विदेश मंत्री ने रूस पर लगाए... 07

जापान जाने का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार : रश्मिका 10


## सार संक्षेप

### हिमाचल में हिमस्खलन से दुकानें क्षतिग्रस्त



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सुदूर लाहौल-स्पीति जिले में रविवार को भारी बर्फबारी के बाद हिमस्खलन की सूचना मिली है। राजस्व अधिकारी के हवाले से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि लाहौल उपमंडल में तांदी पुल के पास हिमस्खलन हुआ। इसके नीचे कुछ दुकानें आंशिक रूप से दब गई हैं। हालांकि, इस आपदा में जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

### सीहॉक छह मार्च को नौसेना के बेड़े में शामिल होगा



**नई दिल्ली।** बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर एमएच 60 आर सीहॉक को छह मार्च को आईएनएस गरुड़, कोच्चि में नौसेना के बेड़े में विधिवत रूप से शामिल किया जाएगा। यह हेलिकॉप्टर पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त करने में सक्षम है। यह दिन देश की रक्षा आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में नौसेना में शामिल किया जाएगा।

### डीआरआई ने 351 भारतीय टेंट कछुओं को बचाया



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने कटक जिले के मंगुली स्क्वॉयर पर छापेमारी के दौरान 351 दुर्लभ भारतीय टेंट कछुओं को बचाया। खुफिया सूत्रों से मिली सूचना के बाद, डीआरआई ने कटक के मंगुली टोल प्लाजा पर एक टाटा टियागो वाहन को रोका। उसमें पश्चिम बंगाल के रहने वाले तीन लोग सवार थे। डीआरआई सूत्रों ने कहा, पूछताछ के दौरान पता चला कि वे पश्चिम बंगाल से 351 भारतीय टेंट कछुए (पंगशुरा

### मोदी आज से पांच राज्यों की तीन दिनी यात्रा पर जाएंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार की तीन दिन की यात्रा पर जाएंगे। श्री मोदी सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56,000 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

### दिल्ली में सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत




**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में मोटरसाइकिल के डिवाइडर से टकराने से एक व्यक्ति और उसकी मां की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान फरीदाबाद निवासी राहुल और उसकी मां शांति देवी के रूप में हुई है।



`जन विश्वास महारैली' में उमड़ा जनसैलाब

# बदलाव का तूफान बिहार से शुरू होता है : राहुल

## महागठबंधन की रैली में खड़गे, राहुल, लालू, सीताराम येचुरी, डी राजा, अखिलेश व दीपंकर समेत कई नेता शामिल हुए

■ गांधी मैदान का चप्पा-लोगों से भरा
■ हर मोर्चे पर मोदी सरकार को घेरा

**पटना,** 3 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी, कम्युनिष्ट नेता सीताराम येचुरी, डी राजा, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश प्रसाद यादव के साथ भाकपा माले के दीपंकर भट्टाचार्य के साथ कई नेता शामिल हुए। गांधी मैदान का चप्पा चप्पा लोगों से भर गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को पटना में महागठबंधन की रैली में भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बदलाव का तूफान बिहार से शुरू होता है और अन्य राज्यों में जाता है। बिहार को राजनीति का केंद्र बताते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में विचारधारा की लड़ाई है। एकतरफ नफरत, हिंसा, अहंकार तो दूसरी तरफ मोहब्बत, भाईचारा और एक दूसरे की इज्जत है। उन्होंने कहा कि हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहले पब्लिक सेक्टर होता था जिसमे गरीबों को रास्ता, नौकरी मिलती थी। सेना में अग्निवीरों को लेकर कहा कि सेना में अब दो तरह के शहीद होंगे। एक शहीद को इज्जत मिलेगी, दूसरे शहीद अग्निवीर होंगे, जिसे शहीद का दर्जा तक नहीं मिलेगा।

> **नीतीश चाचा पलट गए, जहां रहें खुश रहें। मेरे पिता भाजपा के आगे कभी नहीं झुके, ना ही झुकेंगे : तेजस्वी यादव, राजद नेता**

> **देश मे पहली बार देख रहा हूं विपक्षी पार्टियों को इडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का डर दिखाया जा रहा है : दीपांकर भट्टाचार्य, भाकपा माले**

### केंद्र से बीजेपी को हटाकर ही दम लेंगे: अखिलेश

■ जोशीले नौजवान मिलते हैं तो तख्त हिल जाते हैं

रैली में अखिलेश यादव ने भी हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि जब जोशीले नौजवान मिल जाते हैं तो बड़े-बड़े तख्त हिल जाते हैं। अखिलेश यादव ने केंद्र पर हमला बोलते हुए आगे कहा कि 2024 में संविधान का मंथन होगा, जिसमें एक तरफ रक्षक होंगे तो वहीं, दूसरी तरफ भक्षक होंगे। अखिलेश ने ये भी कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग अगर मिलकर 120 सीटों पर बीजेपी को हरा दें तो क्या होगा। अखिलेश ने कहा कि केंद्र से बीजेपी को हटाकर ही दम लेंगे।

### झूठों के सरदार की सभी गारंटी फेल हुईं : खड़गे

**देश बर्बाद करने में लगे हैं नरेंद्र मोदी**

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आरजेडी की ओर से जन विश्वास रैली कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज पीएम मोदी देश को बर्बाद करने में लगे हुए हैं। अब पीएम मोदी बीजेपी की गारंटी नहीं बोलते हैं, अपनी सरकार की गारंटी नहीं बोलते हैं, अब वो बोलते हैं मोदी की गारंटी, लेकिन उनकी सभी गारंटी फेल हुई है। यानी मोदी जी झूठों के सरदार हैं।' कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा, 2014 में उन्होंने कहा था कि इस देश के युवाओं को हर साल 2 करोड़ नौकरियां दी जाएंगी, क्या उन्होंने ऐसा किया? उन्होंने यह भी कहा कि सभी के लिए पक्का घर बनाया जाएगा। अब मैं आपसे दोबारा पूछता हूं, क्या उन्होंने ऐसा किया? उनकी और उनकी पार्टी की गारंटी केवल इस देश के लोगों को धोखा देने की।

### दिल्ली पर हम लोगों को कब्जा करना है : लालू

आरजेडी सुप्रीमो ने कहा कि आज की रैली की भीड़ को देखकर नीतीश को पता नहीं और कौन-कौन सी बीमारी हो जाएगी। उन्होंने पुराने अंदाज में कहावत कही। 'लागल लागल झुल्हनिया में धक्का बलम कोलकाता चलो'। इसके बाद लालू यादव ने कहा कि मोदी कहे थे मेरी सरकार बनी तो सब के खाते में 15 लाख आएगा। हम भी विश्वास कर लिए कि हो सकता है आएगा, सब का खाता जन धन योजना के तहत खुला, 15 लाख लेकिन नहीं आया, सब को मोदी ने ठेंगा दिखा दिया। सब मिलकर विपक्षी दल लोकसभा चुनाव लड़ेंगे व मोदी को विदा करेंगे। दिल्ली पर हम लोगों को कब्जा करना है।

# पवन सिंह ने चुनाव लड़ने से किया इनकार



■ भाजपा की पहली सूची में आसनसोल से मिला था टिकट
■ पहले आभार जताया था, अब चुनाव लड़ने में जताई असमर्थता

**नई दिल्ली,** 3 मार्च (एजेंसियां)। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में भाजपा ने चार भोजपुरी अभिनेताओं पर दांव लगाया है। इनमें से भोजपुरी स्टार अभिनेता पवन सिंह ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के दूसरे दिन ही चुनाव लड़ने से मना कर दिया। भाजपा ने जिन चार भोजपुरी अभिनेताओं पर दांव लगाया है उसमें से तीन दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनोज तिवारी और रवि किशन पहले से ही भाजपा के सांसद हैं। वहीं भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह को भाजपा ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल सीट से चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा की है। लेकिन, पवन सिंह ने इस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने में असमर्थता जताई है।

### हर्षवर्धन ने छोड़ी राजनीति

बीजेपी सांसद हर्षवर्धन ने रविवार को राजनीति छोड़ने का ऐलान कर दिया।पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बीजेपी की ओर से जारी की गई उम्मीदवारों की पहली सूची में जगह नहीं दी गई थी। राजनीति से संन्यास लेने के बाद वह फिर से अपनी ईएनटी क्लीनिक चलाएंगे। सांसद ने रविवार को राजनीति छोड़ने का ऐलान किया।

# अब किसान छह मार्च को करेंगे दिल्ली कूच

■ 10 मार्च को रेलवे के चक्का जाम का ऐलान
■ पैदल, बस और ट्रेन से 6 को दिल्ली पहुंचेंगे
■ मांगें नहीं माने जाने तक विरोध जारी रहेगा



> **हम दिल्ली मार्च से पीछे नहीं हटे हैं। केंद्र सरकार को घुटने के बल लाने के लिए हमने रणनीति तय की है। हम जिन सीमाओं पर बैठे हुए हैं, वहां संख्या बढ़ाएंगे : जगजीत सिंह डल्लेवाल, किसान नेता**

**चंडीगढ़,** 3 मार्च (एजेंसियां)। किसान आंदोलन लगातार जारी है। इस बीच किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंढेर ने रविवार को कहा कि हमारा दिल्ली चलो मार्च टला नहीं है। मांगें नहीं माने जाने तक हमारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा, 'मैं साफ कर देना चाहता हूं कि दिल्ली जाने का कार्यक्रम टला नहीं है। हम इससे पीछे नहीं हटे हैं। केंद्र सरकार को घुटने के बल लाने के लिए हमने रणनीति तय की है। हम जिन सीमाओं पर बैठे हुए हैं, वहां संख्या बढ़ाएंगे। दूसरे बॉर्डर पर भी किसानों को लाने का प्रयास करेंगे।'

डल्लेवाल ने आगे कहा कि हमने तय किया है कि 6 मार्च को पूरे देश से हमारे लोग रेल, बस और हवाई मार्ग से (दिल्ली) आएंगे। हमारा 10 मार्च को 12 से 4 बजे तक रेल रोको आंदोलन होगा। हम लोग अपील करते हैं कि इसमें ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो।

पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति के महासचिव सरवन सिंह पंढेर ने भी डल्लेवाल की बात दोहराते हुए कहा कि खनौरी और शंभू सीमाओं पर बैठे किसान अपना आंदोलन चलाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ने अजय मिश्रा टेनी को टिकट देकर किसानो का अपमान किया है।

**किसानों 14 को करेंगे महापंचायत**

किसान 14 मार्च को 'किसान महापंचायत' भी करेंगे। इसको लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि इसमें 400 से अधिक किसान संघ भाग लेंगे। एसकेएम ने उसने संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) को एक प्रस्ताव भेजा एकता की अपील की है।

# देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही : गहलोत

■ एक नई तानाशाही प्रवृत्ति आ रही है सामने
■ लोगों को धर्म के आधार पर बांटा जा रहा

**नई दिल्ली,** 3 मार्च (देशबन्धु)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर बहुत ज्यादा घमंडी



होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है और एक नई तानाशाही प्रवृति सामने आ रही हैं। श्री गहलोत ने रविवार को यहां मीडिया से कहा कि श्री मोदी के बोल और उनकी पार्टी का घमंड, अब यह अति हो गई और श्री मोदी जिस प्रकार दौरे करते है, पानी के अंदर एवं आकाश आदि यह तमाम बाते केवल चुनाव जीतने के लिए जनता में एक संदेश पहुंचाना हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनावी एंगल ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में क्या हो रहा है जहां मुख्य सचिव सरकार चला रहा है, यह पूरा प्रदेश कह रहा है। संविधान के अनुसार काम नहीं हो रहा है और देश में एक नई तानाशाही प्रवृति सामने आ रही हैं। श्री गहलोत ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अगर ये लोग चुनाव जीत गए तो पता नहीं आगे चुनाव होंगे या नहीं। जनता को समझना होगा नहीं तो इससे बाद में सबको तकलीफ होगी और यह सबको भुगतना पड़ेगा। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले देश में हिन्दु-मुसलमान को दो हिस्सों में बांटा जाता था, अब हिन्दुओं को दो हिस्सों में बांटने का काम किया जा रहा हैं और राम भक्तों को दो समूहों में बांट दिया गया है जो लोग उनकी पार्टी में हैं वे राम भक्त हैं और जो पार्टी में नहीं वे राम भक्त नहीं हैं। वे कौन होते हैं यह प्रमाणपत्र जारी करने वाले।

### राहुल के मुद्दों पर सहमति जता रहे लोग

श्री गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी यात्रा में जनता की जो प्रतिक्रिया मिल रही है, वह सराहनीय है और लोग श्री राहुल गांधी के मुद्दों पर सहमति जता रहे हैं।

# शहबाज शरीफ होंगे पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री



■ पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री चुने गए
■ शहबाज शरीफ को 201 वोट मिले

**इस्लामाबाद,** 3 मार्च (एजेंसियां)। पीएमएल (एन) अध्यक्ष शहबाज शरीफ रविवार को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री चुने गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने घोषणा की कि शहबाज शरीफ को 201 वोट मिले हैं। वहीं, पीटीआई उम्मीदवार उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। 72 साल के शहबाज शरीफ दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले, इमरान खान सरकार के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद उन्होंने 11 अप्रैल, 2022 से 14 अगस्त, 2023 तक प्रधानमंत्री के रूप में काम किया था। शहबाज शरीफ पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। नवाज शरीफ ने पीएमएल-एन के चुनाव अभियान का नेतृत्व किया था। दक्षिण एशियाई इस देश में आम चुनाव 8 फरवरी को हुए थे। पीटीआई के संस्थापक इमरान खान समर्थित उम्मीदवारों ने अधिकांश सीटों पर जीत हासिल की थी, लेकिन पीपीपी और पीएमएल (एन) ने सरकार बनाने के लिए गठबंधन कर लिया जिसके बाद शहबाज शरीफ के पीएम बनने का रास्ता साफ हो गया।

# उप्र में परीक्षा रद्द होने से निराश युवती ने की आत्महत्या

■ पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी

**लखनऊ,** 3 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश की पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होने से फिरोजाबाद शहर में कथित तौर पर अवसादग्रस्त एक युवती ने आत्महत्या कर ली। पीड़िता वर्षा के परिवार ने दावा किया कि पेपर लीक के बाद पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। एनसीसी कैडेट रह चुकी वर्षा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी। वर्षा के भाई प्रशांत कुमार ने कहा कि वह सरकारी नौकरी के लिए एसएससी परीक्षा की तैयारी भी कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें उसने सरकारी नौकरी न मिलने का जिक्र किया है।

**घोटाला** तीन सदस्यीय जांच समिति ने भी की पुष्टि

# शिब्ली कॉलेज में सहायक प्रोफेसर भर्ती घोटाला आया सामने

■ ओम प्रकाश सिंह

■ जिलाधिकारी ने भेजी प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा व कमिश्नर को रिपोर्ट
■ शिकायतकर्ता शशांक शेखर सिंह पुष्कर के छह आरोपों की पुष्टि हुई

**आजमगढ़,** 3 मार्च (देशबन्धु)। चर्चित अल्पसंख्यक संस्था शिब्ली नेशनल कालेज आजमगढ़ में हुई 52 सहायक प्रोफेसर भर्ती घोटाले की तस्वीर डीएम की जांच रिपोर्ट आने के बाद अब साफ हो चुकी है। शिकायतकर्ता राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुष्कर की एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 6-6 आरोपों की डीएम की तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने पुष्टि कर दी है।

इसी के साथ नियुक्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद होना भी साबित हो गया है। सबसे गंभीर सवाल तो यह कि चयन की प्रक्रिया ही पूरी नहीं की गई, बिना लिखित परीक्षा के आनन-फानन में सीधे साक्षात्कार करा, प्रबंध समिति के रिश्तेदारों, कुलपति के चहेतों की भर्तियां कर दी गई थीं। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम और राजभवन की नियुक्ति में पारदर्शिता संबंधित 18 मई 2021के शासनादेश की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। जांच कमेटी की आख्या आ जाने के बाद सीएम कार्यालय और उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के लिए भी पूरी नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करने के अतिरिक्त अब दूसरा कोई चारा नहीं बचा है। 52 के करीब हुए सहायक प्रोफेसर की नियुक्तियों में जमकर नियमों को धज्जियां उड़ाई गईं। भारी पैमाने पर धन उगाही और नियम विरुद्ध नियुक्तियां होने का आरोप लगाते हुए अनेक अभ्यर्थियों ने भी शिकायत की।



### शिबजी कॉलेज में हड़कंप

जिलाधिकारी आजमगढ़ ने शासन और मंडलायुक्त दोनों को शिब्ली नेशनल कालेज आजमगढ़ में 52 सहायक प्रोफेसर भर्ती घोटाले कि जांच आख्या भेज दी। रिपोर्ट आने के बाद जहां शिब्ली कॉलेज में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी वाराणसी बृजकिशोर त्रिपाठी और निदेशक उच्च-शिक्षा प्रयागराज पर भी सवाल खड़ा हो गया है।

# देश

**उवाच** “ जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में पिछले दो दिन के दौरान तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। नुकसान के व्यापक आकलन के लिए अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में आधिकारिक टीमें तैनात करनी चाहिए।

–अल्ताफ बुखारी,अपनी पार्टी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.0 | 13.0 |
| मुंबई | 28.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 22.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 24.0 |

# लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की सूची जल्द की जाएगी जारी : कांग्रेस

**ग्वालियर,** 3 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद अब कांग्रेस की सूची का इंतजार है। इसको लेकर रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह का बयान

**■ अगले पांच-छह दिन के अंदर केंद्रीय चुनाव समीति की होगी बैठक**

सामने आया है। उन्होंने कहा है कि उम्मीदवार चयन करने की जो हमारी प्रक्रिया है। वह लगभग दो महीने से चल रही है। हम गांव-गांव जाकर ब्लॉकों और कार्यकर्ताओं से नाम ले रहे हैं, लंबी प्रक्रिया चलकर नाम तय होते हैं। उन्होंने कहा है कि भाजपा में सिर्फ पीएम मोदी और गृहमंत्री टिकट बांटते हैं, जो टिकट नहीं मांग रहा है उसको तब पता पड़ता है तब उसका टिकट घोषित हो जाता है। हमारी अगले 5-6 दिन के अंदर सेंट्रल इलेक्शन कमिटी की बैठक हो जाएगी और सूची जारी हो जाएगी।

वहीं कांग्रेस की बड़े नेताओं के चुनाव लड़ने पर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अभी मैं नाम नहीं रख सकता हूं, लेकिन उसमें हमारे सीनियर लीडर, महिला और युवा सब रहेंगे, उन्हें टिकट दिया जाएगा। इसके साथ ही छिंदवाड़ा से भाजपा द्वारा टिकट होल्ड करने पर कहा कि भारतीय



**भाजपा में सिर्फ मोदी व गृहमंत्री बांटते हैं टिकट : जितेंद्र सिंह**

जनता पार्टी ने अगर होल्ड पर टिकट रखा है तो वही जाने। छिंदवाड़ा सीट हम 40 साल से जीत रहे हैं और आगे भी जीतते रहेंगे और कमलनाथ की यह सीट रही है और उनका परिवार ही वहां से लड़ेगा।

### केंद्र सरकार ने हर कदम पर की वादाखिलाफी

जयराम रमेश ने कहा कि कई ऐसे युवा मिले जिन्होंने 2021 में रिक्रूटमेंट के लिए आवेदन किया, परंतु उन्हें आज तक रिक्रूटमेंट लेटर नहीं मिला, ऐसे युवाओं की संख्या डेढ़ से दो लाख है। ये लोग जब जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने गए तो इन्हें धमकी दी गई। सरकार ने हर कदम पर वादाखिलाफी की है। जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक वैचारिक यात्रा है। इसमें पांच न्याय प्रमुख हैं किसान न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय एवं हिस्सेदारी न्याय। इनमें दो न्याय के लिए गारंटी दी जा चुकी है। पहले किसान न्याय जिसके तहत एमएसपी की लीगल गारंटी के लिए कानून हम लाएंगे तथा डॉक्टर स्वामीनाथन का फार्मूला लागू करेंगे। दूसरा, हिस्सेदारी न्याय को हासिल करने के लिए हम जाति जनगणना करेंगे, 2021 में जातिगत जनगणना होनी थी, परंतु नहीं हुई। इस मौके पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह भी मौजूद थे। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकारों को राहुल गांधी की यात्रा का ब्यौरा दिया और बताया कि चार मार्च को यह यात्रा शिवपुरी से गुना पहुंचेगी। फिर गुना से छोटी मोटी जगह से होती हुई ब्यावरा पहुंचेगी। पांच मार्च को यह यात्रा शाजापुर, मक्सी, उज्जैन में होगी और रात्रि विश्राम करेगी। यह यात्रा छह मार्च को बड़नगर, बदनावर, रतलाम, सैलाना पहुंचेगी और रोड शो होगा। फिर यह यात्रा राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी।

पटवारी ने राहुल गांधी की यात्रा का ब्यौरा दिया तो उसके बाद दिग्विजय सिंह ने कहा कि जो कार्यक्रम बताया गया हैं उसमें गुना से ब्यावरा के बीच छोटी मोटी जगह में राघोगढ़ भी आती है, जहां राहुल गांधी की पब्लिक मीटिंग होगी, वहां आप सभी आमंत्रित हैं। राघोगढ़ से दिग्विजय सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह विधायक हैं और यह स्थान दिग्विजय परिवार की रियासत के तौर पर पहचाना जाता है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक वैचारिक यात्रा



**ग्वालियर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को वैचारिक यात्रा बताया है। यह यात्रा इन दिनों मध्य प्रदेश से गुजर रही है। इस यात्रा को लेकर ग्वालियर में चर्चा करते हुए रमेश ने कहा कि राहुल गांधी विपक्ष की एक विशाल रैली में शामिल होने के लिए पटना गए हैं, इस कारण रविवार दोपहर की यात्रा नहीं हुई। इससे पहले गांधी ने रविवार सुबह पूर्व सैनिक एवं अग्निवीरों से 40 मिनट तक बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी।

# चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ के बंगाल आने की संभावना

**कोलकाता,** 3 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग (ईसीआई) की पूर्ण पीठ आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पूरे पश्चिम बंगाल में कानून और स्थिति का आकलन करने तथा जिला प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए यहां पहुंचने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईसीआई की पूर्ण पीठ अगले दो दिनों में विभिन्न राजनीतिक दलों से भी मुलाकात करेगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय पूर्ण पीठ के उत्तरी कूच बिहार से दक्षिणी सुंदरबन तक बंगाल की 42 संसदीय सीटों में समग्र राजनीतिक स्थिति तथा चुनाव तैयारियों की निगरानी के लिए बंगाल का दौरा निर्धारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चुनाव आयुक्त अरुण गोयल और उप चुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नितेश व्यास आज पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) आरिज आफताब और राज्य के नोडल अधिकारी आनंद कुमार के साथ बैठक कर सकते हैं। ईसीआई की पूर्ण पीठ सोमवार को आठ अलग-अलग राजनीतिक दलों से मुलाकात करने वाली है, जिसमें सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, आरएसपी और फॉरवर्ड ब्लॉक जैसे वाम मोर्चा घटक और अन्य संगठन शामिल हैं।

# जम्मू-कश्मीर में 2027 तक स्थापित होंगे दो हजार स्टार्ट-अप

**जम्मू,** 3 मार्च (एजेंसियां)। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि नई जम्मू-कश्मीर स्टार्ट-अप नीति-2024-27 अन्वेषकों को पेटेंट से संबंधित सहायता प्रदान करेगी। साथ ही मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप को सलाह के लिए वित्तीय सहायता, उद्योग और आंतरिक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए विभाग पंजीकरण और अतिरिक्त आवश्यकता की सुविधा भी प्रदान करेगी। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 2027 तक केंद्र शासित प्रदेश में दो हजार स्टार्ट-अप स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक नई स्टार्ट-अप नीति को लॉन्च करते हुए ये बातें कहीं। 22 फरवरी को उपराज्यपाल की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक परिषद ने 2018 में अधिसूचित स्टार्ट-अप नीति के स्थान पर नई स्टार्ट-अप नीति को मंजूरी दे दी। नई नीति छात्रों, महिलाओं को उद्यमिता सुविधाएं प्रदान करने और स्टार्ट-अप स्थापित करने के लिए सरकारी, निजी और उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों के माध्यम से उद्यमियों को सहायता प्रदान करने का प्रावधान करेगी। नई नीति के लॉन्च को स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स के लिए एक बड़ी छलांग करार दिया है। एलजी ने कहा कि इसे 2027 तक केंद्र शासित प्रदेश में 2,000 स्टार्ट-अप स्थापित करने के लिए मसौदा तैयार किया गया है, जो प्रशासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। नई स्टार्ट-अप नीति का




**उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई स्टार्ट अप नीति का किया शुभारंभ**

लक्ष्य 250 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष स्थापित करना है, जिसमें जम्मू-कश्मीर प्रशासन से 25 करोड़ रुपये का प्रारंभिक निवेश शामिल है। सिन्हा ने कहा कि यह नए इनक्यूबेशन केंद्रों की स्थापना और सशक्तिकरण करेगा, नवोन्वेषी उत्पादों के प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए जेएंडके एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के माध्यम से सीड फंडिंग और महिला उद्यमियों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करेगा। एलजी सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में एक गतिशील आर्थिक माहौल बनाने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया जहां व्यापार बढ़ सके, निवेश समृद्ध हो सके और उद्यमी अपनी आकांक्षाओं को साकार कर सकें।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में भूस्खलन में चार की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के बाद हुये भूस्खलन में दो महीने के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हो गए हैं। यहां पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भूस्खलन के कारण मिट्टी के घर ढह जाने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की सोते समय मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि खराब मौसम की स्थिति के कारण, चसाना बेल्ट के सुदूर गांव कुंदरधन मोरहा बैंड में मोहम्मद फरीद का मिट्टी का घर ढह गया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद फरीद की पत्नी फल्ला अख्तर और बेटियों नसीमा अख्तर (पांच), सफीन कौसर (तीन) और समरीन कौसर (दो माह) की मौके पर ही मौत हो गई। एक और घर ढहने की घटना में 60 वर्षीय कालू और उसकी पत्नी बानो बेगम घायल हो गए। पुलिस एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंची और घायलों का बचाव और पुनर्वास शुरू किया।

### ओडिशा में वन्यजीव तस्करी मामले में तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), हैदराबाद जोनल यूनिट ने रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 351 प्रतिबंधित कछुए बरामद किए। विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई अधिकारियों ने मंगुली टोल प्लाजा, कटक (ओडिशा) के पास पश्चिम बंगाल से यात्रा कर रहे तीन यात्रियों को रोककर उनसे पूछताछ की। उसी दौरान, उनके पास से 351 कछुए (पंगशुरा टेंटोरिया) को जब्त किया, जो वे पश्चिम बंगाल से कर्नाटक ले जा रहे थे। कछुए को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम ओडिशा राज्य वन अधिकारियों को सौंप दिया गया। तीनों व्यक्तियों को उनके वाहन सहित हिरासत में लिया गया और उनके खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत जांच शुरू कर दी गयी है।

### तमिलनाडु में आंध्र के चार छात्रों के समुद्र में डूबने की आशंका

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आंध्र प्रदेश के दो कॉलेजों के पांच छात्र समुद्र में नहाते समय पानी में डूब गए है। इनमें से एक छात्र का शव बहकर किनारे आ गया और अन्य चार के डूबने की आशंका है। छात्र यहां से लगभग 55 किलोमीटर दूर मामल्लपुरम के विरासत स्थल के दौरे पर थे। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम को हुई और पांच छात्रों में से एक का शव किनारे पर बहकर आने के बाद लापता छात्रों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आगे कहा कि चार लापता छात्रों के मामल्लपुरम में बंगाल की खाड़ी में डूबने की आशंका है।

# तमिलनाडु में 43 हजार स्थानों पर पल्स पोलियो टीकाकरण शिविर

**चेन्नई,** 3 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु में 43 हजार स्थानों पर रविवार को पल्स पोलियो टीकाकरण शिविर शुरू हो गए। तमिलनाडु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि पांच साल से कम उम्र के 57,84,000 बच्चे हैं जिन्हें पोलियो का टीका दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जिन बच्चों को रविवार को टीका नहीं लगाया जा सकेगा, उन्हें सोमवार को टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण कार्यक्रम के लिए बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, चेकपोस्टों और टोल प्लाजा सहित सार्वजनिक स्थानों पर ट्रांजिट बूथ स्थापित किए गए हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं निवारक चिकित्सा निदेशालय कार्यक्रम का समन्वय कर रहा है। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि तमिलनाडु एक पोलियो मुक्त राज्य है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि पांच साल से कम उम्र के सभी बच्चों को पोलियो का टीका दिया जाए। मंत्री ने यह भी कहा कि टीकाकरण गतिविधियों में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों के लगभग दो लाख लोग शामिल हैं। मंत्री ने कहा, लोकप्रिय फिल्म और टेलीविजन सितारों वाले विज्ञापन जारी करके इस बीमारी के खिलाफ सक्रिय जागरूकता अभियान से जागरूकता बढ़ी है और अब ज्यादा माता-पिता अपने बच्चों के टीकाकरण के लिए आ रहे हैं।

**■ 57 लाख से अधिक बच्चों को लगाया जाएगा टीका**



## महाराष्ट्र में चुनावी वर्ष में राजनीति के केंद्र में हैं मराठा

# शिवाजी की प्रतिष्ठा का लाभ उठाना चाहते हैं सभी दल

**रायगढ़/महाराष्ट्र,** 3 मार्च (एजेंसियां)। आम तौर पर राज्य की राजनीति के केंद्र में रहने वाले, महाराष्ट्र के प्रमुख ऐतिहासिक प्रतीक छत्रपति शिवाजी भोसले महाराज 2024 में फिर से दो कारणों से सुर्खियों में हैं। सबसे पहले, 2024 के आसन्न लोकसभा चुनाव के कारण व उसके बाद 6 जून को प्रसिद्ध मराठा शासक के राज्याभिषेक (6 जून, 1674) की 350वीं वर्षगांठ उनकी विस्मयकारी राजधानी, पहाड़ी की चोटी पर स्थित रायगढ़ किले में भव्य तरीके से मनाए जाने को लेकर।

महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (एमएसबीसीसी) की नवीनतम (फरवरी 2024) रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की राजनीति काफी हद तक मराठा समुदाय के इर्द-गिर्द घूमती रही है, जो राज्य की 13 करोड़ आबादी का कम से कम 28 प्रतिशत है और राज्य की 288 में से लगभग 150 से अधिक विधानसभा सीटों या 48 में से 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। लगभग 10 साल पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायगढ़ किले का दौरा किया था, और दिसंबर 2023 में उन्होंने सिंधुदुर्ग जिले के पास अरब सागर में स्थित छत्रपति शिवाजी द्वारा निर्मित सिंधुदुर्ग किले की यात्रा की। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मराठा समुदाय को कई तरीकों से लुभाया गया है। प्रमुख मराठा नेता, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने पिछले दिनों 40 वर्षों के बाद रायगढ़ किले की रोप-कार पर चढ़ने के लिए पहली बार 'पालखी' लेने का फैसला किया था। 83 वर्षीय पवार, छत्रपति की प्रतिमा के सामने बड़ी धूमधाम से अपनी पार्टी के नए प्रतीक को लॉन्च करने के लिए किले में गए। वे उनकी गुरिल्ला सेना, नौसैनिक रणनीतियों और कौशल, उनके द्वारा बनाए गए अनेक स्मारकों, विशेष रूप से उस युग में बनाए गए भव्य पहाड़ी और समुद्री किले और कई अन्य उत्कृष्ट गुणों की प्रशंसा करते हैं। हालांकि छत्रपति शिवाजी महाराज (फरवरी 1630-अप्रैल 1680) की मृत्यु 344 साल पहले हुई थी, लेकिन उनकी उपस्थिति राज्य में और यहां तक कि राष्ट्रीय राजनीति में अब भी महसूस की जाती है। गर्व से खुद को महाराष्ट्र के गौरवशाली इतिहास का छात्र बताने वाले 63 वर्षीय मराठा शिवाजीराव काटकर ने कहा, छत्रपति एक न्यायप्रिय शासक थे।



**■ काफी हद तक मराठा समुदाय के इर्द-गिर्द घूमती रही है महाराष्ट्र की राजनीति**

### राज्य के 18 मुख्यमंत्रियों में से 10 मराठा रहे

गौरतलब है कि राज्य के 18 मुख्यमंत्रियों में से 10 मराठा रहे हैं, जिनमें वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी शामिल हैं, इस समुदाय को शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। आरक्षण आंदोलन के पिछले कुछ वर्षों में, सरकार बेहद संयमित रही, आखिरकार 10 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए झुक गई, और अब उसे इसका राजनीतिक लाभ मिलने की उम्मीद है। दरअसल, हर राजनीतिक कार्यक्रम या भाषण में छत्रपति का नाम गर्व से लिया जाता है, उनकी तस्वीरों/प्रतिमाओं पर मालाएं चढ़ाई जाती हैं, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्ति भी हिंदवी स्वराज में उनके योगदान को स्वीकार करने से नहीं चूकते।

# टीएसईसीएल में भ्रष्टाचार की हो निष्पक्ष जांच

**अगरतला,** 3 मार्च (एजेंसियां)। त्रिपुरा में विपक्षी कांग्रेस ने रविवार को त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (टीएसईसीएल) में

**■ निगम में पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार के कई मामले हैं दर्ज**

भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग की। निगम में पिछले पांच वर्षों में भारी मात्रा में कर्ज और भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज हैं। त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने से पहले टीएसईसीएल एक लाभ कमाने वाली राज्य की सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) थी। महाराष्ट्र से टीएसईसीएल के प्रबंध निदेशक एम.एस. केले की नियुक्ति के तुरंत बाद, निगम भ्रष्टाचार के अड्डे में बदल गया। साहा ने आरोप लगाते हुए कहा, तत्कालीन सरकार के इशारे पर, केले ने ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से करोड़ों रुपए लूटे। टीएसईसीएल ने कई मौकों पर काम शुरू होने से पहले निविदा मूल्य का 50 प्रतिशत से अधिक का भुगतान किया और कुछ मामलों में, ठेकेदारों ने निविदा को अंतिम रूप देने के लिए टीएसईसीएल अधिकारियों के साथ यात्रा की तथा कुछ मामलों में, बिना कोई काम किए ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया। उन्होंने बताया कि टीएसईसीएल के 332 करोड़ रुपये के कॉर्पस फंड में एमएस केले के नेतृत्व में भाजपा नेताओं और अधिकारियों के एक समूह ने हेराफेरी की थी और कहा, उन दिनों हम भाजपा में थे और व्यक्तिगत रूप से तत्कालीन मुख्यमंत्री और बिजली मंत्री से भ्रष्ट गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया और उन दिनों के दौरान स्थानीय ठेकेदारों को कोई काम नहीं दिया गया, बल्कि कड़ी शर्तों के साथ उन्हें काम देने की संभावनाएं क्षीण कर दी।

साहा ने कहा कि त्रिपुरा कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को टीएसईसीएल के प्रबंध निदेशक देबाशीष सरकार को एक ज्ञापन दिया, जिसमें भ्रष्टाचार की जांच और सेवाओं में सुधार की मांग की गई।



**तत्कालीन सरकार के इशारे पर ठेकेदारों से करोड़ों लूटे : आशीष कुमार साहा**

### टीएसईसीएल पर 518.49 करोड़ का कर्ज बोझ

ज्ञापन में कहा गया है कि मार्च 2018 तक, टीएसईसीएल राज्य में एक लाभदायक क्षेत्र था, जिसकी हिस्सेदारी में 332.52 करोड़ रुपये की सकल पूंजी थी और अब लाभ के बजाय, टीएसईसीएल पर लगभग 518.49 करोड़ रुपये का कर्ज बोझ है। उन्होंने कहा कि राज्य के ऊर्जा मंत्री रतन लाल नाथ विभाग को संभालने में विफल रहे हैं और धीरे-धीरे भ्रष्टाचार में डूबते जा रहे हैं। ज्ञापन में मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच की मांग की गई है और मांगें न मानने पर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी गई है।

# कलकत्ता हाईकोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय देंगे इस्तीफा

**कोलकाता,** 3 मार्च (एजेंसियां)। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय राज्य में स्कूल भर्ती घोटाले जैसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई से जुड़े थे। उन्होंने रविवार को एक स्थानीय चैनल को दिए साक्षात्कार में बताया कि वह मंगलवार को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज देंगे। न्यायमूर्ति ने बताया कि उन्होंने गतिविधियों के बड़े परिदृश्य में कदम रखने का फैसला किया है। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि अगर मैं किसी राजनीतिक दल में शामिल होता हूं और वे मुझे नामांकित करते हैं, तो मैं निश्चित रूप से उस फैसले पर विचार करूंगा। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय अगस्त 2024 में न्यायिक सेवाओं से सेवानिवृत्त होने वाले थे। वह वर्तमान में श्रम मामलों और औद्योगिक संबंधों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। अपने फैसले की घोषणा करते हुए उन्होंने कथित भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि राज्य बेहद बुरे दौर से गुजर रहा है। यहां चोरी और लूट का राज चल रहा है। एक बंगाली होने के नाते मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता। मुझे नहीं लगता कि राज्य के वर्तमान शासक लोगों के लिए कोई अच्छा काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ व्यवस्था द्वारा उन्हें दी गई चुनौती ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस चुनौती के लिए सत्तारूढ़ दल को धन्यवाद देना चाहता हूं।



**■ राजनीति में आने के दिए संकेत**

**सौगात** *प्रधानमंत्री मोदी का तेलंगाना दौरा आज*

# 62 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की देंगे सौगात

**हैदराबाद, 3 मार्च (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 और 5 मार्च को तेलंगाना दौरे पर होंगे जहां वह 62 हजार करोड़ रुपए से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री आदिलाबाद और संगारेड्डी जिलों में बिजली, रेल तथा सड़क क्षेत्र से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे।**

आदिलाबाद में एक सार्वजनिक बैठक में 56 हजार करोड़ रुपए की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लॉन्च की जाएंगी। वहीं, संगारेड्डी में लॉन्च की जाने वाली परियोजनाएं 6,800 करोड़ रुपए की हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आदिलाबाद में शुरू की जाने वाली परियोजनाओं का मुख्य फोकस बिजली क्षेत्र पर होगा। वह तेलंगाना के पेद्दापल्ली में एनटीपीसी की 800 मेगावाट की तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना (यूनिट-2) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित, यह परियोजना तेलंगाना को 85 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति करेगी। इसकी बिजली उत्पादन दक्षता लगभग 42 प्रतिशत होगी जो एनटीपीसी के सभी बिजली स्टेशनों में सबसे ज्यादा है। इसका शिलान्यास भी प्रधानमंत्री ने ही किया था।

पीएम नव विद्युतीकृत अंबारी-आदिलाबाद-पिंपलखुटी रेल लाइन भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह एनएच-353बी और एनएच-163 के माध्यम से तेलंगाना को क्रमशः महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाली दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री 5 मार्च को हैदराबाद में नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन (सीएआरओ) केंद्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे। कुल 350 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित यह केंद्र नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को उन्नत करने तथा बढ़ाने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर स्थापित किया गया है। इसकी परिकल्पना स्वदेशी और नवीन समाधान प्रदान करने के लिए घरेलू तथा सहयोगी अनुसंधान के माध्यम से विमानन समुदाय के लिए एक वैश्विक अनुसंधान मंच प्रदान करने की है। इसके बाद पीएम संगारेड्डी के लिए रवाना होंगे, जहां वह 6,800 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में सड़क, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे कई प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें एनएच-161 के 40 किमी लंबे कंडी से रामसनपल्ले खंड को चार लेन का बनाना शामिल है।

यह परियोजना इंदौर-हैदराबाद आर्थिक गलियारे का हिस्सा है और यह तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के बीच निर्बाध यात्री एवं माल ढुलाई की सुविधा प्रदान करेगी।



**■ आदिलाबाद में मुख्य फोकस बिजली क्षेत्र पर**

# एलजी ने दी अंतर विभागीय भूमि आवंटन के मसौदे को मंजूरी

## होगी एक समान नीति, नहीं अटकेगी कोई परियोजना



**नई दिल्ली**,3 मार्च(देशबन्धु)। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अधीनस्थ विभागों, स्वायत्त निकाय, बोर्ड सहित अन्य में भूमि के अंतर-विभागीय आवंटन के लिए मसौदे को मंजूरी दे दी। इसके तहत अब सभी जगह पर एक समान नीति होगी। अभी तक सरकारी भूमि के अंतर-विभागीय आवंटन से निपटने के लिए कोई समान नीति नहीं थी। इसके कारण महत्वपूर्ण परियोजनाएं सालों तक अटके रहते हैं। इससे जुड़ी फाइल विभागों के बीच ही घूमती रहती थीं। उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ यह नीति तैयार की गई है जो तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### प्रकृति के आधार पर तय होगी दर

भूमि के आवंटन की प्रकृति के आधार पर दर तय की जाएगी। यदि आवंटन सार्वजनिक उपयोगिता के लिए है तो यह निशुल्क होगा। बशर्ते आवंटन एजेंसी को संबंधित भूमि निशुल्क मिली हो। ऐसे मामलों में जहां एजेंसी को कुछ लागत पर, यानी अधिग्रहण के माध्यम से, भूमि मिली है, इसके आवंटन के लिए यह दर, बिना लाभ-बिना हानि के आधार पर तय होगी।

जहां भूमि को व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भूमि स्वामित्व विभाग द्वारा दूसरे को आवंटित किया जाएगा। वहां पर आवंटन के लिए डीडीए के जोनल की भिन्न दरें लागू होंगी।

### सात सदस्य समिति ने दिए इनपुट

अतिरिक्त मुख्य सचिव (जीएडी) की अध्यक्षता वाली 7 सदस्यीय समिति ने कई दिनों के विचार-विमर्श के बाद यह नीति तैयार की है। समिति ने विभिन्न विभागों से प्राप्त सुझावों और इनपुट के आधार पर इस पर विचार-विमर्श किया था। इसमें भूमि एवं भवन विभाग, नीति के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग होगा। भूमि स्वामित्व एजेंसी और आवंटन एजेंसी, आवंटन की प्रकृति पर पारस्परिक रूप से निर्णय लेंगी, चाहे आवंटन लीज होल्ड पर हो या फ्री होल्ड आदि के आधार पर होगा। इसमें भूमि आवंटन रद्द करने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

### समिति करेगी लागत की जांच

प्रधान सचिव (राजस्व) की अध्यक्षता में एक समिति बनेगी। इसमें भूमि अधिग्रहण एजेंसी, भूमि स्वामित्व वाली एजेंसी और संबंधित जिला मजिस्ट्रेट इसके सदस्य के रूप में शामिल होंगे। भूमि आवंटन के अनुरोध के साथ साथ मानदंडों के आधार पर विकास, उपयोगिता और परियोजना की लागत आदि की जांच करेंगे। समिति को विचार और अंतिम निर्णय के लिए, मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करनी होंगी।

## मार्केट एक्सेल ने वार्षिक ब्रांड रैंकिंग रिपोर्ट जारी की

**नई दिल्ली**,3 मार्च(देशबन्धु)। अग्रणी मार्केट रिसर्च और इनसाइट्स कंपनी, मार्केट एक्सेल ने ब्रांड एक्सेल 2024 कॉन्क्लेव में अपनी तीसरी वार्षिक ब्रांड रैंकिंग रिपोर्ट जारी की। यह आयोजन ब्रांडिंग और मार्केटिंग उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण सीमाचिह्नरुप साबित हुआ, जिसका विषय माइंड मैपिंग दी ग्रेट इंडियन कंज्यूमर था। इस रिसर्च में बाइफोकल पद्धति का उपयोग किया गया, जिसमें जेन जेड, मिलेनियल्स, जेन एक्स और बेबी बूमर्स सहित पूरे भारत में 32,000 व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया गया। इसका उद्देश्य 3 स्तंभों के आधार पर आधुनिक भारतीय उपभोक्ता की जटिलताओं को उजागर करना था। सबसे पहले, इसने भारत 1, भारत 2 और भारत 3 क्षेत्रों के भीतर भारत की 'सजातीय विविधता' की जांच की, और इसकी विविध आबादी के भीतर सूक्ष्म उपभोक्ता व्यवहार को समझने के महत्व पर जोर दिया। रिपोर्ट पर प्रकाश डालते हुए मार्केट एक्सेल के सीईओ विशाल ओबेरॉय ने कहा कि हमारा रिसर्च नवीन श्रेणियों की शुरूआत और अभूतपूर्व स्टार्टअप के उद्भव के साथ नवनीकरण ओर एक बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डालता है, जो नई पहचानी गई उपभोक्ता चुनौतियों की प्रतिक्रिया को दर्शाता है, जो व्यक्तिगत स्तर पर प्रतिध्वनित होने वाले समाधान पेश करता है। यह बदलाव अनिवार्य करता है कि ब्रांड उपभोक्ता आकांक्षाओं के साथ निरंतर संवाद में शामिल होकर न केवल अनुकूलन करें बल्कि पूर्वानुमान भी लगाएं।

# पूर्व केन्द्रीय डॉ. हर्षवर्धन ने किया राजनीति से संन्यास का ऐलान



ईएनटी क्लीनिक मेरी वापसी का कर रहा इंतजार : हर्षवर्धन

■ कार्यकर्ताओं, प्रशंसकों के साथ पार्टी के नेताओं को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली**,3 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में भाजपा की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची में चांदनी चौक से उनके स्थान पर प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की वापसी की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि उन्हें उनके साथ काम करने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, प्रशंसकों और आम नागरिकों के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को धन्यवाद दिया।

उन्होंने अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लीनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे तंबाकू और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ, जलवायु परिवर्तन और सरल व टिकाऊ जीवन शैली सिखाने के लिए काम करेंगे। अपने तीस साल से अधिक के करियर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन तीस सालों में पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े और अनुकरणीय अंतर से जीते और पार्टी संगठन तथा राज्य और केंद्र की सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर काम किया। उन्होंने कहा कि संघ के कहने पर वे राजनीति में आए थे। वे (संघ) मुझे केवल इसलिए मना सके क्योंकि मेरे लिए राजनीति का मतलब गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ने का अवसर था।

### लोगों के दिलों में पीएम मोदी : मनोज तिवारी



**नई दिल्ली**। भाजपा ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली की लोकसभा सीट से मनोज तिवारी फिर से उम्मीदवार बनाया है। मनोज तिवारी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस देश के लोगों के दिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उनकी हैट्रिक को लेकर किसी को कोई संदेह नहीं है। मुझ पर भरोसा करने के लिए मैं पार्टी को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस बार हमें वोट शेयर बढ़ाना है। बीजेपी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी को दक्षिणी दिल्ली से, प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक से मैदान में उतारा है। पांच उम्मीदवारों में से मनोज तिवारी एकमात्र मौजूदा सांसद हैं।

## सार संक्षेप

### विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**नई दिल्ली**। राजधानी के आनंद विहार स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल वीपीएस में नौनिहालों के लिए रविवार को खास दिन था, जहां बच्चों ने होली थीम पर आयोजित 'रिगालिया' में कलरिंग और ड्राइंग कंप्टीशन में भाग लिया। इस अतंर स्कूल प्रतियोगिता में नन्हें कलाकारों ने अपने सपनों को आकार देते हुए बनाए चित्रों में सुनहरे रंग भरे। इस अवसर पर स्कूल की कार्यकारी प्रिसिंपल नैंसी खन्ना ने कहा, बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के लिए पेटिंग्स एक सशक्त माध्यम है। कैनवास या ड्राइंग सीट पर चित्रों में भरे जाने वाले ये रंग बच्चों की भावना की खूबसूरत अभिव्यक्ति है। इस इंटर स्कूल कंप्टीशन में बड़ी संख्या में दूसरे स्कूल के प्रतियोगी बच्चों व उनके अभिभावकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 2 साल तक के बच्चों का बेबी शो, कलरिंग और ड्राइंग कंप्टशीन के साथ मैजिक शो और कार्टून कैरेक्टर आदि रहा। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षकों व स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**नई दिल्ली**। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में मोटरसाइकिल के डिवाइडर से टकराने से एक व्यक्ति और उसकी मां की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान फरीदाबाद निवासी राहुल और उसकी मां शांति देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि को गेट नंबर 4 आईपी पार्क सराय काले खां पर एक दुर्घटना के बारे में सनलाइट कॉलोनी पुलिस स्टेशन को सूचना मिली थी, जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। वहां एक बुलेट मोटरसाइकिल मिली और दोनों घायलों को एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पता चला कि दोनों फरीदाबाद स्थित अपने घर से आईटीओ की ओर जा रहे थे।

### अपने ही घर पर मिला सब-इंस्पेक्टर का शव

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर का शव पूर्वी दिल्ली में उनके घर के अंदर पाया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उन्होंने अपने सर्विस पिस्टल से आत्महत्या की है। मृतक की पहचान के. गणेश के रूप में हुई है, जो हैदराबाद के निवासी थे और वह मधु विहार पुलिस स्टेशन में तैनात थे। पुलिस ने कहा कि उन्हें रात करीब 2 बजे गणेश के परिवार से उनकी मौत के बारे में सूचना मिली। 2019 बैच के पासआउट गणेश के फोन पर संपर्क नहीं होने की सूचना दी गई, जिससे संभावित दुर्घटना का संदेह पैदा हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तुरंत, स्थानीय पुलिस गणेश के फ्लैट पर पहुंची, जो बंद था। पहली मंजिल के फ्लैट की बालकनी में पहुंचने पर, पुलिस ने खिड़की से गणेश का शव देखा। उनकी गोद में सर्विस पिस्तौल थी। अधिकारी ने कहा कि मोबाइल क्राइम और फोरेंसिक टीमों को घटनास्थल पर बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया लगता है कि गणेश ने पिस्टल का इस्तेमाल कर आत्महत्या कर ली है।

### कार दुर्घटना में तीन की मौत

**नई दिल्ली**। दिल्ली में एक कार के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पूर्व दिल्ली में कार डिवाइडर से टकराई, विपरीत कैरेजवे पर गई और एक ट्रक से टकरा गई। कार में सवार सात लोग फरीदाबाद में एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

# पत्नी के जाने पर पति ने साले का किया अपहरण



■ कसार अली की बेटी से हुई थी समीर की शादी

**नई दिल्ली**, 3 मार्च(एजेंसियां)। कापसहेड़ा थाना पुलिस ने साले का अपहरण कर फिरौती मांग रहे जीजा को गिरफ्तार किया है।आरोपित की पहचान खजूरी खास के समीर उर्फ मुनीश के रूप में हुई है। वह दूसरी कक्षा तक पढ़ा है और रिक्शा चलाने का काम करता है। करीब एक महीने पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। उसे लगता था कि उसका ससुर उसकी पत्नी की दूसरी शादी करवाने वाला है।

इसी वजह से उसने साले का अपहरण किया। दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि कापसहेड़ा थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि 11 वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया गया है। शिकायतकर्ता तब्बसुन खातून ने बताया था कि उनका बेटा उनके पति कसार अली को दुकान पर पानी देने गया था, लेकिन वापस नहीं आया।

पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। कसार अली ने बताया कि उन्हें उनका दामाद समीर फिरौती के लिए कॉल कर रहा है। फिरौती न देने पर वह बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहा है और पत्नी व बेटी को वापस करने का दबाव भी बना रहा है। उसे लगता है कि उसकी पत्नी की शादी किसी और से हो गई है और कसार अली को उसके वर्तमान ठिकाने के बारे में अच्छी तरह पता है।

समीर की शादी चार वर्ष पहले कसार अली की बेटी से हुई थी। इस विवाह से उनकी डेढ़ वर्ष की बेटी है। एक महीने पहले उसकी पत्नी बिना बताए हुए उसे छोड़कर चली गई थी। समीर उसकी मांगों को पूरा न होने पर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपित को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। टीम में एसआइ जसबीर मलिक, कमल कांत, विनोद कुमार, सुनील, एएसआई अजीत सिंह, हेड कॉन्स्टेबल बीरेंद्र, आलोक, राजेश आदि शामिल थे। पुलिस ने उस मोबाइल नंबर की डिटेल खंगाली, जिस नंबर से धमकी दी जा रही थी। उस के आधार पर दिल्ली-एनसीआर के विजय घाट, दरियागंज, सीलमपुर, गांधी नगर, खजूरी, कोटला मुबारकपुर आदि में छापेमारी की गई।



■ नई दिल्ली जूलॉजिकल पार्क में सफेद बाघ विश्व वन्य जीव दिवस पर पानी पीते बाघ।
फोटो इम्तियाज।

# सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर कसा तंज




■ बांसुरी स्वराज को टिकट देना परिवारवाद का उदाहरण

**नई दिल्ली**,3 मार्च(देशबन्धु)। बीजेपी ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 195 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें दिल्ली के सात लोकसभा सीटों में से पांच प्रत्याशियों का एलान किया है। इस पर आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी ने दिल्ली में पार्टी के चार बड़े नामों को टिकट नहीं दिया है। चाहे वह रमेश बिधूड़ी हों, प्रवेश वर्मा हों, मीनाक्षी लेखी हों या गौतम गंभीर हों। इससे साबित होता है कि बीजेपी ने इस बात को स्वीकार कर लिया है कि बीजेपी सांसद जमीन पर काम नहीं किया है और लोगों को पता नहीं है। जब भी लोगों को केंद्र सरकार की जरूरत पड़ी, उनके सांसद वहां नहीं थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को नई दिल्ली लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किए जाने पर सौरभ भारद्वाज ने कहा भाजपा परिवारवाद के ऊपर बड़ी-बड़ी बातें कहती है लेकिन आज सुषमा स्वराज जी की बेटी को अगर टिकट दिया जा रहा है तो यह परिवारवाद का जीता-जागता उदाहरण है। सुषणा स्वराज जी आज यहां नहीं हैं, उनके लिए हमारे मन में सम्मान है, लेकिन यही सम्मान जब दूसरी राजनीतिक पार्टी के जो लोग नहीं हैं उनके बच्चों को दिया जाता है तो वह भाजपा में नहीं दिखता है।

# सहयोग अर्बन थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी की शुरुआत




**नई दिल्ली**,3 मार्च (देशबन्धु)। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सहयोग अर्बन थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड का उद्घाटन मिल्ली मॉडल स्कूल,अबुल फज़ल , नई दिल्ली के परिसर में किया गया। जिसमें कई हस्तियों ने अपने विचार व्यक्त किये।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि जिस तरह से माइक्रोफाइनेंस और शिक्षा को लेकर दक्षिण भारत में काम हुआ है। इसी तरह हमारी सरकार के दौरान उत्तर भारत में भी माइक्रो फाइनेंस और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने का यही पैटर्न अपनाने का प्रयास किया गया। लेकिन कुछ लापरवाही के कारण ऐसा नहीं हो सका। लेकिन अब सहयोग थ्रिफ्ट सोसाइटी के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेकर इस लंबे समय से चली आ रही इच्छा को पूरा होते देख मुझे खुशी हो रही है। साहियुग अर्बन थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के अध्यक्ष शम्स उज़् ज़ुहा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि मैंने जामिया मिलिया इस्लामिया में शिक्षा प्राप्त की है और तीन दशकों से अधिक समय से इस क्षेत्र में रह रहा हूं, क्षेत्र के गरीब वर्गों के कल्याण के उद्देश्य के तहत इस थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसायटी की स्थापना का विचार मेरे मन में आया।

इस दौरान सोसायटी के उपाध्यक्ष इंजीनियर अब्दुल मनान ने थ्रिफ्ट सोसायटी के दृष्टिकोण को समझाते हुए कहा कि हर दिन हम निम्न आय वर्ग के लोगों के संघर्ष को देख रहे थे जो सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता जैसे छोटे व्यवसाय करते हैं। , किराना दुकान संचालक, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन आदि लोग हैं। हमारे आसपास वे अपनी घरेलू जरूरतों या अपनी व्यावसायिक जरूरतों के लिए वित्त तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं।

उद्घाटन समारोह में सोलाहाट के सीईओ उसामा खान ने कहा कि हमारे संगठन सोलाहाट माइक्रोफाइनेंस सोसाइटी की वर्तमान में 111 शाखाएं हैं।

## फुटपाथ पर बोरे में मिला क्षत-विक्षत शव




**नई दिल्ली**,3 मार्च(एजेंसियां)। पश्चिमी दिल्ली में शनिवार को बोरे के अंदर एक क्षत-विक्षत शव मिला। पुलिस ने कहा कि इस हत्याकांड की जांच के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। पश्चिमी दिल्ली के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि शनिवार दोपहर 2:45 बजे पंजाबी बाग थाने को सूचना मिली कि रोहतक रोड पर फुटपाथ पर एक लावारिस बोरा पड़ा है। सूचना पाकर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंची। पुलिस ने बोरे को खोला तो उसमें एक अज्ञात व्यक्ति का अत्यधिक क्षत-विक्षत शव मिला। डीसीपी ने आगे कहा कि %मोबाइल क्राइम टीम के निरीक्षण के बाद शव को अस्पताल भेज दिया गया। पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। इसके लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

**कार्यक्रम** *दधीचि देह दान समिति ने 53वां 'देहदानियों का उत्सव' आयोजित*

# 31 देह-अंग दानियों के परिवारों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,3 मार्च(देशबन्धु)। सामाजिक संस्थान दधीचि देह दान समिति पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र द्वारा 53वां देहदानियों का उत्सव आर्मी मेडिकल कॉलेज, दिल्ली कैण्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व समिति के संरक्षक आलोक कुमार, समिति के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और समिति के महामंत्री कमल खुराना उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 404 से अधिक संकल्प पत्र भरे गए।**

डॉ शैफाली मदान रुस्तगी, प्रोफेसर एनाटोमी आर्मी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस ने पीपीटी द्वारा अत्यंत ही सहज और सरल तरीके से विषय को रखा। आचार्य त्रिपुरारी ने धार्मिक पक्ष को रखा व विशिष्ट अतिथि डॉ शर्मिला डीन का वक्तव्य अत्यंत ही सटीक व रोचक रहा। पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र के संयोजक जगमोहन सलूजा ने सभी आये हुए लोगो का धन्यवाद किया। यह कार्यक्रम अपने जान जागरण के उद्देश्य में पूरी तरह सफल रहा।



अंग दान के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों के बीच इसका प्रचार हो सके : हर्ष मल्होत्रा

इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि देहदान हमेशा सुख और संतोष देता है। उन्होंने कई ऐसी घटनाओं का जिक्र किया जहां अंगदान से कई लोगों की ना सिर्फ जान बचाई गई बल्कि उस परिवार की खुशियां लौटाई गई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के इस अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि अंग ना होने की वजह से किसी के जीवन में दुख ना हो और हमें बढ़चढ़कर अंगदान करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए क्योंकि हम सौभाग्यशाली है कि हम सब मानव कुल में जन्मे हैं। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि अंगदान एक महान दान है और हम सब में इस बात की जागरूकता होनी चाहिए कि अंगदान करना कितना जरूरी है। हम सब कभी ना कभी महसूस कर चुके हैं कि जब परिवार के किसी सदस्य का कोई अंग खराब हो जाए उसके बाद हमें अंगदान का महत्व समझ आता है।

# प्रवेश वर्मा ने दी कमलजीत सहरावत को शुभकामनाएं



प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता की वजह से देश नित नई ऊंचाई को स्पर्श कर रहा : प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली**, 3 मार्च(एजेंसियां) । भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को अपने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में दिल्ली की भी पांच सीटें शामिल हैं। पार्टी ने दिल्ली वेस्ट से वर्तमान सांसद प्रवेश वर्मा का टिकट काटकर उनकी जगह कमलजीत सहरावत को टिकट दिया है। प्रवेश वर्मा ने सहरावत को शुभकामनाएं दी हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में प्रवेश वर्मा ने लिखा, दिल्ली वेस्ट से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने पर कमलजीत सहरावत को शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी फिर से दिल्ली में सातों सीटें जीतेगी और देश में 370 से अधिक सीटें जीतकर पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगी। वर्मा ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता की वजह से देश नित नई ऊंचाई को स्पर्श कर रहा है। उनके नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। देश विकसित होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

शहर की चार मॉडल सड़कों पर निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए शासन स्तर पर लगातार समन्वय बनाए जा रहा है। मेरठ रोड से राजनगर एक्सटेंशन होते हुए मोहन नगर रोड व चौराहे से होते हुए हिंडन एयर फोर्स रोड लगभग 13.5 किलोमीटर एरिया में लगभग 351 करोड़ की लागत से कार्य किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी भी निरीक्षण कर रहे हैं :

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

## चिल्ला एलिवेटेड निर्माण के लिए ब्रिज कॉरपोरेशन ने जारी की आरएफपी

**नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। चिल्ला एलिवेटेड का अधूरा निर्माण फिर फंस गया। चुनाव बाद ही इस प्रक्रिया में तेजी आएगी। हालांकि इसके निर्माण के लिए ब्रिज कारपोरेशन ने दोबारा से आरएफपी जारी की है। इसकी वजह ये है पहली जारी

- **दोनों कंपनियों से नहीं हो सकी बातचीत**
- **चुनाव बाद ही निर्माण हो सकता है शुरू**

की गई आरएफपी में दो कंपनियों से नेगोशिएशन नहीं हो सका। अब दोबारा से पूरी प्रक्रिया की जाएगी। इसके निर्माण से रोजाना करीब पांच लाख वाहन चालकों को जाम से निजात दिलाने के लिए बनाया जाना था। 2008 में इस योजना को बनाया गया। 2019 में परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया। 13 प्रतिशत काम होने के बाद योजना पर काम बंद हो गया। दोबारा निर्माण के लिए ब्रिज कॉरपोरेशन ने इसके लिए आरएफपी निकाली। दो कंपनियां आई लेकिन उनसे नेगोशिएशन नहीं हो सका। अब दोबारा से आरएफपी जारी की गई है। इस योजना को 36 महीने में पूरा करना है। जिसमें कंपनी आने के बाद लो कास्ट कंपनी को चुना गया। दिल्ली को नोएडा एक्सप्रेस वे से एलिवेटेड के जरिए जोड़ने की ये योजना है। जब इस योजना को बनाया गया उस समय वीजन था कि 5 लाख वाहन चालकों को जाम से निजात मिलेगा। ये वाहन चालक रोजाना चिल्ला बार्डर से नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यमुना के क्षेत्र में जाते है। अब यहां वाहनों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन एलिवेटड का निर्माण अब तक नहीं हो सका। अब यहां रोजाना करीब 7 लाख वाहन निकलते है। यानी वाहनों की संख्या तो बढी लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर अब भी फाइलों में ही बन रहा है।

### अब प्रोजेक्ट के बारे में जानते है

- मयूर फ्लाईओवर के करीब चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाईओवर तक 5.96 किमी लंबे चिल्ला एलिवेटेड रोड का निर्माण होना है।
- छह लेन के एलिवेटेड रोड का काम तीन साल में पूरा करना होगा।
- पांच साल तक इसकी रखरखाव करनी होगी।
- इसकी निर्माण लागत 680 करोड़ होगी।
- परियोजना में यूपी शासन और नोएडा प्राधिकरण को 50-50 प्रतिशत धनराशि वहन करनी होगी।
- परियोजना में प्राधिकरण करीब 74 करोड़ रुपए खर्च कर चुका है और इसका 13 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

**नहीं तैयार हुई कंपनी अब दोबारा से करे अप्लाई**

ब्रिज कारपोरेशन की ओर से जारी की गई पहली आरएफपी में 6 कंपनियां आई थी। 4 कंपनियां पहले ही डिस्क्वालीफाई हो गई। वहीं दो कंपनियां सफल रही लेकिन दोनों कंपनियों ने टेंडर में शामिल खर्च 680 करोड़ से अधिक धनराशि की अपनी वित्तीय बिड दी। इसमें पहली कंपनी दिनेश चंद्र अग्रवाल इंफ्राकॉन ने 21.77 फीसद यानी 828 करोड़ और एलएंडटी ने 34.89 फीसद यानी 917.25 करोड़। इन दोनों कंपनियों से नेगोसिएशन किया जा रहा था। लेकिन दोनों ही कंपनियां नहीं मानी। ऐसे में ब्रिज कारपोरेशन को दोबारा से आरएफपी जारी करनी पड़ी।

**सेक्टर-15, 16 और 18 में बनेंगे पांच रैंप**

एलिवेटेड रोड से चढ़ने और उतरने के लिए पांच रैंप बनेंगे। यह रैंप सेक्टर-15, 16 और 18 को जोड़ेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, सेक्टर-15 से चढ़ने के लिए एक रैंप एलिवेटेड रोड पर बनाया जाएगा। सेक्टर-16 में दोनों ओर उतरने के लिए एक-एक रैंप बनेगा। वहीं, सेक्टर-16 में चढ़ने के लिए एक रैंप बनेगा। इसके अलावा सेक्टर-18 में उतरने के लिए एक रैंप बनेगा।

सीएम ग्रिड योजना

## नगर निगम तैयार करेगा 4 मॉडल सड़कें

**गाजियाबाद,** 3 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के अंतर्गत गाजियाबाद में 4 मॉडल सड़कों के निर्माण नगर निगम कराएगा। जिसके लिए नगर निगम ने कवायद शुरू कर दी है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि मोहन नगर जोंन के अंतर्गत हिंडन मेट्रो स्टेशन, राज नगर एक्सटेंशन, एलिवेटेड से हिंडन एयर फोर्स रोड, मोहन नगर चौराहा व रोड पर भव्य रूप से कार्य प्रारंभ होगा। जिसकी तैयारी चल रही है। उक्त मार्गों को सुव्यवस्थित तथा सुसज्जित बनाने के लिए संबंधित अधिकारी भी मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि शहर की चार मॉडल सड़कों पर निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के लिए शासन स्तर पर लगातार समन्वय बनाए जा रहा है। मेरठ रोड से राजनगर एक्सटेंशन होते हुए मोहन नगर रोड व चौराहे से होते हुए हिंडन एयर फोर्स रोड लगभग 13.5 किलोमीटर एरिया में लगभग 351 करोड़ की लागत से कार्य किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी भी निरीक्षण कर रहे हैं। यूरिडा से ए.सी.ई.ओ. ए के जैन, गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एन के चौधरी व अन्य संबंधित टीम ने हिंडन एयर फोर्स का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मैपिंग का कार्य शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त द्वारा चार मॉडल सड़कों की खासियत भी बताई जिसमें बताया गया कि मार्गों को स्मार्ट रोड बनाने की तर्ज पर कार्य किया जाएगा जिसमें, ई बस शेल्टर, ईवी चार्जिंग स्टेशन, अंडरग्राउंड यूटिलिटी का कार्य, ग्रीनरी का कार्य, साईनेज लगाने का कार्य, फुटपाथ एवं साइकिल ट्रैक को भी पूर्णत: व्यवस्थित और सुसज्जित बनाया जाएगा, मार्गों पर लाइट तथा बेंचेज की बेहतर व्यवस्था रहेगी आवागमन में शहरवासियों को उक्त मार्ग आकर्षित भी करेंगे तथा सुखद और सरल भी बनेंगे।



**यूरिडा तथा निगम अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण, शुरू की मैपिंग**

सार संक्षेप

### डाकघरों में गंगाजल मिलना शुरू हुआ

**नोएडा।** महाशिवरात्रि के लिए डाक विभाग ने गंगाजल की बिक्री शुरू कर दी है। इसे डाकघर से खरीदा जा सकता है और घर पर भी मंगवाया जा सकता है। सेक्टर-19 स्थित मुख्य डाकघर में इसके लिए काउंटर खोला गया है। यहां सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक गंगाजल की बिक्री की जाएगी। साथ ही सभी उपडाकघरों में भी यह उपलब्ध होगा। डाक विभाग के अनुसार गंगाजल को गंगोत्री और ऋषिकेश से मंगाया गया है। यह 250 और 500 एमएल की बोतल में उपलब्ध है। इनकी कीमत 30 और 50 रुपए है। घर पर गंगाजल मंगाने के लिए 91 रुपए शुल्क देना होगा। बता दें कि महाशिवरात्रि का पर्व आठ मार्च को मनाया जाएगा। इसके लिए शहर के मंदिरों में भी तैयारियों शुरू हो गई हैं।

### पीजी मालिक पर लैपटाप फोन चोरी कराने का आरोप

**नोएडा।** फेज-3 कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के आर्जव विवेक पांडेय ने बताया कि वह सेक्टर-70 बसई स्थित यदुवंशी भवन पीजी में रहते हैं। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज में काम करते हैं। 29 फरवरी को उनके कमरे से चोरों ने एक लैपटाप, चोरी कर ले गया। लैपटाप टाटा कंसलटेंसी का था। आशंका है कि पीजी मालिक ने लैपटाप एवं मोबाइल चोरी करवाया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### बाल वाटिक समारोह का हुआ आयोजन

**नोएडा।** सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज की बाल वाटिका में वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ। इसकी मुख्य थीम बचपन थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ लोक सेवा आयोग के ज्वाइंट सचिव ओंकार सिंह रहे। छात्रों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। बच्चों ने उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक पेश की। बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण को बचाने की अपील भी की।

### गाड़ी निकालने के विवाद में छात्र को पीटा

**नोएडा।** बेसमेंट से गाड़ी निकालने को लेकर हुए विवाद में तीन युवकों ने एक छात्र को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ित ने एक नामजद समेत कुल तीन आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में सेक्टर-71 स्थित शिव शक्ति अपार्टमेंट निवासी पवन यादव ने बताया कि एक मार्च को रात साढ़े आठ बजे के करीब एक नामी विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार के बेसमेंट से गाड़ी निकाल रहा था। इसी दौरान अमजद नाम का छात्र अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां पर पहुंचा। तीनों ने शिकायतकर्ता से गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर अमजद और उसके साथियों ने पवन को बुरी तरह से पीट दिया। पवन की नाक में चोट लगने के कारण फ्रेक्चर हो गया है। चिकित्सकों ने नाक का ऑपरेशन करने की बात कही है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। पीड़ित और आरोपी विश्वविद्यालय के छात्र बताए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय जाट महासभा की जिला इकाई का गठन



**गाजियाबाद,** 3 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) की जिला इकाई का गठन कर दिया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रमुख के सानिध्य में हुई इस बैठक को जिलाध्यक्ष आनंद चौधरी के घर पर गठित की गई। जिसमें सुनील चौधरी महरौली को जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप चौधरी कुसेडी को जिला सचिव युवा, विप्लव चौधरी को मंडल महासचिव युवा की बड़ी जिम्मेदारी दी गई।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संदीप चौधरी, जिलाध्यक्ष आनंद चौधरी,जिला महासचिव सोहनवीर चौधरी, मंडल अध्यक्ष चौधरी मोहित मलिक, मंडल उपाध्यक्ष सागर चौधरी, मंडल महासचिव विप्लव चौधरी, जिलाध्यक्ष युवा विशाल नरवाल, जिला सचिव युवा कुलदीप चौधरी उपस्थित रहे।

## रवि काना व महकी पर 25 25 हजार का इनाम घोषित

**नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे स्क्रैप माफिया रवि काना व उसके साथी महकी पर नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। नोएडा जोन के डीसीपी की तरफ से रविवार को यह इनाम घोषित किया गया। रवि काना व उसके साथी के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-39 में सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है। स्क्रैप माफिया रवि काना, राजकुमार, महकी, आजाद व विकास के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-39 में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म व एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज है। युवती का आरोप है कि रवि काना व उसके साथियों ने नौकरी देने के बहाने उसे जीआईपी मॉल की पार्किंग में बुलाया था। वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने राजकुमार, विकास व आजाद को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी स्क्रैप माफिया रवि काना व महकी फरार चल रहा है। दोनों के खिलाफ कोर्ट ने 11 जनवरी को गैर जमानती वारंट भी जारी किया था और 23 जनवरी को भगोड़ा घोषित करने की कार्रवाई की गई थी। अब रवि काना व महकी पर 25-25 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया है। इससे पहले कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर एक और मुकदमा दर्ज किया गया था।

## घरों में करता था चोरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। थाना सेक्टर 24 नोएडा पुलिस द्वारा घर में चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी किये गये सोने व चांदी के आभूषण बरामद किए गए। इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए आंकी जा रही है। दरअसल 24 जनवरी को नोएडा के सेक्टर-12 में एक घर में बदमाश ने चोरी की थी। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सहारा कंपनी के पास से बदमाश इस्लाम अली उर्फ बोना को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी किये गये सोने व चंदी के आभूषण पूर्णत: बरामद किए गए है। पुलिस ने बताया कि ये बदमाश अकेला ही घरों में चोरी करता था। क्योंकि अकेले चोरी करने में पकड़े जाने सम्भावना कम रहती है। इसीलिए सेक्टरों में घूम घूम के पहले ही देख लेता हूं कि कौन सा मकान खाली है। और किसमें ताला लगा है। उस मकान में ताला तोड़कर घुस जाता हूं। घर में रखा कीमती सामान जेवरात व रुपये चोरी कर लेता हूं।

- **जनवरी में सेक्टर-12 में की थी चोरी, 10 लाख के आभूषण बरामद**



## नौकरानी की हत्या कर शव जंगल में फेंकने वाले दो युवक गिरफ्तार



- **उधार दिए तीन लाख रुपए वापस मांगने पर झूंठे मामले में जेल भिजवाने की धमकी देती थी नौकरानी**

**गाजियाबाद,** 3 मार्च (देशबन्धु)। उधार दिए तीन लाख रुपए वापस मांगने पर झूंठे मामले में फंसाने की धमकी देने वाली मेड की हत्या कर शव को जंगल मे फेंकने के मामले में सिहानी गेट थाने की पुलिस दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार, 1 मोटर साइकिल, 1 स्कूटी व मृतका का मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। पुलिस उपायुक्त नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि एक युवती ने तहरीर दी थी कि उसकी माताजी कमलेश देवी पत्नी सुग्रीव सिंह निवासी 89/15 पीले क्वार्टर लोहियानगर गाजियाबाद को अज्ञात व्यक्तियों ने मारकर जंगल में फेंक दिया है। जिसपर थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि घटना करने वाले अज्ञात व्यक्तियों की तलाश एवं साक्ष्य संकलन के आधार पर निखिल शर्मा व गोपाल सिंह के नाम प्रकाश में आए। जिनकी तलाश हेतु टीम का गठन किया गया सर्विलांस व मुखबिर की सूचना पर दोनों को शिव शक्ति मंदिर लाल क्वाटर लोहिया नगर गाजियाबाद के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन सैमसंग सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त निखिल ने बताया कि कमलेश मेरे यहां पर करीब 02 साल से झाड़ू पोछा का काम करती थी। मैंने कमलेश को तीन लाख रूपए उधार दे रखे थे।

वापस काफी समय बीत जाने के बाद भी न तो मेरा पैसा वापस दिया और न ही मुझे अपना मकान दिया। बल्कि उल्टा मुझे झूठे केस में फंसा कर जेल भेजने की धमकी देती थी। जब मुझे अपना पैसा वापस मिलने की कोई उम्मीद नहीं रही तो मैंने अपने जिगरी दोस्त गोपाल के साथ मिलकर कमलेश की हत्या करने की योजना बनाई। दिनांक 23 फरवरी को समय करीब 8 बजे शाम कमलेश को प्लाट दिखाने के बहाने से बहकाकर उसे अपनी मोटर साईकिल पर बैठाकर गला घोटकर उसकी हत्या कर उसके शव को वही छिपाकर घर वापस आते समय मृतका कमलेश का मोबाइल फोन को हमने तोड़ कर मेरठ रोड पर नाले में फैक दिया था और हम शिमला निकल गए थे। दिनांक 28 फरवरी को हम लोग वापस गाजियाबाद आ गए थे कल मुझे जब पता चला कि कमलेश की बाड़ी पुलिस ने ढूंढ़ ली है। तो कल फिर से मैं, गोपाल को साथ लेकर शहर छोड़कर बाहर जा रहा था कि आपने पकड़ लिया। मोटर साइकिल व स्कूटी और मृतका का फोन हमने बरामद करा दिया है।

## 537 रक्त यूनिट लोगों ने किया दान

**नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। लक्ष्मी नारायण मंदिर सेक्टर-56 के तत्वाधान में नोएडा स्टेडियम में तीसरा विशाल रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, तेग बहादुर हॉस्पिटल, जिला अस्पताल, पीजीआई फॉर चाइल्ड हेल्थ नोएडा, जिम्स ग्रेटर नोएडा व नोएडा रोटरी ब्लड बैंक की टीम ने हिस्सा लिया। रक्तदान कैंप में कुल 709 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इसमें से 172 लोगों को फिर आने के लिए कहा गया और 537 रक्त यूनिट प्राप्त हुआ। इस मौके पर सांसद डॉ महेश शर्मा, मनीष कुमार वर्मा डीएम नोएडा, डॉ लोकेश एम सीईओ नोएडा अथॉरिटी, डॉ रवींद्र कुमार शर्मा वाइस चांसलर गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी मौजूद रहे।



## पुलिस ने दो शातिर मोबाइल फोन स्नेचरों को किया गिरफ्तार

**नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने दो मोबाइल फोन स्नेचर गिरफ्तार किए है। इनके कब्जे से लूट चोरी के 02 मोबाइल फोन व 2 चाकू बरामद किए है। पुलिस ने इनको लेबर चौक के पास से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान विशाल और सोनू के रूप में हुई है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि बरामद टेक्नो स्पार्क रंग नीला मोबाइल 1 मार्च 2024 को सेक्टर 63 से हम दोनों ने मिलकर चोरी किया था। एक मोबाइल रियलमी रंग सफेद रंग के बारे में बताया कि हम दोनों मिलकर यह मोबाइल लगभग दो-तीन महीने पहले सेक्टर 63 से एक व्यक्ति से छीना था। पूछताछ पर यह भी बताया कि करीब 02 माह पूर्व वन प्लस नोड सीई-3 मोबाइल सेक्टर 59 से एक व्यक्ति से छीना था। एक मोबाइल मॉडल रियलमी नारजो एन-55 रंग नीला को जनवरी में एक व्यक्ति से सेक्टर 59 बीपीओ कंपनी के पास से छीना था। पुलिस इनका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।



## नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक वांछित आरोपी को सेक्टर-24 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार साल से वांछित चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम रविवार को थाना क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इस दौरान मिली एक सूचना पर नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 ए से नवीन निश्चल निवासी दादरी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्त में आया आरोपी शातिर किस्म का जालसाज है। जिसने कोरोना काल में बेरोजगार युवकों को निजी कंपनियों और दफ्तरों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे हजारों रुपये की ठगी कर लेता था। इसके बाद लोगों को फर्जी लेटर दिलाकर फरार हो जाता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी एक युवक से 50 हजार रुपए तक ले लेता था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पीड़ित युवकों ने थाने में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद से वह शहर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस की टीमें आरोपी के तलाश में पिछले चार वर्षों से लगी हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

- **चार साल से चल रहा था वांछित**

## अब तक सरस मेले में 12 करोड़ की खरीदारी

**नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में चल रहे सरस मेले में अंतिम रविवार को भारी संख्या में खरीदारों का जनसैलाब उमड़ा जहां एक ओर लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की। वहीं एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि इस बार के नोएडा हाट में आयोजित मेले ने पिछले 25 वर्षों के देशभर के सारे रिकॉर्ड तोड़े हैं। सेल के मामले में इस बार का मेला सबसे ऊंचे पायदान पर पहुंचा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान का सटीक प्रबंधन, चौकस निगाहें पल-पल पर सख्त मॉनिटरिंग और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान की तजुर्बेकार टीम की बदौलत यह संभव हो पाया है। इसमें नोएडा वासियों का भरपूर सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से ग्रामीण विकास मंत्रालय व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान सरस मेलों का आयोजन करते आये हैं और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। इस बार का नोएडा हाट में आयोजित सरस मेला बंपर सेल के मामले में सरस के अब तक के इतिहास की बेहतरीन मिसाल बना है। शनिवार तक मेले में सेल 12 करोड़ के आंकड़े छू चुकी है, जबकि रविवार और सोमवार के आंकड़े आने हैं। ज्ञात हो कि सरस मेला-2024 का शुभारंभ इस बार 16 फरवरी को हुआ था। सोमवार 04 मार्च तक आयोजित मेले का 03 मार्च को अंतिम रविवार रहा है। जिसके मद्देनजर रविवार को यहां भारी संख्या में खरादारों की भीड़ उमड़ी।



- **बीते 25 वर्षों में सबसे ऊंचे पायदान पर पहुंचा सरस मेला**
- **सरस के अब तक के इतिहास की बेहतरीन मिसाल बना**

## सड़क पार कर रहे दो किशोरों को कार ने टक्कर मार किया घायल

**नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर 14 ए स्थित पार्क के पास साइकिल पर सवार होकर सड़क पार कर रहे दो किशोरों को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों को गंभीर चोटें आ गई हैं। जिनको मौके से पहुंची फेज वन थाना पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार की सुबह सेक्टर 14 ए के पास दो किशोर एक साइकिल पर सवार होकर सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही अर्बन क्रूजर कार ने उनको टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों किशोर घायल हो गए हैं। घायल किशोर आदित्य 15 वर्ष और आशु 15 वर्ष दोनों सेक्टर पांच हरौला के रहने वाले हैं। मौके से पहुंची पुलिस की टीम ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टर के मुताबिक दोनों किशोर खतरे से बाहर हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में कार को कब्जे में लेकर अन्य कार्रवाई की जा रही है।

## विकास व आम जनता के लिए काम किया, आगे भी करूंगा : डॉ. भोला सिंह

**बुलंदशहर,** 3 मार्च (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बुलंदशहर सुरक्षित सीट से लगातार तीसरी बार डॉ. भोला सिंह को टिकट दिया है। इस पर सांसद डॉ. भोला सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सांसद ने कहा कि पिछले दो बार के कार्यकाल में जिले में विकास व आमजन के लिए काम किया, जिसे आगे भी करूंगा। पिछले कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाम पर जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना कराई। इस कालेज में इस शैक्षिक सत्र से कक्षाएं शुरू हो जाएगी। इसके अलावा बुलंदशहर से मेरठ व अलीगढ़ से गाजियाबाद नेशनल हाईवे का निर्माण कराया। जिले के श्रमिकों के लिए 30 बिस्तरों के कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय की स्वीकृति करा दी है, जिसके निर्माण को जमीन मिल गई है। जिले के खिलाड़ियों के लिए इनडोर स्टेडियम का निर्माण भी कराया जा रहा है। उन्होंने आगे की योजनाओं को लेकर बताया कि बुलंदशहर शहर में जाम की समस्या है।

इससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा। साथ ही क्षेत्र में विकास होगा। इसके अलावा बुलंदशहर से दिल्ली तक रैपिड या मेट्रो ट्रेन के संचालन का भी प्रयास किया जाएगा। इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी। भाजपा ने लगातार तीसरी बार बुलंदशहर सुरक्षित सीट से डॉ. भोला सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के करीबी रहे डॉ. भोला सिंह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। सांसद डॉ. भोला सिंह वर्ष 2014 से पहले रालोद से भाजपा में आए। 2014 में बुलंदशहर सुरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में डॉ. भोला सिंह ने बसपा प्रत्याशी प्रदीप को हराया। 2019 में डा. भोला सिंह ने बसपा प्रत्याशी योगेश वर्मा को हराया। दूसरी बार जीत दर्ज कर संसद पहुंचे डा. भोला सिंह की भाजपा में अनुसूचित जाति के चेहरे के रूप में पकड़ मजबूत हुई। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से लोकसभा मीडिया प्रभारी संजय माहेश्वरी, जिला महामंत्री संजय गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष दीपक ऋषि, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर सिंह, भवतोष गुर्जर, शिंभू सिंह राघव जी, इंद्र मोहन लोधी, प्रयाग मोहन लोधी, राहुल कौशल, अभिनव वर्मा उपस्थित रहे।



उवाच "

सरकारी संवेदनहीनता और एक दशक से ज्यादा समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों की इस क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन के लिए उदासीनता से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। बड़े विस्मय का विषय है कि इतनी बड़ी संख्या में वोटरों के प्रभावित होने के बावजूद जनप्रतिनिधियों का इस और कोई ध्यान नहीं है।

**दीपांकर कुमार, नेफोवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं स्थानीय निवासी**

# फर्जीवाड़ा रोकने के लिए यीडा कराएगा पेड़ों की जीपीएस टैगिंग

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। पौधरोपण के नाम पर फर्जीवाड़ा करना अब आसान नहीं होगा। यमुना प्राधिकरण पेड़ों की ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) टैगिंग करने जा रहा है। इसके लिए उद्यान विभाग के 35 कर्मचारियों को आईपैड दिए गए हैं। जीपीएस टैगिंग होने से अधिकारी ऑफिस में बैठकर वास्तविक स्थिति पर नजर रख सकेंगे। वहीं यीडा सिटी के सेक्टरों में पार्कों की बाउंड्रीवॉल एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए हैं, ताकि बसावट शुरू होने से शहर को हरा-भरा और सुंदर बनाया जा सके। उद्यान विभाग का 30 करोड़ से अधिक का बजट है।

दरअसल मानसून सत्र में पौधरोपण अभियान के दौरान हर साल लाखों की संख्या में पौधे लगाए जाते हैं। शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अलावा यमुना प्राधिकरण द्वारा भी हर साल हरियाली और पौधरोपण के मद में मोटी धनराशि खर्च की जाती है। बजट में इसका विशेष प्रावधान किया जाता है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी हरियाली उस स्तर की नहीं होती, जितनी होनी चाहिए। देखरेख के अभाव में 50 फीसदी से अधिक पौधे सूख जाते हैं। ऐसे में पौधरोपण और सौंदर्यीकरण के नाम पर फर्जीवाड़े का अंदेशा है। इसको देखते हुए यमुना प्राधिकरण ने पेड़ों की जीपीएस टैगिंग कराने का फैसला लिया है। उद्यान विभाग के कर्मचारी मौके पर जाकर पेड़ों को टैगिंग करेंगे। इसके लिए उद्यान विभाग के 35 कर्मचारियों को आईपैड उपलब्ध कराए गए हैं। पेड़- पौधों की जीपीएस टैगिंग कर उच्चाधिकारियों के पास भेजी जाएगी। साथ ही रिकॉर्ड बनाने में भी आसानी होगी।



**पौधरोपण अभियान की जीपीएस टैगिंग की जाएगी। इसके लिए उद्यान विभाग के कर्मचारियों को आईपैड दिए गए हैं। इससे पौधरोपण अभियान में पारदर्शिता आएगी : डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण।**

- **उद्यान विभाग के कर्मचारियों को दिए गए 35 आई पैड**
- **ऑफिस में बैठकर स्थिति पर नजर रख सकेंगे अधिकारी**
- **पार्कों की बाउंड्रीवॉल एवं सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द**
- **बसावट शुरू होने से शहर को बनाया जाएगा हरा-भरा**

### पार्कों और बाउंड्रीवाल का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

नोएडा एयरपोर्ट के चालू होने के बाद यीडा सिटी में गतिविधियां बढ़नी शुरू हो जाएंगी। इसको देखते हुए प्राधिकरण सीईओ ने आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों में पार्कों व बाउंड्रीवॉल के निर्माण के साथ उसका सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

# प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत माध्यमिक विद्यालयों का होगा कायाकल्प

**निर्माण कार्यों का किया गया शिलान्यास, मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण**

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। जिले में 4 राजकीय माध्यमिक विद्यालय तथा 9 सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर 12 नोएडा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज चीती, राजकीय हाई स्कूल सलेमपुर गुर्जर तथा राजकीय हाई स्कूल सीदीपुर छिडोली में कुल 2.57 करोड़ रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया तथा जिले के 9 सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कुल 6.63 करोड़ रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। उत्तर प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों तथा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के माध्यम से सभी मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ बनाने एवं उनका कायाकल्प करने को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों तथा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया, जिसका सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से गौतम बुद्ध नगर जिले में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह तथा उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के अभियंता शैलेंद्र सारस्वत सहित राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, विद्यालयों के प्रबंधक तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नामित कार्यदायी संस्था तथा विद्यालय के प्रबंधकों को निर्देशित किया। जनप्रतिनिधियों के ने जिन निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया है, सभी निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कर दिए जाएं तथा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में उनको पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



- **राजकीय तथा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में 9.20 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास**

# सौरव गुर्जर ने एआईयू वुशु खेल में जीता रजत पदक

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय के बी.ए. राजनीति-विज्ञान के छात्र सौरव गुर्जर ने जम्मू-विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय विश्वविद्यालय (एआईयू) वुशु गेम्स में एक बहुत ही कड़े मुकाबले का सामना करते हुए अपने प्रति-द्वंद्वियों को धूल चटाकर इस प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। सौरव को अपने खेल में पंचिंग और थ्रो स्ट्रोक मारने में बहुत ही महारथ हासिल है। सौरव का एआईयू वुशु खेलों में यह लगातार दूसरा पदक है। उन्होंने 2022-23 में कांस्य पदक जीता था। इस साल के टूर्नामेंट में, सौरव ने अपने प्रबल विरोधियों के खिलाफ छह मैच लड़े, जिसमें कालीकट विश्वविद्यालय, मणिपुर विश्वविद्यालय, सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, राजा महेंद्र विश्वविद्यालय, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू)। फाइनल मैच जम्मू विश्वविद्यालय के खिलाफ था, जहां सौरव ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन एक संकीर्ण बिंदु के अंतर के साथ वो गोल्ड मेडल से वंचित रह गए और उनको सिल्वर मेडल पर ही संतोष करना पडा, वरना तो वो अवश्य ही गोल्ड मेडल के हकदार होते। सात दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पूरे देश से लगभग 137 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया था। मेडल जीतने की खुशी में गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि ये पल हम सबके के लिए बहुत ही सुखद और अद्भुत पल हैं। सौरव एक बहुत ही सामान्य परिवार के रहने वाले हैं। और उनका पालन-पोषण ग्रामीण परिवेश में हुआ है। उन्होंने आज अपने विश्वविद्यालय और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने आगे कहा कि देश की अनगिनत प्रतिभाओं का जन्म ग्रामीण परिवेश में ही होता है। हमें अपने ऐसे विद्यार्थियों पर बहुत गर्व है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।



- **गलगोटिया विवि के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने विजयी खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन**

# ग्रेनो वेस्ट में मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। चुनाव नजदीक आने पर भी आचार संहिता लागू होने से पहले मेट्रो को लेकर कोई ठोस नतीजा निकलने की आशा धूमिल होते देख कर निवासियों का आक्रोश कई गुणा बढ़ गया है। नेफोवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं स्थानीय निवासी दीपांकर कुमार का कहना है कि सरकारी संवेदनहीनता और एक दशक से ज्यादा समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों की इस क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन के लिए उदासीनता से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। बड़े विस्मय का विषय है कि इतनी बड़ी संख्या में वोटरों के प्रभावित होने के बावजूद जनप्रतिनिधियों का इस और कोई ध्यान नहीं है। प्रदर्शन में लगातार शामिल होने वाले यहां के निवासी रवीन्द्र सिन्हा काफी आक्रोशित और बेहद नाराजगी जाहिर करते हुए चेतावनी देकर कहा कि अगर सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में कोई गंभीर प्रयास और सकारात्मक परिणाम नहीं दिखा तो निश्चित रूप से इसका खामियाजा आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ेगा और जनसमर्थन में निश्चित रूप से कमी आयेगी। प्रदर्शन में सुधांशु किशोर, बिपिन प्रसाद, गंगेश कुमार, रोहित मिश्रा, महेश यादव, रवीन्द्र सिन्हा, राकेश रूहेला, अजय कुमार, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, सुहैल खान, अनुपमा मिश्रा, अनुराग खरे, पवन कुमार चौधरी, अनुराग सिन्हा, आरसी भट्ट, शैलेश सिंह, रंजना सिंह एवं अन्य सदस्य का कहना है कि मेट्रो स्वीकृत होने तक ये प्रदर्शन न केवल जारी रहेगा बल्कि और भी बड़े स्तर पर इसका विस्तार होगा।




# सपा की मासिक बैठक में लोक सभा चुनाव तैयारी पर हुआ मंथन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर रविवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने तथा संचालन जिला महासचिव सुधीर तोमर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंथन किया गया। इसके बाद मोजरबैयर गोलचक्कर पर समाजवादी मजदूर सभा के संयोजन में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम ने कहा कि भाजपा शासन काल में देश में आज सभी जगह मजदूरों का शोषण हो रहा है। पूंजीपतियों के दबाब में भाजपा सरकार मजदूरों के हितों पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि आज देश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। देश का शिक्षित नौजवान रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। भाजपा सरकार पिछड़े और दलितों के आरक्षण को खत्म कर कर उनके अधिकारों को छीन रही है। आज देश का संविधान खतरे में है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है, देश में बढ़ती बेरोजगारी भाजपा सरकार की बढ़ी विफलता है। सरकार जनता के हितों को दरकिनार करते हुए उसका शोषण करने में लगी हुई है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी साथी लोकसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए जनता के बीच जाकर पार्टी कि नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, डॉ. महेन्द्र नागर, सुरेंद्र नागर, दीपक नागर, कुंवर नादिर अली आदि मौजूद रहे।



# आशीष नागर को मिला बेस्ट फिजिकल एजुकेटर का अवॉर्ड

**जेवर,** 3 मार्च (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव छातंगा खुर्द के उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक आशीष नागर को रविवार को फिजिकल एजुकेटर अवार्ड से नवाजा गया है। ये अवार्ड उनको ग्रेटर नॉएडा स्थित दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में कैप्टेन मंदीप सिंह ट्रस्ट द्वारा आयोजित बेस्ट फिजिकल टीचर्स अवार्ड के दौरान दिया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय छातंगा खुर्द के अध्यापक ललित गर्ग ने बताया कि जेवर के बेसिक शिक्षा विभाग के उच्च प्राथमिक विद्यालय छातंगा खुर्द में आशीष नागर फिजिकल के अध्यापक हैं। रविवार को ग्रेटर नॉएडा स्थित दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में कैप्टेन मंदीप सिंह ट्रस्ट द्वारा देश के बेस्ट फिजिकल टीचर्स को सम्मानित करने के लिए एक अवार्ड कार्यक्रम किया गया। जिसमें उनके स्कूल के अध्यापक आशीष नागर को फिजिकल एजुकेटर अवार्ड 2024 से नवाजा गया। जिससे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। सोमवार को आशीष नागर का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर मंदीप सिंह एशियन बॉक्सिंग मेडलिस्ट, एडवोकेट ओएन शर्मा, सुखविंदर सिंह, एडवोकेट मुसीर खघन, मंदीप सिंह सुमन स्पोर्ट्स राइटर, कंचन कुमारी, राहुल नागर आदि मौजूद रहे।

NAME CHANGE
In my 10th marksheet father's name is Abdul Hamid Khan & some document Abdul Hamid. Abdul Hamid Khan & Abdul Hamid same person. whereas father's correct name is Abdul Hamid. Gul Mohamad S/o Abdul Hamid R/o 216 Tilapata Karanwas, Greater Noida Uttar Pradesh

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# आम्रपाली कैसल सोसाइटी एओए के चुनाव में प्रमोद कुमार चौधरी बने अध्यक्ष

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर चाई-5 की आम्रपाली कैसल सोसाइटी में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के चुनाव का आयोजन हुआ, जिसमें सोसाइटी में रहने वाले एवं बाहर से आए फ्लैट ओनर्स में काफी उत्साह दिखा और उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव में प्रमोद कुमार चौधरी (अध्यक्ष), विश्व दीपक (उपाध्यक्ष), रितेश कुमार (सचिव), सतेंद्र यादव (संयुक्त सचिव), अखिलेश प्रताप (कोषाध्यक्ष), सुशील खण्डेलवाल (सदस्य) एवं रितेश सिंह (सदस्य) चुने गए। एस. आर. चौधरी, राजेश श्रीवास्तव और अनुराग शर्मा ने चुनाव अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन के सहयोग पूर्ण हुआ। चयनित सदस्यों ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# त्योहारों को लेकर कोतवाली परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**जेवर,** 3 मार्च (देशबन्धु)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर रविवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में कस्बे व क्षेत्र के सभी धर्म गुरुओं व सभ्रांत लोगों ने भाग लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, रमजान, होली आदि पर सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से रविवार को कोतवाली परिसर में समाजसेवीयों, धर्मगुरुओं, वर्तमान ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, नगर पंचायत सभासद आदि के साथ बैठक में अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार व एसीपी सार्थक सेंगर द्वारा लोगों से आगामी त्योहारों, एनआरसी व सीएए के सम्बन्ध में भाई चारा व शांति व्यवस्था बनाये रखने, मेल मिलाप से रहने आदि की अपील की तथा असामाजिक तत्वों द्वारा कोई भी अफ्वाह फैलाने, शांति भंग व असामाजिक कार्य करने पर फौरन पुलिस को सूचना देने के लिये कहा गया। उन्होंने कहा कि किसी भी असमाजिक तत्व व शांति भंग करने वाले को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# ब्लू सफायर मॉल की ग्रिल टूटने से गिरकर दो लोगों की दर्दनाक मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में ब्लू सफायर मॉल की छत से लोहे का स्ट्रक्चर गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद मॉल में अफरा तफरी मच गई और आनंद-फानन में पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत ब्लू सफायर मॉल में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। मॉल में घूमने आए दो व्यक्ति पांचवीं मंजिल से अचानक ग्रिल टूटने से नीचे गिर गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मॉल में भगदड़ मच गई और लोगों चीज पुकार मचाते हुए बाहर की तरफ भागने लगे। एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई की ब्लू सफायर मॉल की छत से लोहे का स्ट्रक्चर गिरने से दो व्यक्तियों की दुखद मौत हो गई है। जिनकी पहचान गाजियाबाद के थाना विजयनगर निवासी हरेंद्र भाटी (35) व शकील (35) के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद बिसरख पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने दोनों के शवो को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही उनके परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। घटना के बाद पुलिस के उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए है पुलिस मामले की जांच कर रही है।



- **मॉल में घूमने आए थे दोनों मृतक, पुलिस मामले की कर रही है जांच**

**मॉल प्रबंधन-गैलेक्सी बिल्डर पर सवाल**

गैलेक्सी ब्लू सफायर में हो इस दुर्घटना के बाद मॉल प्रबंधन और गैलेक्सी बिल्डर दोनों पर प्रश्न उठने लगे हैं। प्रश्न यह भी है कि बिना सेफ्टी मेजर लिए माल कैसे शुरू कर दिया गया है।

# गांव चलो अभियान के तहत सांसद ने दर्जन भर गांवों का किया भ्रमण

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट से डॉ. महेश शर्मा को भाजपा पार्टी ने तीसरी बार लोक सभा चुनाव के विश्वास जताया है। रविवार को सांसद डॉ. महेश शर्मा श्री सनातन धर्म मंदिर, सैक्टर-19, नोएडा में जाकर भगवान की पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया और वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ अभिंनदन किया। डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि पार्टी ने पुन: अपना विश्वास जताते हुए प्रत्याशी के रूप मे चुना है। आप सभी का स्नेह एवं आर्शीवाद सदा मुझे मिलता रहा है मै आप सभी का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद करता हूं आगे हम सब मिलकर मजबूती के साथ कार्य करेंगें। इस दौरान श्रीचंद शर्मा एमएलसी, तेजपाल नागर, विधायक, अमित चौधरी, गीता पंडित, चेयरमेन दादरी ने भी स्वागत किया। इसी के साथ 'गांव चलो अभियान' के तहत विधानसभा दादरी के ग्राम सुथियाना, हबीबपुर, खोदना कला, खोदना खुर्द, तुस्याना, खेड़ा चौगानपुर, एमनाबाद, बिसरख, पतवाड़ी, मिलक लच्छी एवं हैबतपुर का भ्रमण किया और वहां उपस्थित ग्रामवासियों बड़े ही गर्माजोशी के साथ डॉ. महेश शर्मा, प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्ध नगर का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया और कहा कि आपको इस क्षेत्र से भारी मतों से विजयी बनाएंगें और केन्द्र में भाजपा की सरकार लाएंगें। खोदना खुर्द समाजसेवी एसपी शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के सम्मानित महानुभावों ने स्वागत किया। सांसद ने वहां उपस्थित सभी का आभार प्रकट किया। केन्द्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आप सभी को मिल रहा है और मेरे द्वारा भी निरंतर इस क्षेत्र के विकास के लिए सांसद निधि से विकास कार्य कराये जा रहे आगे भी उन कार्यो को गति मिलेगी आप सभी से अनुरोध है कि भारतीय जनता पार्टी के कमल का निषान का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाये।



- **डॉ. महेश शर्मा को तीसरी बार लोकसभा चुनाव के लिए टिकट मिलने पर जगह-जगह किया गया स्वागत**

# जिला कारागार में श्रीराम कथा का समापन

**ग्रेटर नोएडा,** 3 मार्च (देशबन्धु)। जिला कारागार गौतमबुद्ध नगर में बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से त्रिदिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का अयोध्या से कथा वाचिका देवी राज राजेश्वरी के मुखारबिंद से संपन्न हुआ। जेलर जे पी तिवारी ने बताया कि कारागार में निरुद्ध बंदियों एवं कारागार अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सत्संग एवं श्री राम कथा का मधुर रसपान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कारागार का सम्पूर्ण वातावरण भक्ति भाव से ओत प्रोत बना रहा। कार्यक्रम के समापन के उपरांत समस्त बंदियों एवं कारागार अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा बृहद भंडारा प्रसाद ग्रहण किया गया। कथा का आयोजन बंदियों के नैतिक उत्थान एवं आध्यात्मिक कल्याण हेतू कारागार के लिए सार्थक एवं अत्यंत उपयोगी है। इसमें बंदियों के आपराधिक मानसिकता में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। कथा कार्यक्रम सराहनीय रहा। इस अवसर पर अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह,जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी, सुनील दत्त मिश्रा, राम प्रकाश शुक्ला, मनोरमा सिंह कथा में उपस्थित रहे।



## { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 4 मार्च 2024
संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## महारैली से बदलाव का महासंदेश

बिहार के पटना में रविवार को इंडिया गठबंधन की जनविश्वास महारैली से देश की राजनीति में बदलाव का बड़ा संदेश निकला है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से पहले भी राजनीति की धारा बदली है। लेकिन रविवार को इस रैली के लिए जुटी 12 लाख से ज्यादा की भीड़ ने संभवत: नया रिकार्ड कायम किया है। तिल रखने की जगह न होना और जनसैलाब के असल मायने क्या होते हैं, यह गांधी मैदान के नजारे को देखकर समझा जा सकता था। सत्तारुढ़ दल की रैलियों या सभाओं में अमूमन भीड़ जुट ही जाती है। अगर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की सभा हो, तब भी लोग उन्हें सुनने आ जाते हैं। लेकिन पटना में तेजस्वी यादव की अगुआई में हुई जनविश्वास महारैली में जुटी भीड़ को सियासत में बदलाव का प्रतीक इसलिए माना जा सकता है, क्योंकि अभी न राजद सत्ता में है, न केंद्र में इंडिया गठबंधन सत्ता में है। दोनों जगह ये विपक्ष में हैं। बल्कि बिहार में तो जनवरी में ही राजद को सत्ता से बाहर करने का काम नीतीश कुमार और भाजपा ने मिलकर किया है। 17 महीनों तक राजद के साथ सरकार चलाने और उसी दौरान विपक्षी दलों को एक साथ लाने के बाद नीतीश कुमार ने जिस आसानी से पाला बदल लिया, उसे राजनीति के बड़े जानकार और धुरंधर भी सहजता से स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता, इस बात को अच्छे से जानने के बावजूद यह बात न जनता के गले से उतरी, न इंडिया गठबंधन के नेताओं से कि कल तक जो नीतीश कुमार भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के दावे कर रहे थे, वे अचानक मन नहीं लगने के कारण भाजपा के ही साथी कैसे बन गए। नीतीश कुमार की इस मन न लगने वाली दलील का तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा में फ्लोर टेस्ट के दौरान बखूबी जवाब दिया था कि हम मन लगाने के लिए नहीं, जनता की सेवा करने के लिए हैं। 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में दिया गया तेजस्वी यादव ऐतिहासिक रहा और लोगों ने इसमें अपने लिए नयी उम्मीद देखी। लोगों की उम्मीदों को देखते हुए तेजस्वी यादव 20 फरवरी से बिहार में जनविश्वास यात्रा पर निकल पड़े और इस यात्रा ने भी कई कीर्तिमान रचे। बिहार के सबसे बड़े और मुख्य विपक्षी दल राजद की इस यात्रा में हर जगह बड़ी संख्या में लोग आए। तेजस्वी यादव लोगों का विश्वास हासिल करने में सफल दिखे, जबकि नीतीश कुमार ने अपनी ही करनी से भरोसे और विश्वास जैसे शब्द को खुद से दूर कर लिया है। यही वजह है कि 2 मार्च को औरंगाबाद में हुई एक सभा में जब नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी एक साथ मंच पर थे, तो नीतीश कुमार को यह कहना पड़ा कि अब हम इधर-उधर नहीं जाएंगे, इधर ही रहेंगे। उनकी इस बात पर प्रधानमंत्री भी ठहाका लगाकर हँस पड़े। इस हँसी से भारतीय राजनीति का एक विद्रूप चेहरा सामने आया, जिसमें विश्वास की भावना के लिए मखौल के अलावा और कुछ नहीं है, केवल सत्ता और स्वार्थ ही सियासत के संचालक तत्व बन गए हैं।

बहरहाल 20 फरवरी से 2 मार्च तक पूरे बिहार में जनविश्वास यात्रा निकालने के बाद पटना के गांधी मैदान में जनविश्वास महारैली का आयोजन किया गया, तो यह केवल राजद नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन का आयोजन बन गया। मंच पर लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और राजद के अन्य नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, भाकपा महासचिव डी राजा और माकपा महासचिव सीताराम येचुरी समेत कई नेता मौजूद रहे। पूरे गांधी मैदान में वाम दलों और राजद के झंडे लहराते दिखे। इस रैली का साक्षी बनने के लिए लोग शनिवार रात से ही जुटने लगे थे। रामधारी सिंह दिनकर की सुप्रसिद्ध कविता का अंश है-

फावड़े और हल राजदण्ड बनने को हैं,
धूसरता सोने से श्रृंगार सजाती है;
दो राह,समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

गांधी मैदान से यही कविता लाखों-लाख लोगों की मौजूदगी से गुंजायमान हो रही थी। हालांकि समय के रथ के इस घर्घर नाद को देश का सरकार समर्थित मीडिया दिखाने-सुनाने से परहेज कर रहा था, लेकिन फिर उसे भी समझ आ गया कि बिना किसी लोभ-लालच के किसी राजनैतिक रैली में लाखों लोग इकट्ठे हो जाएं, तो इसका मतलब ये हो सकता है कि अब समय का पहिया घूमने वाला है। कुछ चैनलों ने रैली की लाइव रिपोर्टिंग की, कुछ ने देर से इसे दिखाया, यानी देर से ही सही मीडिया को भी समझ आ रहा है कि भाजपा भले ही 4 सौ पार का नारा देकर तीसरी बार जीत के दावे करे, लेकिन इंडिया गठबंधन की मजबूती से चुनाव परिणाम बदल भी सकते हैं।

जनविश्वास महारैली के मंच से राहुल गांधी, अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं ने जो भाषण दिए, उसमें खास नयापन नहीं था, लेकिन जो कुछ इन नेताओं ने कहा, जनता ने उससे खुद को जुड़ा पाया और यही नयापन है जो अब राजनीति में दिखने लगा है। सत्ताधारी नेताओं की तरह ये नेता अपनी-अपनी नहीं हांक रहे हैं, न ही अपने नाम की गारंटियां दे रहे हैं, बल्कि जनता की पीड़ा और आकांक्षाओं को शब्द दे रहे हैं। रविवार को ही मध्यप्रदेश में जब राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में थे, तो उन्होंने मीडिया के लिए कहा था कि वो अंबानी के बेटे की शादी को दिखाएंगे, लेकिन भूख से मरते लोगों की बात नहीं करेंगे। जो बात मुख्यधारा के मीडिया पर लागू होती है, वही सत्ताधारियों के लिए कही जा सकती है। इसलिए अब लोगों की दिलचस्पी इंडिया गठबंधन के नेताओं के भाषणों को सुनने में बढ़ रही है।

पटना में राजद की पहल से इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एक बार नए सिरे से अपनी ताकत और एकजुटता लोगों को दिखाई है। संयोग है कि इसी पटना से विपक्षी एकता की नींव पड़ी थी, जो अब मजबूत इमारत में तब्दील होती दिख रही है।

# नफरत की दुकान वालों के शटर गिरे, क्या मोहब्बत की दुकान चल गई!



शकील अख्तर

> अब चुनाव सिर पर आ गए हैं तो दोनों पक्ष अपनी पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में हैं। भाजपा की पहली लिस्ट जारी हो गई है। और उससे स्पष्ट हो गया है कि यह चुनाव पहले दो चुनावों की तरह हिन्दू-मुसलमान पर नहीं होने जा रहा है। क्योंकि अगर ऐसा होता तो भाजपा प्रज्ञा सिंह, बिधुड़ी के टिकट नहीं काटती। चुनाव किस मुद्दे पर होगा कहना मुश्किल है।

खाला का घर नाहीं! दोनों के लिए नहीं है। भाजपा या कांग्रेस या इसे इंडिया गठबंधन कह लो दोनों को यह चुनाव पूरी ताकत से लड़ना पड़ेगा। किसी के लिए भी जीत सहज सुलभ नहीं है।

भाजपा इसे समझ गई है। उसने उन लोगों के टिकट काट दिए जो सिर्फ नफरत की राजनीति पर जिंदा थे। अभी तक भाजपा उन से खुश थी। उनके खिलाफ कभी कोई एक्शन नहीं लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ यह कहकर काम चला लिया कि वे प्रज्ञा सिंह को माफ नहीं कर पाएंगे। इस वाक्य में यह ध्वनि है कि करना तो चाहते हैं मगर कर नहीं पाएंगे। क्यों? इसका जवाब अभी मिल गया कि इतनी नफरत, झूठ, गंदगी फैलाकर प्रज्ञा सिंह ने उस समुदाय को ही नाराज कर दिया जिसकी प्रतिनिधि बनने का वे दावा करती थीं।

गांधी को गाली देकर वे समझती थीं कि अब जहाज में वे किसी से भी लड़ सकती हैं। मुसलमान के खिलाफ बोलकर वे समझती थीं कि अब क्षेत्र में किसी का भी काम करने की जरूरत नहीं। अब क्षेत्र में तो अधिकांश हिन्दू ही थे। काम उनका होना बंद हो गया था। मुसलमान से तो वे ऐसे ही मिलती नहीं थीं। तो उसके काम होने न होने का सवाल ही नहीं। हिन्दू जाते थे तो बेइज्जती उनकी होती थी।

तो भाजपा क्या यह समझ गई कि अब हिन्दू-मुसलमान का नशा उतार पर है? पूरी तरह नहीं। कुछ हद तक। उसकी समझ में यह आया है कि प्रज्ञा सिंह, रमेश बिधुड़ी. प्रवेश वर्मा, मीनाक्षी लेखी की तल्ख राजनीति हिन्दुओं को भी नाराज कर रही है। ये लोग यह समझने लगे थे कि केवल नफरती बातें करो और उसी को काम करना समझ लो। जितना ज्यादा यह गंदी जबान बोलते थे उतना ही समझते थे कि अब उन्हें काम करने की जरूरत नहीं है। और काम न करने से जैसा कि ऊपर भी लिखा परेशान तो पूरे क्षेत्र के निवासी होते थे जो ज्यादातर बहुसंख्यक ही हैं। साथ ही जब नेता की आदत अहंकार से बात करने की हो जाए तो सबसे ज्यादा अपमान तो आसपास वालों को अपने ही समुदाय वालों को भोगना पड़ता है।

धर्म को हथियार मानने वाले नेता केवल दूसरे समुदाय पर ही हमले नहीं करते। अपनी ताकत के अहंकार में वे अपने लोगों को भी नहीं बख्शते।

प्रधानमंत्री मोदी को इसलिए इन लोगों के टिकट काटना पड़े कि अब यह नुकसान करने लगे हैं। बिधुड़ी ने जो गाली-गलौज लोकसभा में की थी उससे तो विदेशों तक में मोदी को प्राब्लम हो गई थी। वह सीधे-सीधे मुसलमान के खिलाफ थी। लेकिन विदेश की फिलहाल छोड़िए देश में भी उनकी इस निचले स्तर की भाषा को बहुत बुरा, शर्मनाक माना गया। बहुसंख्यक समुदाय द्वारा ही।

इन लोगों के टिकट कटने से यह साफ हो गया है कि भाजपा यह समझ गई है कि हिन्दू-मुसलमान की उसकी राजनीति का सेचुरेशन पाइंट अब आ गया है। अब उसकी धर्म की राजनीति हिन्दूओं के भी खिलाफ जा रही है।

अभी दिल्ली से जिन पांच लोगों के टिकट कटे। उनमें एक डा. हर्षवर्धन को छोड़ दीजिए तो बाकी चारों अपने लोकसभा क्षेत्र में ऐसे अहंकारी सांसदों के रूप में जाने जाते थे जिनसे कोई मिलना बात करना पसंद नहीं करता था। दिल्ली में यह चुनाव आप और कांग्रेस मिलकर लड़ रही है। जो यह कहते थे कि इंडिया गठबंधन से क्या होगा वे देख लें कि उसी गठबंधन के डर से भाजपा ने दिल्ली के सात में से सिर्फ एक मनोज तिवारी का टिकट रिपीट किया है। और बाकी मनोज तिवारी पर चाहे जो आरोप हों वे बिधुड़ी, प्रवेश वर्मा, लेखी की तरह बदजुबान और अहंकारी नहीं हैं। और यह कोई कहने की बताने की बात नहीं है कि इन लोगों के अहंकार का सबसे बड़ा शिकार हिन्दू ही होते हैं। तो भाजपा ने यह समझ लिया कि अब ये लोग उपयोगी तो हैं ही नहीं बल्कि नुकसान करने वाले हो गए हैं।

यह दिल्ली है। यहां देश भर से आए लोग रहते हैं। आज माहौल इतना नफरत और विभाजन का हो गया है। मगर पहले तो यहां धर्म, जाति, क्षेत्र का कोई महत्व ही नहीं होता था। यहां से मलयाली सीके नायर जिन्हें दिल्ली का गांधी कहा जाता था दो बार 1952, 57 में चुनाव जीते। यहां सीएम स्टीफन यह भी मलयाली, सुचेता कृपलानी, सुभद्रा जोशी, अर्जुन सिंह, केसी पंत जैसे दिल्ली के बाहर के लोग चुनाव लड़े। वाजपेयी, आडवानी, राजेश खन्ना, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे कई बड़े नाम तो हैं ही। यह तो बाद में हुआ कि यहां पंजाबी, वैश्य, पूर्वांचल के नाम पर टिकट दिए जाने लगे। मगर पहले ऐसा नहीं होता था।

खैर अब चुनाव सिर पर आ गए हैं तो दोनों पक्ष अपनी पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में हैं। भाजपा की पहली लिस्ट जारी हो गई है। और उससे स्पष्ट हो गया है कि यह चुनाव पहले दो चुनावों की तरह हिन्दू-मुसलमान पर नहीं होने जा रहा है। क्योंकि अगर ऐसा होता तो भाजपा प्रज्ञा सिंह, बिधुड़ी के टिकट नहीं काटती।

चुनाव किस मुद्दे पर होगा कहना मुश्किल है। भाजपा के पास अगर यह मुद्दा नहीं रहेगा को कुछ नहीं है। चुनाव सीधा रोजी-रोटी के मुद्दे पर केन्द्रित हो जाएगा। और यह मुद्दा भाजपा से संभाले नहीं संभलेगा।

अब यह निर्भर कांग्रेस पर और इंडिया गठबंधन पर है कि वह कैसे जनता के वास्तविक मुद्दों को चुनाव के सवाल बनाए। जनता ने तो अपने स्तर पर सवाल उठाना शुरू कर दिए हैं। मगर इन्हें गति देना इंडिया गठबंधन का काम है।

यूपी में बेरोजगार युवाओं का आक्रोश फूट निकला। सरकार को पहले पुलिस भर्ती के और फिर आर ओ (रिव्यू आफिसर) और डिप्टी आर ओ के एक्जाम कैंसिल करना पड़े। दोनों में पेपर लीक हो गए थे। यूपी बोर्ड की बारहवीं परीक्षा के गणित और बायलॉजी के पेपर लीक हो गए। केवल परीक्षा कैंसिल हो जाना स्टूडेंट की समस्या का हल नहीं है। उसने जो तैयारी की थी बेकार चली जाती है। दोबारा कब परीक्षा होगी कुछ पता नहीं। इस ऊहापोह में स्टूडेंट, युवाओं का बहुत नुकसान होता है।

युवाओं के आक्रोश की वजह से यह चुनाव भाजपा को बहुत भारी पड़ने वाला है। और लगातार दो चुनाव हार जाने वाले विपक्ष के लिए भी आसान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के पास साधन बहुत हैं। दूसरी तरफ विपक्ष साधनहीन तो है ही उस पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, बैंकों में खाते सील करना। जैसा अभी कांग्रेस के खाते सील किए गए। और दूसरी तरफ भाजपा को इल्केट्रोरल बांड जिसे अभी सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक घोषित कर दिया है के द्वारा पैसे मिलने के अलावा कई कंपनियों में ईडी पहुंचाकर उनसे चंदा लिया जा रहा है। जैसा एक वेबसाइट के खुलासे के बाद कांग्रेस ने आरोप लगाया।

तो साधनों के मामले में तो भाजपा बहुत आगे हैं। मगर विरथ होने के बावजूद (विरथ रघुवीरा) विपक्ष के पास इस बार दो बातें बहुत खास हैं।

एक उसकी एकता। जो आज पटना के गांधी मैदान में दिखी। लाखों की भीड़ एकजुट विपक्ष के समर्थन में ही आई थी। दूसरे हिन्दू- मुसलमान राजनीति के खत्म होने के संकेत। जो खुद भाजपा ने अपने ऐसे लोगों के टिकट काट कर दिए जिनकी सांप्रदायिक राजनीति अब उसके गले का ही फंदा बनने लगी थी।

इसलिए हमने शुरू में लिखा खाला का घर नाहीं। दोनों के लिए। सीस उतारे हाथि करि सो पैठे घर मांहि। सामान्य मतलब आसान नहीं है। पूरी जान लगानी होगी। देखते हैं कौन कितनी लगाता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

# हिंदुत्व-कारपोरेट-भगवा गठजोड़ के खिलाफ अभियान समय की मांग

■ पी सुधीर

> भाजपा से मुकाबला करने के लिए हिंदुत्व सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ वैचारिक और राजनीतिक रूप से एक साहसिक और लगातार लड़ाई की आवश्यकता है। विपक्षी दलों को समझना चाहिए कि यह लोकतंत्र को बचाने की अस्तित्व की लड़ाई है। आगामी चुनावी लड़ाई में सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट शासन और लोकतंत्र के लिए उनके द्वारा उत्पन्न खतरे के खिलाफ एक शक्तिशाली अभियान समय की मांग है।

भाजपा ने कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों से दलबदल कराने के लिए एक पूर्ण अभियान शुरू किया है। नीतीश कुमार की जद (यू) और जयंत चौधरी की रालोद को भाजपा में शामिल करने के बाद, विभिन्न राज्यों में कांग्रेस के कुछ चुनिंदे नेताओं, विधायकों और पूर्व विधायकों के दलबदल की बाढ़ आ गई है।

पिछले एक महीने में ही असम में दो कांग्रेस विधायकों ने राज्य में भाजपा सरकार को समर्थन देने की घोषणा की है। विशेष बात यह कि उनमें से एक असम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष थे। इसके बाद महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण का दलबदल हुआ और वह भाजपा में शामिल हो गये। राजस्थान में कांग्रेस के चार बार के विधायक और आदिवासी नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय को अचानक अपना वैचारिक जुड़ाव भाजपा के प्रति महसूस हुआ। गुजरात में विधानसभा में मुख्य सचेतक समेत कांग्रेस के दो विधायकों ने पाला बदल लिया है। अब उनके पीछे कांग्रेस के निवर्तमान राज्यसभा सांसद और पांच बार के लोकसभा सांसद, आदिवासी नेता नाराण राठवा और उनके बेटे हैं। अरुणाचल प्रदेश में, जहां भाजपा में स्वयं दलबदलू शामिल हैं, कांग्रेस के दो विधायक नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो अन्य विधायकों के साथ इसमें शामिल हो गये हैं। बिहार में, विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस के दो विधायक और राजद के एक विधायक सत्ता पक्ष में चले गये। इससे पहले विश्वास मत के दौरान राजद के तीन विधायकों ने दलबदल कर लिया था। झारखंड में कांग्रेस की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा भाजपा में शामिल हो गई हैं।

इन दलबदलों को केवल स्वार्थी नेताओं के हरियाली वाले चारागाहों की ओर बढ़ने की एक और लड़ाई के रूप में देखना एक गलती होगी। जो कुछ हो रहा है वह कांग्रेस को अक्षम करने और खत्म करने की बड़ी साजिश का हिस्सा है, खासकर उन राज्यों में जहां वह भाजपा की मुख्य विपक्षी पार्टी है। इसका उद्देश्य यहीं तक नहीं बल्कि पूरे विपक्ष को कमजोर करना है।

कांग्रेस और कुछ विपक्षी नेताओं को दलबदल करवाकर भाजपा में शामिल होने के लिए भगवा पार्टी दोहरी रणनीति अपना रही है। इसमें जबरदस्ती की रणनीति का उपयोग करना और प्रोत्साहन की पेशकश करना शामिल है- अर्थात् गाजर और छड़ी दोनों दिखाने की नीति। कमज़ोर नेताओं को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और केंद्रीय एजेंसियों की छड़ी के रूप में, भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से मुक्ति, चुनाव के लिए टिकट और उदार धनराशि शामिल है। जिन लोगों ने भाजपा में शामिल होने के गुण खोजे हैं उनमें से कई लोग जांच या भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों का सामना कर रहे हैं। अशोक चव्हाण इसका प्रमुख उदाहरण हैं, जो आदर्श हाउसिंग घोटाले में आरोपी हैं। असम कांग्रेस विधायक पुरकायस्थ की जांच राज्य का सतर्कता विभाग कर रहा है। इससे पहले, राकांपा के अधिकांश नेता, जिन्होंने अलग होकर एक समानांतर पार्टी बनाई है और भाजपा से हाथ मिलाया है, वे सभी ईडी द्वारा शुरू की गई विभिन्न जांचों और मामलों का सामना कर रहे थे। दूसरों के लिए, प्रोत्साहन पूरी तरह से भाड़े का है और अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए बेहतर संभावनाओं का लालच है।

जो लोग ईडी/सीबीआई की दमनकारी रणनीति के आगे नहीं झुकेंगे, जेल उनका इंतजार कर रहे हैं, जैसा कि झारखंड के मुख्यमंत्री रहते हुए गिरफ्तार किये गये हेमंत सोरेन के साथ हुआ था, और दिल्ली में भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी की धमकी दी गई है।

भाजपा नेतृत्व का लक्ष्य विपक्ष को खत्म कर एकदलीय शासन स्थापित करना है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि 'असम में कोई वास्तविक विपक्ष नहीं है' और 'यह एक ऐसा राज्य होगा जहां सभी विधायक राज्य और केंद्र दोनों सरकारों का समर्थन करेंगे'।

हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न राज्यसभा चुनावों में जो हुआ उससे स्पष्ट है कि भाजपा दलबदल के एक मास्टर प्लान के अनुसार काम कर रही है।

हिमाचल प्रदेश में, जहां उत्तर भारत की एकमात्र कांग्रेस सरकार है, 68 सदस्यीय विधानसभा में से 40 कांग्रेस की, 25 भाजपा की और तीन निर्दलीय विधायक थे। इन तीन निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस सरकार का समर्थन किया था। इसके बावजूद राज्यसभा के लिए भाजपा का उम्मीदवार निर्वाचित हो गया। कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार का समर्थन किया। इस प्रक्रिया में, राज्य का बजट विधानसभा में रखने की पूर्व संध्या पर सुक्खू सरकार खुद को अनिश्चित स्थिति में पाती है।

उत्तर प्रदेश में चुनाव के लिए दस सीटों में से समाजवादी पार्टी विधानसभा में अपनी ताकत को देखते हुए तीन सीटें जीत सकती थी। लेकिन मुख्य सचेतक समेत सपा के सात विधायकों ने दलबदल कर भाजपा को वोट दिया। इस प्रकार, भाजपा राज्यसभा में दो अतिरिक्त सीटें जीतने में सफल रही और हिमाचल प्रदेश में राज्य सरकार के अस्तित्व को भी खतरा पैदा हो गया।

इस घटनाक्रम से कांग्रेस पार्टी और उसके नेतृत्व को बड़ी चिंता होनी चाहिए। जबकि कोई भी भाजपा की भ्रष्ट चालों की निंदा कर सकता है, एक वैध सवाल यह है कि कांग्रेस कैसे झपकी लेते रही और उसे पता नहीं चला कि उसके भीतर क्या हो रहा है। साफ है कि विधानसभा चुनाव में जीत के बावजूद पार्टी बंटी हुई रही।

कांग्रेस पार्टी की वर्तमान दुर्दशा का उदाहरण उसकी पसंद कमल नाथ हैं। वह मध्य प्रदेश में एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं, जिन्होंने प्रदेश में पार्टी का नेतृत्व करते हुए भी खुलेआम अपनी हिंदुत्व साख का प्रदर्शन किया। चुनावी पराजय के बाद, वह भाजपा के साथ एक समझौता करने को तैयार थे, लेकिन किसी भी कारण से, यह विफल हो गया। यदि कांग्रेस के नेता इसी चीज से बने हैं, तो वह कभी भी भाजपा-आरएसएस के खिलाफ मजबूत और गंभीर लड़ाई नहीं लड़ सकते।

भाजपा से मुकाबला करने के लिए हिंदुत्व सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ वैचारिक और राजनीतिक रूप से एक साहसिक और लगातार लड़ाई की आवश्यकता है। विपक्षी दलों को समझना चाहिए कि यह लोकतंत्र को बचाने की अस्तित्व की लड़ाई है। आगामी चुनावी लड़ाई में सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट शासन और लोकतंत्र के लिए उनके द्वारा उत्पन्न खतरे के खिलाफ एक शक्तिशाली अभियान समय की मांग है। विपक्ष के लिए वही अकेला तरीका होगा जो लोगों को जगा सकता है और भाजपा को हरा सकता है।

## गुरवाणी विचार

# पराधीन सपनेहु सुख नाहिं

देख फरीदा दूधिआ, दाढ़ी होई भूरि।
अगहु नेड़ा आइआ, पिछा रहिया दुरि।
फरीदा काली जिनां न राविआ।
थौली रावे कोय कर साईं सिओं पिरहड़ी रंग नवेला होय।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में जो गुरु ग्रंथ साहिब के 1378 अंग में दर्ज हैं। शेख फरीद जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि हर इंसान सांसारिक मोह, माया में फंसा हुआ है। सांसारिक विषय विकारों में ही हर वक्त गलतान रहता है। वह इन सब में फंसे रहने के कारण उस परमात्मा द्वारा दी गई श्वांसों की पूंजी समाप्त होते ही इस असार संसार से कूच करना पड़ेगा। उसे इस बात की प्रभु परमात्मा साथ-साथ चेतावनी भी देते रहते हैं जैसे शनैः शनैः उसके बाल सफेद होने लगते हैं ताकि वह संभल जाए कि मृत्यु की तरफ उसका एक कदम बढ़ चुका है अर्थात उसकी मृत्यु के दिन नजदीक आ रहे हैं। इसलिए वह सचेत हो जाए और प्रभु सिमरन बंदगी में रम जाए तभी उसका कल्याण ह्वो सकता है। फरीदजी समझा रहे हैं कि किसी पर भी आश्रित होना बहुत बड़ा संताप है क्योंकि भक्त तुलसी दासजी भी इस बात की ताईद करते हैं-

पराधीन सपनेहु सुख नाहिं।

इसलिए हमें सिमरन बंदगी करते रहना चाहिए और प्रभु परमात्मा से यह बिनती करते रहें कि हमें किसी का मोहताज न बनाए। किसी का आश्रित होने से पहले यही अच्छा है कि हमारे शरीर से हमारे प्राण निकल जावे। प्रभु परमात्मा यह अधीन रहने की भावना मृत्यु से भी ज्यादा दुखदाई होती है। इससे बचने का एकमात्र हमारा कल्याण हो सकता है।

कई लोग ऐसा सोचते हैं कि अभी तो काफी उमर पड़ी है बुढ़ापे में बंदगी कर लेगे पर यह भूल जाते हैं कि हम सब प्रभु परमात्मा की खड़ेती है और उसकी मर्जी पर निर्भर है। वह चाहे हमें बालपन में बुला लेवे चाहे जवानी में बुला लेवे। चाहे बुढ़ापे तक रहने देवे- काची पाकी वाड परानी। इसलिए बगैर वक्त गंवाए हमें प्रभु परमात्मा द्वारा प्राप्त सांसों की पूंची का संपूर्ण रूप से लाभ उठाते हुए प्रभु बंदगी करते रहना चाहिए। हमें किसी अच्छे पूर्व जनम के पुण्य के कारण मानव देही प्राप्त हुई है फिर पता नहीं कब हमें मानवदेही मिले या न मिले। क्योंकि प्रभु परमात्मा के पास तो चौरासी लाख योनियों का अटूट भंडार है वह हमें किसी भी योनि में भेज सकता है इसलिए हमें चेतावनी दी गई है कि-

ऐही तेरा अवसर ऐही तेरा बार।
घट भीतर तूं देख विचार।।

कुछ लोग सोचते हैं कि बुढ़ापे में बंदगी कर लेंगे जवानी का आनंद लेवे पर वे इस बात को भूल जाते हैं कि बुढ़ापे में हम से प्रभु बंदगी हो भी पाएगी कि नहीं।

नैनों नीर बहे तन खीना, भये केस दुधलानी।
रुंधा कंठि सबदि नहीं उचरै अब क्या करे प्राणी।।

हमारी आंखें इतनी कमजोर हो जाएगी कि उनसे पानी टपकने लगेगा। शरीर कमजोर पड़ जाएगा। बाल सफेद हो जाएंगे, कंठ से आवाज ठीक से नहीं निकल पाएगी तब फिर क्या भजन बंदगी में हमारा मन लग पाएगा। इस लिए फरीद साहिब फरमा रहे हैं कि जब शरीर के बाल काले हों अर्थात हमारी युवावस्था हो तभी हमें प्रभु बंदगी में जुट जाना चाहिए क्योंकि सबसे अच्छी उम्र यही बंदगी करने की है। इस उम्र में हमारा मन भी बंदगी में लगा रहेगा। सफेद बाल हो जाने पर हमारा शरीर भी कमजोर पड़ जाएगा तब भजन बंदगी में हमारा मन क्या रम पाएगा? हमें समझाया गया है गुरवाणी द्वारा कि-

बाल जुवानी और विरदपन, तीन अवस्था जान।
कहो नानक हर भजन बिन विरथा सब ही मान।।

अगर हमने प्रभु सिमरन बंदगी में मन नहीं लगाया तो हमारा मानव जीवन पाकर इस संसार में आना व्यर्थ हो गया समझना चाहिए। इसलिए हमें अभी से प्रभु सिमरन में मन रमा लेना चाहिए। हीरे जैसा अनमोल जो कौड़ियों के भाव न खतम हो जाए। इस बात का ख्याल रखना चाहिए। तभी हम गुरमुख बनकर प्रभु परमात्मा की दरगाह में उजले मुख से जा सकेंगे। प्रभु बंदगी करते रहने पर ही हम इस लोक में भी सुखपूर्वक जीवनयापन करेंगे और परलोक जाने पर प्रभु के बेगमपुरा जहां किसी भी प्रकार की फिक्र चिंता गम इत्यादि नहीं है में स्थान प्राप्त कर आनंद ही आनंद की अनुभूति प्राप्त करते रहेंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# जीवन में आशाओं के अनंत आकाश

जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में व्यक्ति, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है, बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जिजीविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति, राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान, शक्तिहीन, भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता, शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त, कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी, बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी रूप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़ें बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता, रामायण, महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पाकिस्तान में भारी वर्षा से करीब 29 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 48 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण करीब 29 लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। देश के अधिकारियों ने रविवार को मीडिया को बताया कि यहां बारिश के कारण कई घर ढह गए और भूस्खलन से उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में सड़कें अवरुद्ध हो गईं। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात से केपी में बारिश से संबंधित घटनाओं में लगभग 23 लोग मारे गए जबकि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बाढ़ के कारण पांच लोगों की मौत हो गई।

# गाजा में पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में 90 लोग मारे गए

**काहिरा,** 3 मार्च (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में करीब 90 लोग मारे गए हैं और 177 से

■ **गाजा में युद्ध में मरने वालों की संख्या 30,410 हुई**



अधिक घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले 24 घंटों में इजरायल हमलों से गाजा पट्टी में 90 लोग मारे गए, 177 घायल हुए। मंत्रालय ने कहा कि इससे गाजा में युद्ध में मरने वालों की संख्या 30,410 हो गई है और घायलों की संख्या 71,700 हो गयी है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि कतर ने 24 नवंबर को इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की।

## सुनक से गाजा में 'नरसंहार' रोकने का आग्रह



**लंदन।** ब्रिटेन के पेशेवर मिश्रित मार्शल खिलाड़ी मुहम्मद मोकेव ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से गाजा पट्टी में सामूहिक हत्याओं को रोकने का आग्रह किया है। श्री मोकेव ने लास वेगास में यूएफसी 87 में एलेक्स पेरेज़ को हराने के बाद श्री सुनक से यह आग्रह किया। उन्होंने शनिवार को अपने साक्षात्कार में कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, नरसंहार बंद करो , इसे रोकें। कम से कम रमज़ान में रुकें, हमारे बच्चों को मारना बंद करें। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। हमले में 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक कम से कम 30,000 लोग मारे गए हैं। कतर ने 24 नवंबर को इज़रायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की।

# शहबाज लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने वाले पाकिस्तान के पहले राजनेता



**इस्लामाबाद,** 3 मार्च (एजेंसियां। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ रविवार को नेशनल असेंबली में 201 मत हासिल करने के साथ एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बने। वह पाकिस्तान के 24वें और लगातार दूसरी बार इस पद पर चुने जाने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के सांसदों के विरोध के बीच नेशनल असेंबली स्पीकर अयाज सादिक ने घोषणा की, मियां मुहम्मद शहबाज शरीफ को 201 वोटों के साथ प्रधानमंत्री चुना गया है। (जबकि) उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद स्पीकर ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री की सीट पर बैठने के लिए आमंत्रित किया और उनसे सदन को संबोधित करने के लिए कहा।

**नेशनल असेंबली में 201 मत हासिल किए**

प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले भाषण में पार्टी नेताओं से घिरे शहबाज शरीफ ने इस पद के लिए उन्हें नामित करने के लिए पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ को धन्यवाद दिया और उनका समर्थन करने के लिए अपने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। किसी का नाम लिए बिना, शहबाज शरीफ ने तत्कालीन विपक्ष को परेशान करने, देश के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ जाने और सशस्त्र बलों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर कटाक्ष किया। पिछले साल भ्रष्टाचार के एक मामले में पीटीआई के संस्थापक इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़के 9 मई के दंगों को याद करते हुए उन्होंने कहा, यह दु:खद है कि देश को जीएचक्यू, कोर कमांडर हाउस सहित (सरकारी) संस्थानों पर हमलों का साक्षी बनना पड़ा।

## सुडोकू 6485

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार ओर खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : सोमवार 4 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आज आप सभी काम सावधानी से करें। सरकार विरोधी काम से दूर रहें। दुर्घटना हो सकती है, इसलिए वाहन आदि का उपयोग ध्यान से करें। बाहर के खान-पान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

वृषभ - आप को अपने प्रिय दोस्तों और स्वजनों के साथ घूमने- फिरने का आनंद प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्र-आभूषण और भोजन का अवसर आपको मिलेगा। दोपहर के बाद स्थिति आपके नियंत्रण से हट सकती है।

मिथुन - आज आपके परिवार का वातावरण उल्लासपूर्ण रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। आप के अधूरे काम पूरे होने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापारिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

कर्क - भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक काम करने से सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न करें। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी दोपहर के बाद आप निवेश संबंधी योजना पर काम कर सकते हैं।

कन्या - आध्यात्मिकता के प्रति आपको आकर्षण अधिक रहेगा। आप को आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए काम का आरंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला - आज सुबह की शुरुआत कुछ सुस्त होगी। किसी बात की ग्लानि आपके मन में रह सकती है। परिजनों के साथ आज कुछ मर्यादापूर्वक बात करें। धर्म कार्य पर खर्च होने की संभावना है।

वृश्चिक - आप का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज अच्छा बना रहेगा। परिवार का वातावरण हर्षोल्लासपूर्ण रहेगा। क्रोध की मात्रा बढ़ें, तो भी क्रोध न करें। दोस्तों से मिलने का आनंद लें।

धनु - आज वाणी पर संयम रखें और क्रोध ना करें। परिजनों के साथ संबंधों में कुछ कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। ऑपरेशन जैसे काम को आज टालें।

मकर - सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने के साथ ही व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से आज का दिन लाभदायी है। दोपहर के बाद सावधानी बरतकर काम करें। स्वास्थ्य को संभालें। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखें।

कुंभ - आप का मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत मिलेंगे। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। कार्यालय में अधिकारियों को आप के काम से संतोष रहेगा। पदोन्मति के योग हैं।

मीन - व्यापार में नए सौदों के लिए आज का समय अनुकूल नहीं है। अधिकारी तथा विरोधियों के साथ व्यर्थ चर्चा ना करें। यात्रा हो सकती है। दोपहर के बाद कार्यालय का वातावरण अनुकूल रहेगा। अधूरे काम पूरे होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूक्रेन के ओडेसा में ड्रोन हमले में आठ लोगों की मौत

**कीव,** 3 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन के दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में शनिवार सुबह एक ड्रोन के एक इमारत पर हमला करने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। आपातकालीन स्थिति के लिए राज्य सेवा ने टेलीग्राम पर यह जानकारी दी है। अभियोजक जनरल के कार्यालय के अनुसार, रूसी सेना द्वारा दागे गए ड्रोन ने ओडेसा के आवासीय क्षेत्र में नौ मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक पर हमला किया। हमले में 18 घर नष्ट हो गए। शनिवार शाम तक हमले वाली जगह पर तलाशी अभियान अभी भी जारी था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने लेनिनग्राद क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। यह फिनलैंड की खाड़ी की सीमा पर है, और शनिवार को बेलगोरोड क्षेत्र में एक दूसरे ड्रोन को नष्ट कर दिया। किसी के हताहत होने या क्षति की सूचना नहीं मिली।



## स्लोवाक के विदेश मंत्री ने रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों का किया विरोध

**अंताल्या ( तुर्की ),** 3 मार्च (एजेंसियां)। स्लोवाक के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार ने कहा है कि उनका देश रूस पर प्रतिबंध लगाने का विरोध करता है और युद्ध को बढ़ाने के लिए यूक्रेन में कोई हथियार या सेना नहीं भेजेगा। दक्षिणी तुर्की शहर में आयोजित अंताल्या डिप्लोमेसी फोरम के मौके पर अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बैठक के बाद उन्होंने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, 'प्रतिबंध रूसी अर्थव्यवस्था की तुलना में यूरोपीय संघ को और भी अधिक नुकसान पहुंचाता है।' उन्होंने कहा, 'हम किसी अन्य प्रतिबंध का समर्थन नहीं करेंगे, जो रूस से ज्यादा स्लोवाकिया को नुकसान पहुंचाएगा।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ब्लैनर ने कहा, 'स्लोवाकिया की नई सरकार के रूप में, हम यूक्रेन को कोई हथियार नहीं देंगे।' उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'हमारी स्थिति अब पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट है, हम युद्धविराम और शांति वार्ता का आह्वान करते हैं, जो इस संकट का एकमात्र समाधान है।' उनकी यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के सोमवार के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस की हार सुनिश्चित करने के लिए सैनिकों की तैनाती सहित वह सब कुछ किया जाना चाहिए जो आवश्यक है।



### गालुजिन, ली हुई ने यूक्रेन संकट पर चर्चा की

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री मिखाइल गालुजिन ने यूरेशियन मामलों पर चीन के विशेष प्रतिनिधि ली हुई के साथ बैठक की है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने यूक्रेन संकट पर चर्चा की। रूसी विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा रूसी संघ के उप विदेश मंत्री गालुज़िन ने मॉस्को में यूरेशियन मामलों के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की सरकार के विशेष प्रतिनिधि, यूक्रेन संकट को हल करने के लिए चीनी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख ली हुई से मुलाकात की।

## केन्या के सीमावर्ती क्षेत्र में अल शबाब के पांच आतंकवादी ढेर



**नैरोबी,** 3 मार्च (एजेंसियां)। केन्याई पुलिस ने सोमालिया की सीमा के पास गरिसा काउंटी में एक सुरक्षा अभियान में अल-शबाब के पांच आतंकवादियों को मार गिराया और चार अन्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि रक्षा बलों ने शनिवार को चारों संदिग्धों को फाफी इलाके में उनके ठिकाने से गिरफ्तार किया और सुदो पीकेएम मशीन गन, छह एके47 राइफल और कई शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण बनाने की सामग्री बरामद की। सुरक्षा रिपोर्ट के मुताबिक, चारों से पूछताछ की जा रही है और वे पुलिस के साथ सहयोग कर रहे हैं। पुलिस द्वारा बुधवार को तटीय क्षेत्र में मंगई, लामू काउंटी में एक आधार स्थापित करने की आतंकवादियों की योजना को विफल करने और उनके सेल को नष्ट करने के बाद ऑपरेशन शुरू किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए और सेल क्षेत्र में सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर हमला करने की योजना बना रहा था।

### पाकिस्तान में तीन आतंकवादी मारे गए,चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए हैं और चार अन्य घायल हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने रविवार को एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कथित मौजूदगी पर प्रांत के करक जिले में तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान, सैनिकों और आतंकवादियों के बीच तीव्र गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार आतंकवादी घायल हो गए।

## पेरू में बाढ़ से छह लोगों की मौत

**लीमा,** 3 मार्च (एजेंसियां)। पेरू के अपुरिमैक क्षेत्र में भारी बारिश के कारण चुंबाओ नदी में बाढ़ आने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय रेडियो स्टेशन एक्सिटोसा के अनुसार, यह घटना शुक्रवार तड़के हुई जब पीड़ित कथित तौर पर एक काले वाहन में यात्रा कर रहे थे। वाहन भारी बारिश के कारण पानी में बह गया। राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने शुक्रवार को रिपोर्ट दी कि चुंबाओ नदी के उफान के कारण दक्षिणी पेरू के तालावेरा जिले में घरों को नुकसान हुआ है। इसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने कास्पिचका जिले से लोगों को निकाला।



## वर्ग पहेली 6485

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वाक्य की बनावट, रचना, लिखने का ढंग (उर्दू)
३. ऐसा जीव जो (पौधे का प्राणी) पर या उसके अंदर रहता है और उसी को अपना आहार प्राप्त करता है
५. प्रश्न (उर्दू)
६. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठी आदि भाषा में लिखी जाती है
७. एक फल जिसे सब्जी आदि में डाला जाता है
९. निर्माण, रचना
१०. बद्दुआ, आप
१२. सुबह रात की समाप्ति
१३. जिसके पति की मृत्यु हो गई हो
१४. जंगलों में निवास करने वाला
१६. काल, अवसर
१८. भेद, फासला, फर्क
२०. महिना, साल का भाग
२१. सरोवर
२३. आदेश की अवहेलना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अराध्य देव
२. निवास करना, मौजूद होना
३. सेना, फौज
४. साहस, बहादुरी, हिम्मत
५. जमीन पर रेंगने वाले प्राणी
८. सूर्य पुत्र, कर्ण
१०. इकट्ठा करना, कमाना
११. साधुवाद, वाहवाही
१२. घर, मकान रहने की जगह
१३. जिसका अंत हो गया हो, विरक्त, लीन, मग्न
१४. अधीनस्थ
१५. वेश्या
१६. शंकर, शिव
१८. आकाश, गगन
१९. रात्रि
२२. कुबेर, कुबेर के सेवक

### वर्ग पहेली-6484

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क | ठ | २ मु | ल्ला | ■ | ■ | ३ त | ल | ४ ह | टी |
| र | ■ | स्ट | ■ | ५ ख | स | म | ■ | त्या | ■ |
| ६ त | ला | क | ■ | री | ■ | ७ क | वि | रा | ८ ज |
| ल | ■ | वि | ■ | ९ द | र्शा | ना | ■ | ■ | टि |
| ■ | १० सु | ल | ११ झ | ना | ■ | ■ | १२ उ | त्प | ल |
| ■ | ल | ■ | ड़ | ■ | १३ नि | ह | त्था | ■ | ता |
| १४ ब | ह | १५ क | ना | ■ | र्म | ■ | १६ न | १७ त | ■ |
| ल | ■ | र | ■ | १८ बे | म | १९ न | ■ | र्जु | ■ |
| २० शा | र | दा | ■ | ग | ■ | २१ व | र्ण | मा | २२ ला |
| ली | ■ | २२ ता | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1879-लड़कियों को उच्च शिक्षा देने के लिए कलकत्ता में बेथुन कॉलेज की स्थापना. यह ब्रिटेन से बाहर पहला महिला कॉलेज था।

1883-दरबान सिंह नेगी प्रथम विश्व युद्ध के दौरान उन चंद भारतीय सैनिकों में से एक थे, जिन्हें ब्रिटिश राज का सबसे बड़ा युद्ध पुरस्कार 'विक्टोरिया क्रॉस' मिला , का जन्म।

1921-असहयोग आंदोलन में इस दिन ननकाना के एक गुरुद्वारे, जहाँ पर शान्तिपूर्ण ढंग से सभा का संचालन किया जा रहा था, पर सैनिकों के द्वारा गोली चलाने के कारण 70 लोगों की जानें गई।

1922-प्रसिद्ध गुजराती रंगमंच और फ़िल्म अभिनेत्री दीना पाठक का जन्म।

1931-ब्रिटिश वायसराय, गर्वनर जनरल एडवर्ड फ्रेदेरिक्क लिन्द्ले वुड और मोहनदास करमचंद गाँधी जी (महात्मा गाँधी) में भेंट राजनीतिक कैदियों की रिहाई और नमक के सर्वजन उपयोग की छूट को लेकर मंत्रणा और इकरारनामे की घोषणा।

1939-भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का निधन।

1941-भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रमोद काले का जन्म।

1951-नयी दिल्ली में पहले एशियाई खेलों का आयोजन।

1961-भारत के पहले विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने सेना के लिए अपनी सेवाएं देना शुरू किया।

1980-भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना का जन्म।

1998-भारत के प्रकाश शाह सं.रा. महासचिव द्वारा बगदाद में विशेष प्रतिनिधि नियुक्त।


**समर्थन** नामांकन हासिल करने के लिए कम से कम 1,215 प्रतिनिधियों का समर्थन जरूरी

# ट्रम्प ने मिसौरी के रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कॉकस में हासिल की जीत

**वाशिंगटन,** 3 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कॉकस में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। मध्य-पश्चिमी राज्य में संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली पर ट्रम्प की जीत पूर्व राष्ट्रपति के लिए एक और अच्छी खबर है, जिन्होंने पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा और दक्षिण कैरोलिना में जीत हासिल की थी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एक प्रमुख राज्य मिशिगन में, ट्रम्प ने मंगलवार को रिपब्लिकन प्राइमरी में 68 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की थी।

शनिवार को, रिपब्लिकन सम्मेलन के दौरान उन्हें अधिक प्रतिनिधियों का समर्थन मिला, इससे उत्तरी राज्य में उनकी जीत पक्की हो गई। ट्रम्प ने अब तक 100 से अधिक प्रतिनिधियों को एकत्र किया है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का नामांकन हासिल करने के लिए कम से कम 1,215 प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल करने की आवश्यकता होगी।



राष्ट्रपति पद के प्राथमिक चक्र का वह दिन जब अधिकांश राज्य मतदान करते हैं, सुपर ट्यूजडे, नजदीक आ रहा है। इस वर्ष का सुपर ट्यूजडे 5 मार्च को है, जब लगभग 15 राज्य मतदान करेंगे।

जून तक चलने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति पद के प्राइमरीज़, जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन से पहले होते हैं, जहां पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को आधिकारिक तौर पर प्रतिनिधियों द्वारा चुना जाता है, इसके बाद अगस्त में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन होता है।

2024 का राष्ट्रपति पद का चुनाव 5 नवंबर को होगा।

### अमेरिका भारत को एमक्यू-9बी ड्रोन बेचने के लिए उठाएगा अगला कदम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस की सौदे की समीक्षा के लिए 30 दिन की अवधि शुक्रवार को खत्म हो गई। इसके बाद भारत को गोला-बारूद के साथ 31 एमक्यू-9बी स्काईगार्डियन सशस्त्र ड्रोन बेचने के लिए अगला कदम उठाने का रास्ता अब साफ हो गया है। ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी, टोही और भूमि, वायु और समुद्री युद्ध के लिए हैं। भारत के पास इनमें से दो ड्रोन - एमक्यू-9ए - निर्माता जनरल एटॉमिक्स से कंपनी-लीज और ऑपरेशन के आधार पर हैं। भारत ने गोला-बारूद के साथ ड्रोन के जिस पूरे पैकेज की मांग की है, उसकी अनुमानित लागत 3.99 अरब डॉलर होगी।

## दुनिया को जानें

### चीन की आर्थिक क्षमता को मजबूती देता हाई-स्पीड रेल नेटवर्क

**बीजिंग,** 3 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व चीनी नेता डेंग शियाओफिंग ने 1978 में अपनी जापान यात्रा के दौरान दुनिया की पहली हाई-स्पीड ट्रेन, 'शिंकानसेन' (जिसे बुलेट ट्रेन भी कहा जाता है) में सफर किया। इसने मुख्य भूमि चीन में हाई-स्पीड रेलमार्ग (एचएसआर) के बारे में जागरूकता पैदा की। आज जब जापान की रेल प्रणाली एक चमत्कार बनी हुई है, तो चीन दुनिया के बेहतरीन हाई-स्पीड रेल नेटवर्क में ध्रुव की स्थिति में है। आश्चर्यजनक रूप से केवल 15 साल में निर्मित चीन का रेल नेटवर्क अब 45 हजार किलोमीटर से अधिक फैला हुआ है जो पृथ्वी की परिधि से अधिक है और 2035 तक 70 हजार किलोमीटर तक पहुंचने की राह पर है। परिचालन ट्रेनों के अलावा नियमित रूप से 350 किमी/घंटा की गति तक पहुंचने के साथ चीन की हाई-स्पीड रेल प्रणाली भी दुनिया में सबसे तेज है, जापान और फ्रांस से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। दुनिया की सबसे अत्याधुनिक रेल प्रौद्योगिकियों के संरक्षक के रूप में, दुनिया के बाकी हिस्सों में चीन का नेतृत्व बढ़ने के लिए तैयार है क्योंकि यह अपनी रेल सेवा के नवाचार और गुणवत्ता को आगे बढ़ा रहा है।

# प्रादेशिकी

**चारधाम यात्रा 2024 : तीर्थयात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर रहेगा ध्यान**

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा मई माह से शुरू होने वाली है, जिसकी तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दी है। इस बार भी चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग की जाएगी। इतना ही नहीं, इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए 11 भाषाओं में एसओपी जारी की जाएगी। प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डॉ. राजेश कुमार के बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान मार्ग पर जगह-जगह तीर्थयात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच का प्रबंध किया जा रहा है। इस बार शुरुआती चरण से तीर्थयात्रियों की स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस रखा जाएगा। चारधाम यात्रा रूट पर हेल्थ पॉइंट पर मरीजों के स्वास्थ्य की गहनता से जांच होगी। उन्होंने बताया कि चौक-चौराहों पर फोर्स की तैनाती कर दी गई है। लगातार यात्रा के रूटों पर निरीक्षण का कार्य भी किया जा रहा है।

## उपयोग प्लेटफार्म शहरी स्थानीय निकायों की ई-सेवाओं में क्रांति लाएगा : मुख्यमंत्री

### 60 यूएलबी के लिए जल्द ही ई-सेवाएं शुरू करने की योजना



नागरिकों को शहरी सेवाओं की सरल उपलब्धता, स्वचालित स्थिति अपडेट और शहर के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होगा : सुखविंदर सिंह सुक्खू

**शिमला,** 3 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी 60 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में ई-गवर्नेंस सेवाएं शुरू कर रही है। इस पहल का उद्देश्य वृहद राज्य-व्यापी सेवा वितरण अधोसंरचना के माध्यम से एकीकृत व पूर्ण समाधान प्रदान करके नागरिकों के लिए सार्वजनिक सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (एनयूडीएम) के तहत अर्बन प्लेटफार्म फॉर डिलीवरी आफ ऑनलाइन गवर्नेंस (उपयोग) प्लेटफॉर्म के कार्यान्वयन के लिए आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह प्लेटफार्म प्रदेशवासियों के लिए एकीकृत पोर्टल प्रदान करके शहरी सेवाओं को डिजिटल बनाने और बदलने के लिए तैयार किया गया है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नागरिकों को शहरी सेवाओं की सरल उपलब्धता, स्वचालित स्थिति अपडेट और शहर के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जबकि शहरी स्थानीय निकाय उत्पादकता में वृद्धि, सेवाओं की बेहतर समयबद्ध डिलीवरी, बेहतर राजस्व सृजन और डेटा-संचालित निष्पादन करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार को योजना और नीतियां बनाने, परियोजना लक्ष्यों के आधार पर निधि वितरण में तेजी लाने और विभिन्न शहरों के बीच नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में वास्तविक डेटा से लाभप्रद सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में ई-गवर्नेंस सेवाओं को लागू करने की पहल का उद्देश्य प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से शहरों की गवर्नेंस में पारदर्शिता, दक्षता और समन्वय को बढ़ाना है। राज्य सरकार विभिन्न विभागों में प्रौद्योगिकी के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उपयोग प्लेटफार्म की संचालन के लिए कार्यान्वयन योजना के रूप में राज्य स्तर पर स्टेट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके अतिरिक्त इस पहल में शहरी स्थानीय निकायों में संपत्ति मानचित्रण और सर्वेक्षण के लिए ड्रोन-आधारित भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग और परिवार रजिस्टर तैयार करने के लिए प्रत्येक परिवार का सर्वेक्षण शामिल है। उन्होंने कहा कि उपयोग प्लेटफार्म माइक्रो-सेवा-आधारित डिजिटल बुनियादी ढांचा है जो राज्य सरकारों को नागरिकों के लिए शहरी सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ाने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी शहरी स्थानीय निकायों में स्थानीय रूप से प्रासंगिक ऑनलाइन समाधान प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-गवर्नेंस सेवाओं के कार्यान्वयन से राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में नागरिकों के जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आएगा, जिससे नगरपालिका प्रशासन सरल, अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनेगा।

## मुख्यमंत्री मानते है गुटबाजी, बांटने का प्रयास: संदीपनी भारद्वाज

### काला नाग वाला बयान अशोभनीय, अभी भी कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं




'मुख्यमंत्री मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और कैबिनेट रैंक को रेवड़ियों की तरह बांट रही है'

**शिमला,** 3 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा की मुख्यमंत्री का यह बयान कि 80 फीसदी कांग्रेस एक साथ है और बाकी 20 फीसदी में भी कुछ लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर हमसे नाराज हैं, साफ दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी और सरकार में गुटबाजी है। साथ ही बार-बार अपने विधायकों को काला नाग खेना अशोभनीय है। बात केवल गुटबाजी की नहीं है पर इस पूरे प्रकरण में जनता पीड़ित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और कैबिनेट रैंक को रेवड़ियों की तरह बांट रही है, कांग्रेस के दो विधायकों नंदलाल और मोहन लाल ब्राक्टा की सुक्खू सरकार ने सुरक्षा और कड़ी कर दी है। उन्हें फोर प्लस सिक्योरिटी दी गई है, जिसमें एक हवलदार और चार सिपाही रहेंगे, सबको यह समझ नहीं आ रहा है की ऐसी क्या नौबत आन पड़ी। सरकार ने शनिवार को कांगड़ा जिले की फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया को कैबिनेट मंत्री के बराबर का दर्जा दिया। उन्हें राज्य योजना बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इससे पूर्व में कांग्रेस नेता नंदलाल को एक दिन पहले ही कैबिनेट मंत्री के स्तर का दर्जा देकर उन्हें सातवें वित्तायोग का अध्यक्ष बनाया गया है। विधायकों को सरकार में जगह देकर अपने पक्ष में साधने के प्रयास हो रहे हैं। कांग्रेस की वर्तन सरकार केवल मात्र रेवड़िया बांटकर सरकार के एकजुटता करने का प्रयास कर रही है। ऐसी आशंका भी है की डैमेज कंट्रोल के लिए अभी सुक्खू सरकार और भी ताजपोशियां करने की तैयारी में है। एक दर्जन निगमों-बोर्डों और स्वायत्त संस्थानों में कई अध्यक्षों और उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की जानी हैं। इसके लिए असंतुष्टों और ओहदों के ख्वाहिशमंदों की एक सूची बनाई जा रही है। इस सूची में चार विधायकों के नाम शामिल हैं। यह कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी तीनों ही संसदीय क्षेत्रों से हैं। उन्होंने कहा की राज्य सचिवालय के शिखर सम्मेलन हॉल में चल रही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अचानक उठकर तेजी से बाहर चले गए। चर्चा यह रही कि वह किसी बात से नाराज होकर कैबिनेट बैठक छोड़कर जा रहे थे।

**सार संक्षेप**

### चट्टान गिरने से कार चकनाचूर, चालक ने कूदकर बचाई जान

**रुद्रप्रयाग।** बीती दो दिनों से पहाड़ी जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी तो निचले क्षेत्रों में बारिश जारी हैं। कालीमठ मार्ग पर पहाड़ी से बोल्डर गिरने से से एक वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि, चालक ने किसी तरह अपनी जान बचाई।

### होलीलॉज के प्रति वफादार था, हूं और आगे भी रहूंगा: ब्राक्टा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रोहड़ू से कांग्रेस विधायक एवं होलीलॉज के करीबी माने जाने वाले मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि वह होलीलॉज के प्रति वफादार थे, वर्तमान में भी हैं तथा आगे भी रहेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही हैं। श्री ब्राक्टा ने शनिवार को शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि हिमाचल में माहौल ठीक है तथा प्रदेश सरकार स्थिर है। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान द्वारा भेजे गये पर्यवेक्षकों के साथ बैठक में पार्टी के सभी विधायक मौजूद थे। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर कोई भी दबाव नहीं है। वह कांग्रेस पार्टी से तीन बार चुनाव लड़े तथा जीते। वह पार्टी के साथ खड़े हैं।

सरकार के संकट में आने तथा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह चलता रहता है। परिवार में भी कई बार ऐसी बातें होती हैं लेकिन अब संकट टल गया है तथा राज्य सरकार स्थिर है जो पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी।

### हिमाचल में कार खाई में गिरी, चालक की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ज़िला शिमला के रोहड़ू उपमंडल के समरकोट के पास खलटूधार में एक कार के खाई में गिरने से चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गांव जौंली की रहने वाली महिला सरला नेगी पत्नी अमर चंद नेगी ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि जब वह दोपहर करीब 1.15 बजे रैन शैल्टर के अंदर खड़ी थी तो उसी दौरान एक सफेद रंग की कार सुंगरी से रोहड़ू की तरफ आ रही थी। यह कार खलटूधार के पास अनियंत्रित होकर ढांक से लगभग 50 मीटर नीचे जा गिरी। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार चालक के शव को बाहर निकालकर घटना की जांच शुरू कर दी है। रोहड़ू के पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टी करते हुए बताया कि इस दुर्घटना में कार चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी, जिसकी पहचान बिन्टू पुत्र हीरा लाल निवासी लोअर कोटी तहसील रोहड़ू के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने धारा 279, 304, आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुडोकू 6485 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |

## लोकसभा चुनाव: भाजपा में हरिद्वार गढ़वाल सीट पर टिकट बदलने के आसार

### डां निशंक व तीरथ सिंह रावत का पत्ता कटने की उम्मीद

अमर नाथ तिवारी



**देहरादून,** 3 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा ने उत्तराखण्ड की तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। तीनों सीटों पर भाजपा के सीटिंग सांसदों को ही उम्मीदवार बनाया गया है। किन्तु भाजपा ने सीटों के बंटवारे की पहली सूची में हरिद्वार और गढ़वाल लोससभा सीट के प्रत्याशियों के नाम शामिल नहीं है। इसके बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि हरिद्वार व गढ़वाल सीट पर प्रत्याशियों के नामों को लेकर अभी कशमकश है।

गढ़वाल से पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत सांसद हैं, जबकि हरिद्वार का प्रतिनिधित्व पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक कर रहे हैं। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व अपनी दूसरी सूची में इन दोनों सीटों के प्रत्याशियों के नाम घोषित कर सकता है। पहली सूची में दोनों सीटों के प्रत्याशियों के नाम शामिल न होने को लेकर सियासी हलकों में चर्चाएं हैं कि केंद्रीय नेतृत्व यहां नया प्रयोग करने के मूड में है। खुद भाजपा सूत्रों का कहना है कि हरिद्वार सीट पर पूर्व काबीना मंत्री मदन कौशिक की प्रबल दावेदारी बनती है। जिसे इस बार भाजपा आलाकमान नजर अंदाज करने की मूड में नही है। साथ ही दावेदारों में रूप्रेन्द्र प्रकाश व पूर्व विधायक संजय गुप्ता के नाम शामिल है। इधर पौड़ी सीट पर भाजपा पूर्व मुख्य मंत्री भुवनचंद खण्डूडी के बेटे पूर्व में गढ़वाल सीट से कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके मनीष खण्डूरी पर नजर है। अगर बात नही बनती है तो फिर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत या फिर सतपाल महाराज भी चुनाव मैदान में उतर सकते है। राजनीतिक गलियारों की चर्चाओं के अनुसार कुछ मिलाकर देखा जाए तो कम से कम हरिद्वार लोकसभा सीट पर भाजपा आलाकमान किसी पहाड़ी व्यक्ति को टिकट नही देगी। ऐसा तय माना जा रहा है।

**मनी लॉड्रिंग मामला**

### शैफाली वालिया को नहीं मिली जमानत

**नैनीताल,** 03 मार्च (एजेंसियां) उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मनी लॉड्रिंग की आरोपी शैफाली वालिया उर्फ शैफाली करणवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने इसे गंभीर अपराध माना है। शैफाली वर्मा मनी लॉड्रिंग के आरोप में जेल में बंद है। आरोप है कि मैसर्स पुष्पांजलि रियलम्स एंड इंफ्राटेक लि0 नामक कंपनी देहरादून के राजपुर में आर्किड पार्क के नाम पर फ्लैट तैयार कर रही थी। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट था। इसके लिये फ्लैट खरीददारों से पैसा वसूला गया और बैंक से ऋण भी लिया गया लेकिन खरीददारों को न तो फ्लैट दिये गये और न ही पैसा वापस किया गया। कंपनी के खिलाफ देहरादून के राजपुर और डालनवाला थाना में कई अभियोग पंजीकृत हैं। यह भी आरोप है कि आवेदक शैफाली वालिया के पति राजपाल वालिया कंपनी में सह निदेशक हैं और उनके पति के खाते से आवेदक के खाते में अच्छी खासी रकम स्थानांतरित हुई है।

**धामी कैबिनेट की बैठक आज**

### शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, परिवहन संबंधी प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर



■ मार्च महीने में लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही आचार संहिता लागू होने वाली है

**देहरादून,** 3 मार्च (एजेंसियां)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की अहम बैठक होने जा रही है। लोकसभा चुनावों से पहले होने वाली ये कैबिनेट की बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। धामी कैबिनेट की बैठक 4 मार्च यानि आज 11 बजे राज्य सचिवालय के विश्वकर्मा भवन में स्थित वीर चंद्रसिंह गढ़वाली सभागार (पंचम तल), देहरादून में होगी। अधिकारियों को बैठक की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, परिवहन, शहरी विकास सहित कई विभागों से संबंधित प्रस्तावों पर मुहर लगा सकती है। सरकारी विभागों में चल रहे खाली पदों पर भर्ती के लिए भी फैसले और निर्देश धामी कैबिनेट के द्वारा दिए जा सकते हैं। वहीं लोकसभा चुनाव से पहले धामी कैबिनेट की ये बैठक काफी अहम मानी जा रही है। मार्च महीने में लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही आचार संहिता लागू होने वाली है। ऐसे में आचार संहिता लगने से पहले ये धामी कैबिनेट की अंतिम बैठक होने जा रही है।

## सोशल मीडिया पर जातिसूचक शब्दों का उपयोग करने पर आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर,** 3 मार्च (देशबन्धु)। सोशल मीडिया पर जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर पोस्ट करने के आरोपी को पौड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पौड़ी की अदालत में पेश किया। अदालत के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

विकास खंड कल्जीखाल निवासी एक युवक ने मई 2022 में एसएसपी व डीएम पौड़ी को बीते डेढ़ वर्ष पहले एक शिकायत सौंपी थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने चार लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व जातिसूचक शब्दों के उपयोग का आरोप लगाया था। जिस पर मुकदमा दर्ज नहीं किए जाने पर शिकायतकर्ता ने बीते 2 जनवरी को एसएसपी कार्यालय परिसर पौड़ी व 4 जनवरी को डीएम कार्यालय परिसर के बाहर और हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल में सांकेतिक धरलेकिन इसी बीच पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी, आईटी एक्ट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

एसएसपी पौड़ी ने मामले की जांच सीओ कोटद्वार को सौंप आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। सीओ कोटद्वार विभव सैनी ने बताया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ सोशल मीडिया पर जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर पोस्ट करने के आरोपी को देहरादून से गिरफ्तार कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पौड़ी की अदालत में पेश किया गया. अदालत के आदेश पर आरोपी को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार खांड्यूसैंण भेज दिया गया है। सीओ कोटद्वार सैनी ने बताया कि मामले से जुड़े अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई गतिमान है.ना दिया था। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं किए जाने पर आईजी और पुलिस महानिदेशक से शिकायत की।

## ऊना-हमीरपुर रेलवे लाइन की डीपीआर तैयार : दानवे

**शिमला, 03 मार्च (एजेंसियां)** रेल, कोयला एवं खान मंत्रालय राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित ऊना-हमीरपुर रेलवे लाइन के सम्बंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। डीपीआर के अनुसार इस परियोजना की अनुमानित लागत 3361 करोड़ रुपये है। हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हाल ही में राज्यसभा में विशेष उल्लेख के तहत ऊना रेलवे लाइन को हमीरपुर तक बढ़ाने और भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे लाइन के लिए समुचित धन का प्रावधान करके इसके कार्य में तेज़ी लाने का मामला उठाया था। श्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने सांसद सिकंदर कुमार को इसका जवाब प्रेषित किया है। श्री दानवे ने बताया कि ऊना से हमीरपुर तक नई रेल लाइन की लंबाई 41 किलोमीटर होगी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

**बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई**



**शिमला,** 3 मार्च (देशबन्धु)। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने आज यहां पोलियो दिवस के अवसर पर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने भारत को पोलियो मुक्त बनाने के लिए देश के स्वास्थ्य तथा चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज प्रदेश में 10,963 दलों द्वारा 5,870 केन्द्रों में 5,90,600 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत को पोलियो मुक्त देश घोषित किया गया है, लेकिन हमारे पड़ोसी देशों में पोलियो के मामले होने के कारण नियमित अन्तराल में प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को इस अभियान के तहत कवर करने के लिए उनके घरद्वार के समीप विभिन्न पोलियो टीकाकरण केन्द्र खोले गए हैं। इसके अतिरिक्त, बस अड्डों, जिलों की सीमाओं, यात्री स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण जन स्थलों पर भी पोलियो की खुराकें पिलाई जाएंगी। सरकार टीकाकरण अभियान में छूटे हुए बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने के लिए घर-घर जाकर भी अभियान आरम्भ करेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बर्फबारी तथा शीतलहर के कारण लाहौल-स्पिति, किन्नौर तथा जिला चम्बा के पांगी के अलावा पूरे प्रदेश में पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में 7 अप्रैल, 2024 को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

## एसजेवीएन ने गुजरात के खावड़ा सोलर पार्क में 200 मेगावाट की सौर परियोजना हासिल की



■ 25 वर्षों की अवधि में संचयी विद्युत उत्पादन लगभग 11732 मिलियन यूनिट होगा

**शिमला,** 3 मार्च (देशबन्धु)। एसजेवीएन ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी, एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एसजीईएल) के माध्यम से, गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) द्वारा आयोजित ई-रिवर्स नीलामी के अंतर्गत 2.66 रुपए प्रति यूनिट के टैरिफ पर 200 मेगावाट सौर परियोजना हासिल की। इस परियोजना को एसजीईएल द्वारा 1100 करोड़ रुपए की संभावित विकास लागत पर बिल्ड ओन एंड ऑपरेट आधार पर विकसित किया जाएगा। एसजेवीएन ने गुजरात के खावड़ा में 1125 मेगावाट के गुजरात राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (जीएसईसीएल) सोलर पार्क में सौर परियोजनाओं के विकासार्थ टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के माध?यम से 200 मेगावाट क्षमता हासिल की। गीता कपूर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने बताया कि परियोजना की कमीशनिंग के प्रथम वर्ष में लगभग 504 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन अनुमानित है और 25 वर्षों की अवधि में संचयी विद्युत उत्पादन लगभग 11732 मिलियन यूनिट होगा। रिक्वेस्ट फॉर सिलेक्शन (आरएफएस) के अनुसार, यह परियोजना विद्युत क्रय करार पर हस्ताक्षर करने की तिथि से 18 माह की अवधि में आरंभ की जाएगी, जिस पर जीयूवीएनएल और एसजीईएल के मध्य 25 वर्षों के लिए हस्ताक्षर किए जाएंगे। परियोजना की कमीशनिंग से 574868 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी होने की संभावना है। एसजेवीएन, एक अग्रणी पावर सीपीएसयू, वर्ष 2030 तक 25,000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50,000 मेगावाट के अपने साझा विजन को प्राप्त करने के लिए तीव्रता से प्रगति पर है। यह साझा विजन वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से 50% ऊर्जा उत्पादन करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप तैयार किया गया है।

## हिमाचल में होगी बंद अटल आदर्श योजना

**शिमला,** 3 मार्च (एजेंसियां) हिमाचल में तीन अटल आदर्श विद्यालयों का काम अधूरा लटका है, जिसे वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरा किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी की पूर्व सरकार ने साल 2018-19 में बजट में प्रदेश में 10 अटल आदर्श स्कूल खोलने की घोषणा की थी। वहीं 2019-20 के बजट में 15 नए अटल आदर्श स्कूलों की घोषणा की गई थी। इस प्रकार प्रत्येक विधानसभा चुनाव क्षेत्र में एक अटल आदर्श विद्यालय बनाने का लक्ष्य था। इसमें से केवल 28 स्थानों पर अटल आदर्श विद्यालय बनाने की अधिसूचना जारी की गई। पिछली सरकार को पांच वर्षों के कार्यकाल में इन अटल आदर्श विद्यालयों को बनाने के लिए जमीन नहीं मिल पाई। केवल 11 स्थानों का चयन किया गया, किन्तु पिछली सरकार द्वारा केवल तीन अटल आदर्श विद्यालयों पर ही कार्य आरंभ किया गया, जिनमें से अभी तक एक भी कार्य पूरा नहीं हुआ है। इन तीन अटल आदर्श विद्यालयों पर कार्य पूरा करेगी।

## सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न हुई

**हरिद्वार,** 3 मार्च (देशबन्धु)। सहकार भारती की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्य करणी की बैठक प्रेम नगर आश्रम हरिद्वार में आज संपन्न हुआ राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर राष्ट्रीय संघठन मंत्री संजय पचपोर एवम दीपक चौरसिया, सुनिल गुप्ता देश भर से आए कार्यकरणी के सदस्य सब ने देश में रोजगार को किस तरह बढ़ाए सहकारिता के माध्यम से देश भर में संघठन को किस तरह मजबूत करे। सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पहले दिन सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह ने कहा कि सच में यदि हम किसानों के लिए, महिलाओं के लिए और स्वरोजगार के लिए कुछ करना चाहते हैं तो सहकारिता के माध्यम से हो सकता है। उत्तराखण्ड में 31.50 लाख लोग सहकारिता से जुड़े हैं। हर किसान का परिवार सहकारिता से जुड़ा है। दीनदयाल किसान योजना के अन्तगर्त 5 लाख का ऋण 0 प्रतिशत पर 9 लाख को दिया गया है। लखपति दीदी का कांसेप्ट उत्तराखंड से है। महिला यदि कुछ करना चाहती है तो उसे सहयोग दिया जाएगा, 10 लाख तक का ऋण दिया जाएगा। सोलर पर युवाओं को सहयोग किया जा रहा हैं। सादे आठ हजार लोगो ने भाग लिया है।

# प्रादेशिकी

## सड़क हादसे में दुकानदार की मौत से कोहराम, साथी घायल

**फर्रुखाबाद,** 3 मार्च (देशबन्धु)। सड़क हादसे में दुकानदार रजत गंगवार की मौत हो जाने पर परिवार में कोहराम मच गया। थाना शमशाबाद के ग्राम कुइयांधीर निवासी राजेंद्र गंगवार का 32 वर्षीय पुत्र रजत गांव के 28 वर्षीय अजीत को बाइक पर बिठाकर सामान की खरीदारी करने नवाबगंज जा रहा था। जब वह ग्राम सोना जानकीपुर मार्ग से गुजर रहा था तभी चालक ने कंटेनर की बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर घायल युवकों एंबुलेंस से सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया। डॉक्टर ने रजत को मृत घोषित कर दिया और प्राथमिक उपचार के बाद टीटू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। रजत की फैजबाग में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। उसकी मौत पर मां स्नेहलता एवं पत्नी आकांक्षा बिलखती रही। हादसे के बाद भयभीत चालक के कंटेनर को छोड़कर भाग गया, जिसको पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

# युवाओं के भविष्य संग खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण समारोह को किया संबोधित

**लखनऊ/गोरखपुर,** 3 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए रविवार को कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर स्थित राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे यूपी को



जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : **योगी आदित्यनाथ**

डिजिटल इंडिया का अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्मार्टफोन का उपयोग पाठ्यक्रम और सरकार की लाभकारी योजनाओं को जानने के लिए करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरुआत की गई है।

**जर्जर नहीं होना चाहिए कोई भी विद्यालय**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पैसा दे रही है इसलिए कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। आज प्रदेश भर के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शुभारंभ हो रहा है। गोरखपुर मंडल में 69 विद्यालयों में इसके तहत कार्य होंगे। योगी ने माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रीमियम स्मार्ट क्लास की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए सीएसआर फंड से पैसा दिलाया जा रहा है।

### दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे उत्तर प्रदेश के युवा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया जिसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। उन्होंने कहा कि आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

# पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने जाहिद शेख

**किठौर,** 3 मार्च (देशबन्धु)। जनपद मेरठ में किठौर राजनीति में अहम मुकाम रखता है और ब्लॉक में राजनीतिक शोक चरम पर देखा जाता है वही पसमांदा मुस्लिम समाज ने जाहिद शेख को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहजादे अली अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि



अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम संघ दिन प्रतिदिन प्रोग्रेस कर रहा है वही ब्लॉक क्षेत्र के जाहिद शेख काफी समय से पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं और पार्टी के प्रति उनकी वफादारी और लगन को देखते हुए पसमांदा समाज ने फैसला कर उनको उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप है। पार्टी का जाहिद शेख को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर लोग उनके घरों पर बधाई देने पहुंच रहे हैं और लोगों ने मिठाई बांट कर खुशी मनाई वहीं जाए जाहिद शेख का कहना है कि मैं पार्टी के लिए पूरी तरह समर्पित हूं और पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे।

# आतंकवादी को मार गिराने वाला फौजी शौर्य चक्र से सम्मानित

## साथी फौजी की बचाई थी जान, दो साल बाद मिला सम्मान

**मेरठ,** 3 मार्च (देशबन्धु)। गाजीपुर के रहने वाले एक फौजी को शौर्य चक्रसे सम्मानित किया गया है। फौजी ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी से अपने साथी फौजी को बचाते हुए आतंकवादी को मौत के घाट उतार दिया था। इसी दौरान यूनिट के करनल ने फौजी को शौर्य चक्र से सम्मानित करने के लिए उच्च अधिकारियों को लेटर लिखा था। जिसके बाद 29 फरवरी 2024 को नायक को शौर्य चक्र से सम्मानित कर दिया गया, जिसके चलते नायक और उसके परिवार सहित गांव के लोगों में खुशी की लहर है। मवाना के गाजीपुर का रहने वाला सलमान खान आर्मी में है, और 3 राजपूताना राइफल्स रेजीमेंट में नायक के पद पर तैनात है, सन 2022 में सलमान का पोस्टिंग कश्मीर में था और सलाम की ड्यूटी गांव गुज्जरपोरा में चल रही थी। तभी सलमान को दो आतंकवादी उसके साथी फौजी दीपक की ओर भागते हुए दिखाई दिए, आतंकवादियों ने दीपक की और ग्रेनेड फैंकते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चला दी थी। सलमान ने



आतंकवादियों को अपने साथी फौजी की और जाते हुए देखने के बाद दोनों आतंकवादियों को ललकारना शुरू कर दिया। राइफल मैन दीपक को आतंकवादियों पर गोली चलाने को कहा कि इसके बाद भी आतंकवादी नहीं रुके। जिसके बाद सलमान ने एक आतंकवादी को ढेर कर दिया और अपने फौजी साथी दीपक को बचा लिया था। इस दौरान नायक सलमान खान ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए अपने साथी फौजी दीपक के साथ दूसरे आतंकवादी का भी पीछा किया, लेकिन दूसरा आतंकवादी चकमा देते हुए जंगलों से फरार हो गया था। वही नायक सलमान द्वारा मारे गए आतंकवादी की पहचान जाकिर अहमद पाइडर जैश ए मोहम्मद के आतंकवादी के रूप में हुई थी।

## सार संक्षेप

### दहेज में मिला सामान चोरी

**मेरठ।** लोहियानगर में चोरों ने एक शादी के बंद मकान को निशाना बनाते हुए, मकान में मोजूद फ्रिज में रखे खाने से दावत दावत उड़ाई उसके बाद चोरों ने मकान की सैफमें मोजद नकदी सहित दहेज में मिला सोने चांदी का आसमान सहित फ्रिज कूलर और सभी फर्नीचर का सामान चोरी कर लिया। मकान के ताले टूटे देखकर पड़ोसियों ने पीड़ित परिवार को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पीड़ित परिवार मौके के लिए रवाना हो गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और चोरों की तलाश कर रही है। अलीगढ़ के गांव सुनपहर एदलपुर का रहने वाला औरंगजेब पुत्र बन्ने खां अपने भाई के साथ लोहियानगर थाना क्षेत्र स्थित चमड़ा पेठ गली नंबर 25 में असगर के मकान में किराए पर रहता है।

### कंकरखेड़ा में खूंखार तेंदुए का खौफ बरकरार

**मेरठ।** कंकरखेड़ा में खूंखार तेंदुए का खौफ लगातार बना हुआ है। तेंदुआ कंकरखेड़ा की गलियों में घूम रहा है। चार दिन पूर्व तेंदुए को कंकरखेड़ा स्थित एक कृषि फार्म में देखा गया था। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारी ने तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रयास शुरू कर दिए थे। वहीं खूंखार तेंदुआ रविवार को कृषि फार्म से लगी एमडीए की कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। तेंदुए के खौफ से बच्चे पढ़ाई छोड़कर घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। वहीं वन विभाग के तेंदुए को पकड़ने के दावे फेल हो चुके हैं। कंकरखेड़ा क्षेत्र स्थित जोगेंद्र सिंह के कृषि फार्म में चार दिन पूर्व देखे गए तेंदुए का खौफ लगातार जारी है। रविवार को भी तेंदुआ एक कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया , जिसके कारण क्षेत्र के लोगों में खौफ बना हुआ है। बच्चों ने भी तेंदुए के खौफ से घरों से निकलना बंद कर दिया है।

### चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे ईरानी के अपर सचिव

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी से तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार बनाई गई है। जिससे समर्थकों में खुशी की लहर है। भाजपा की पहली सूची में स्मृति ईरानी का नाम आने के बाद चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। जबकि बाकी दलों का अभी अता-पता नहीं है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अपर सचिव विजय गुप्ता चुनावी जीत के चाणक्य माने जाते हैं। गुप्ता सोमवार से चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। इनकी जनसंवाद विकास यात्रा तिलोई विधानसभा से शुरू होगी। चुनाव प्रचार के पहले दिन मोहना, रमई, अलाइपुर, कमई, गडेहरी, टोमरपुर, करनगांव, आजादपुर, खरकपुर, टिकरी और पंहौना में विकास जनसंवाद करेंगे। अपर सचिव हर दिन 13 से 15 जनसंवाद चौपाल करेंगे। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सहायक निजी सचिव नरेश शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि अमेठी सांसद पांच साल से गांव-गांव जाकर सीधे जनता से संवाद करती है। जिससे अमेठी की जनता को घर पर ही समास्याओं का निस्तारण हो जाता है। जबकि पहले के सांसद चुनाव बाद अगले चुनाव में आते थे। अमेठी की जनता अपने सांसद से संवाद और विकास चाहती है। स्मृति ईरानी विकास के रथ पर सवार होकर गांव-गांव जाती है। उधर भाजपा के जिला महामंत्री और अमेठी विधानसभा के संयोजक सुधांशु शुक्ल ने बताया कि रविवार को अमेठी डाक-बंगले में कोर कमेटी की बैठक की गई।

# सीसीएसयू में प्लेसमेंट गतिविधि का किया आयोजन



**मेरठ,** 3 मार्च (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनिस स्टडीज विभाग में कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला की प्रेरणा से प्लेसमेंट गतिविधि का आयोजन हुआ। जिसमें 22 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमे से 10 डइं, ठठ। छात्र-छात्राओं का चयन फ्रेंचाइजी इंडिया कंपनी में 3.5 लाख सालाना वेतन पर हुआ। इस आयोजन में कंपनी के एच आर सुब्रतो चक्रवर्ती, प्लेसमेंट आफिसर मनु शर्मा, एमबीए कोर्डिनेटर डा. राहुल शर्मा व बीबीए की कोर्डिनेटर डा. स्वाति अग्रवाल का योगदान रहा। प्लेसमेंट आफिसर मनु शर्मा ने बताया की समय समय पर विभिन्न कंपनियों में एम बीए, बीबीए के छात्र-छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय से होता रहा है।

# विकसित भारत-मोदी की गारंटी अभियान में जनता से सुझाव लेगी भाजपा

## वेंकटेश्वरा में राष्ट्रीय अस्थि कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद,** 3 मार्च (देशबन्धु)। विकसित भारत-मोदी की गारंटी' अभियान की जानकारी देते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के काम, उनके नाम और नेतृत्व के साथ ही इस बार भगवान श्रीराम का आशीर्वाद भी हमारे साथ है। इस समय माहौल भाजपा के अनुकूल है। ऐसे में इस बार उप्र की 80 लोकसभा सीटें बीजेपी जीतने जा रही है। भाजपा प्रत्याशी का मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने में जुट गई है। इसी कड़ी में चार मार्च से भाजपा 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' अभियान शुरू कर रही है। इसमें

■ **विकसित भारत-मोदी की गारंटी अभियान की दी जानकारी**

जनता से संकल्प पत्र के लिए सुझाव लिए जाएंगे। शनिवार को आवास विकास स्थित भाजपा के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता नें कहा कि अभियान के दौरान जनता से प्राप्त सुझावों को इसी साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी के संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जनता को मोदी सरकार की बीते 10 वर्षों की उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा। अभियान में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सुझाव पांच प्रकार से दे सकते हैं। दो पेटिका रखी गई हैं जिसमे एक भाजपा जिला कार्यालय व दूसरे चुनाव कार्यालय रखी जाएगी। दो गाड़ियां गली-गली जाकर सुझाव लेगीं। नमो एप पर भी सुझाव दे सकते हैं। बताया कि संकल्प पत्र के लिए सुझाव पेटी और मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 को लॉन्च किया।

# मासूम को कुत्ते ने नोंचा, 23 टांके लगे

**मेरठ,** 3 मार्च (देशबन्धु)। जनपद में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है आए दिन आवारा कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं उसके बाद भी नगर निगम कुंभकरण की नींद सोया हुआ है। ऐसा ही एक मामला रविवार शाम को गंगानगर के अमरा से प्रकाश में आया है जहां कुत्तों ने एक दो साल की मासूम को बुरी तरीके से नोट डाला मासूम को 23 टांके लगे हैं और उसकी हालत खतरे में है। गांव अमहेड़ा में घर के बाहर खेल रही 2 साल की मासूम गुन्नू पुत्री राहुल वर्मा पर एक आवारा कुत्ते ने हमला बोल दिया कुत्ते ने बच्ची को बुरी तरीके से जख्मी कर दिया किसी तरह परिवार के लोगों ने मासूम को कुत्ते से बचाया और हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां मासूम को 23 टांके लगाए गए हैं और उसका उपचार चल रहा है। आए दिन आवारा कुत्ते मेरठ में लोगों पर हमला बोल रहे हैं उसके बाद भी नगर निगम आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान नहीं चला पा रहा है। कुत्ते के हमले में घायल मासूम गुन्नू की हालत नाजुक बनी हुई है, वही मासूम के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। कुछ दिन और भी गांव में एक युवक पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था।

# त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा में भाजपा पर बरसे समाज के लोग

**मेरठ,** 3 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा टिकट वितरण के दौरान त्यागी भूमिहार समाज की अनदेखी करना भाजपा व अन्य पार्टियों को भारी पड़ सकता है, अनदेखी के चलते त्यागी भूमिहार समाज के लोगों ने शास्त्री नगर में एक बैठक कर ऐसी पार्टियों को मुंहतोड़ जवाब देने का फैसला लिया है।

संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि पार्टी त्यागी भूमिहार समाज को अनदेखा कर पड़े नुकसान में पहुंच सकती है। संगठन के पदाधिकारियों ने बिना नाम लिए ही भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। बैठक की अध्यक्षता रतीश त्यागी और संचालन राजेश त्यागी खंदरावली ने किया, बैठक में मुख्य रूप से मुकेश त्यागी, प्रदीप त्यागी, सुनील त्यागी पिलाना, राजेश त्यागी

**उपेक्षा करने पर लोकसभा चुनाव में मुंह तोड़ जवाब देने की चेतावनी**

खंदरावली, प्रवीण त्यागी, सुनील त्यागी राजपुर, कर्नल अमरदीप त्यागी, संजय त्यागी पड़ा, देवेन्द्र त्यागी खंदरावली, जिलाध्यक्ष विपिन त्यागी, महानगर अध्यक्ष मनोज त्यागी, दीपक त्यागी बिजौली, अशोक त्यागी धीरखेड़ा, राजकुमार त्यागी जनुपूरा, आदि मौजूद रहे। त्यागी भूमिहार संयुक्त महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कर्नल अमरदीप त्यागी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में त्यागी भूमिहार समाज की घोर उपेक्षा की गई है, उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्रीय पार्टियों ने त्यागी भूमिहार समाज को टिकट नहीं दिया है, जिस कारण त्यागी भूमिहार समाज में भारी रोष है।

अमरदीप त्यागी ने कहा कि पूर्वांचल में भी त्यागी भूमिहार समाज को टिकट वितरण से वंचित रखा गया है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील त्यागी किसौला ने कहा कि यदि त्यागी भूमिहार समाज की टिकट वितरण में उपेक्षा की जाती है तो त्यागी भूमिहार समाज नये विकल्पों पर विचार करने को मजबूर हो जायगा।

# गैस सिलेंडर के ट्रक में आग लगाने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार



**मेरठ,** 3 मार्च (देशबन्धु)। गंगानगर थाना क्षेत्र स्थित बाउंड्री रोड पर मौजूद गैस गोदाम के पास खड़े गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लगाकर तबाही मचाने का प्रयास कर रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पकड़ने पहुंचे पुलिसकर्मियों पर आरोपी ने कार चढ़ाने का प्रयास भी किया था। आरोपी की हरकत सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। वही आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस आरोपी को तभी से तलाश रही थी। पुलिस ने रविवार को आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुट गई है। गंगानगर के रहने वाले आरोपी आशु सैनी ने बृहस्पतिवार रात्रि गंगानगर स्थित गेस गोदाम के पास सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लगाकर तबाही मचाने का प्रयास किया था। गंगानगर थाना पुलिस के दो सिपाही घटना स्थल पर पहुंच गए, और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया।

# यंग एंटरप्रेन्योरर्स स्टार्टअप वैंचर का किया गया आयोजन

**मेरठ,** 3 मार्च (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम के वाणिज्य विभाग द्वारा एक कार्यक्रम यंग एंटरप्रेन्योरर्स स्टार्टअप वैंचर का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि



यू.के.वैश्य, चार्टर्ड एकाउंटेंट, विशिष्ठ अतिथि शशि भूषण उपाध्याय, उप निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मेरठ, गेस्ट ऑफऑनर डॉ. रहमान अहमद, सीईओ, इनक्यूबेशन फॉर्म एमआईईटी, मेरठ एवं डॉ. स्वपन सुमन, कन्वेनर, आउटरीच क्लब, एमआईईटी, मेरठ रहे, जिनका स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या एवं रुद्रा ग्रुप की एकेडमिक निदेशक डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने बुके देकर किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई इस दौरान अतिथियों के अलावा महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड प्रवीन शर्मा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष रवीना, सहायक प्रोफेसर भारती शर्मा, करुणा त्यागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट दिखाएं और उनके बारे में विस्तार पूर्वक बताया इस दौरान अतिथियों ने उनसे कुछ क्रॉस क्वेश्चन भी किया जिनका छात्र-छात्राओं ने उत्तर देकर उनको संतुष्ट किया। इस कार्यक्रम में विनायक विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं के अलावा बाहर के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा अपने द्वारा बनाए गए स्टार्टअप के बारे में बताया जिसको उपस्थित अतिथियों ने सराहा। अंत में जजों द्वारा प्रथम स्थान- टीम ई अदिति देव मुकुल कुमार शिवांश शर्मा गौरव त्यागी व टीम एल खुशी यादव दीवान कॉलेज के छात्रों ने प्राप्त किया।

# विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं देने को प्रतिबद्ध : सुधीर गिरी

**मेरठ,** 3 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा समूह के विमस संस्थान एवं यू पी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में पेल्विक एसिटेबुलेर ट्रॉमा विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय अस्थि कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मेरठ, दिल्ली, मुंबई समेत देश के विभिन्न प्रदेशों से आए 125 से अधिक विख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञों ने कूल्हे यानी पेल्विस की विभिन्न चोटों ट्रॉमा, घुटना प्रत्यारोपण एवं स्पोर्ट्स इंजरी के उपचार एवं सर्जरी की लेटेस्ट एवं दर्द रहित तकनीक के बारे में विस्तार से समझाया।

वेंकटेश्वरा संस्थान के डॉ. सीवी रमन चिकित्सा सभागार में आयोजित ष्पेल्विक एसिटेबुलर ट्रॉमाष् विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय अस्थि कार्यशाला का



- ■ **वेंकटेश्वरा में राष्ट्रीय अस्थि कार्यशाला का हुआ आयोजन**
- ■ **सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में हुआ स्थापित हुआ वेंकटेश्वरा ग्रुप : डॉ. राजीव त्यागी**
- ■ **पूरे भारतवर्ष से आए 125 से अधिक विख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ**
- ■ **दर्द रहित एडवांस सफल सर्जरी तकनीक पर विस्तार से किया मंथन**

शुभारंभ समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, ऑर्थो विभाग के विभागाअध्यक्ष एवं विख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ नजमुल हुदा, यू पी ऑर्थोपेडिक संगठन के सेक्रेटरी डॉ. रजत कपूर, एसजीपीजीआई के डॉ. कुमार केशव, केजीएमयू के डॉ. धर्मेंद्र सिंह, मेरठ के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर तुषार आनंद, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. शाहिद मीर, डॉ. अल्ताफ हुसैन आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने संबोधन में विख्यात ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. नजमुल हुदा ने कहा कि आज भारत देश में कूल्हा प्रत्यारोपण, घुटना प्रत्यारोपण, एडवांस स्पोर्ट इंजरी की सर्जरी समेत अस्थि रोग में दर्द रहित लेटेस्ट तकनीक द्वारा लाखों लोगों का उपचार कर उनको नया जीवन दिया जा रहा है इंडिया का आर्थोपेडिक विभाग आज तकनीक और एक्यूरेसी के मामले में यूके ,यू एस एवं ऑस्ट्रेलिया की मेडिकल साइंस को भी पीछे छोड़ चुका है। अकेले वेंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस में ही पिछले एक वर्ष में 200 से अधिक लाचार गरीब लोगों को घुटने एवं कुल्हा प्रत्यारोपण द्वारा नया जीवन देखकर उनके जीवन में खुशियां लोटाने का काम किया है। एकदिवसीय राष्ट्रीय अस्थि कार्यशाला को एसजीपीजीआई चंडीगढ़ के डॉ. केशव, एएमयू के डॉ अब्दुल कयूम, चेन्नई के डॉ एस श्रीनिवासन, हैदराबाद के डॉक्टर सी संजीव राव, डॉ. शाहिद मीर, डॉअल्ताफ हुसैन, डॉक्टर सचिन टूटू, डॉ. अर्निम स्वरूप, डॉ. गजराज सिंह, मेरठ के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ तुषार आनंद आदि ने भी संबोधित किया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने इस शानदार राष्ट्रीय आयोजन के लिए डॉ नजमुल हुदा एवं पूरी ऑर्थोपेडिक टीम को बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खड्ड में पड़ा मिला डीजे संचालक का शव

**फर्रुखाबाद,** 3 मार्च (देशबन्धु)। बीती रात घर से निकले डीजे संचालक का शव खड्ड में पड़ा मिला जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस नें मौके पर जाकर जांच पड़ताल की इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कादरी गेट क्षेत्र के ग्राम दीनदयाल बाग निवासी 38 वर्षीय रतन दीप सक्सेना पुत्र जगदीश बीती रात अपने गांव के ही साथी धर्मेन्द्र उर्फ धम्मो पुत्र हरवीर सिंह यादव के साथ बीती शाम लगभग 8 बजे घर से निकलकर गया था। उसके बाद रात में घर नही लौटा। परिजनों की मानें तो वह तिर्वा अपनी ससुराल पत्नी पिंकी के साथ ससुर की मौत होनें गया था जहां से लौटा और उसके साथ घर से निकल गया। रात में घर वापस ना आनें पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों नें उसकी तलाश शुरू की जिसके बाद उसका शव मोहल्ले के ही निकट बीआरएस गेट्स हाउस के पर खड्ड में पड़ा मिला। रतन का शव मिलने से परिजनों में चित्कार मच गई। परिजनों के बिलखनें से मौके अपर भीड़ लग गई जिसके बाद सूचना पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला मौके पर पंहुचे और जांच पड़ताल की। मृतक की पत्नी पिंकी गर्भवती है। वह डीजे का कार्य करता था। उसके सिर में गम्भीर चोट देखी गई। मृतक शराब पीने का आदी था। उसकी पत्नी पिंकी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 4 मार्च, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### कॉमेडियन रोहन जोशी बोले, मुंबई ने विनम्र रहना सिखाया

**मुंबई।** कॉमेडियन रोहन जोशी ने साझा किया है कि कैसे मुंबई शहर ने उन्हें प्रसिद्धि मिलने के बावजूद जमीन से जोड़े रखा है। रोहन जोशी अब बंद हो चुके कॉमेडी ग्रुप एआईबी के संस्थापकों में से एक रहे हैं। कॉमेडियन-लेखक ने हाल ही में सोशल मीडिया सनसनी उर्फी जावेद के साथ उनके पॉडकास्ट 'अनकैंसिलेबल विद उर्फी जावेद' पर बात की। उन्होंने कहा कि देश की मनोरंजन राजधानी ने उन्हें विनम्र रहना सिखाया है। पॉडकास्ट के दौरान रोहन ने कहा कि मुंबई में रहने के बारे में मुझे जो चीजें पसंद हैं उनमें से एक यह है कि इसने मुझे बहुत पहले ही लोकप्रियता के बारे में बहुत विनम्र होना सिखाया है। मैं एक ऐसे शहर में रहता हूं जहां मैंने वास्तविक प्रसिद्धि देखी है।

## जापान जाने का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार : रश्मिका



**मुंबई,** 3 मार्च (एजेंसियां )। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का कहना है कि वह जापान जाने का वर्षों से सपना देखती थीं। उन्हें जापान अमेजिंग लगा। क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स के लिए जापान के टोक्यो में रहीं एक्ट्रेस ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने कई फोटोज शेयर किए। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना फोटोज में एम्बेलिश्ड ड्रेस पहने किलर पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को फोटो में देखा जा सकता है, वह छोटे बालों में नजर आ रही हैं, उन्होंने न्यूड मेकअप और कुछ एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को पूरा किया। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि जापान एक ऐसी जगह है जहां जाने का मैंने वर्षों से सपना देखा था। बचपन से कभी नहीं सोचा था कि यह सपना कभी सच होगा। एनीमे वर्ल्ड के क्रिएटर्स में से किसी एक को अवॉर्ड देने वाले अवॉर्ड शो का हिस्सा बनने की तो बात ही छोड़िए! और आखिरकार यह सच हो गया। एक्ट्रेस ने आगे लिखा कि जापान में हर किसी से मिल पाना, यहां अविश्वसनीय प्यार पाना, इतना गर्मजोशी से स्वागत... खाना, मौसम, इतनी साफ-सुथरी जगह, इतने प्यारे लोग... यह अद्भुत है! धन्यवाद जापान! वास्तव में! मुझे तुमसे प्यार है! सचमुच बहुत खास है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने लिखा कि वह अब हर साल यहां आती रहेंगीं। एक्ट्रेस रश्मिका, अल्लू अर्जुन स्टारर 'पुष्पा 2: द रूल' में नजर आएंगीं।

# गोवा में बनेगा भारत का पहला 'बीयर म्यूजियम'

**नई दिल्ली,** 3 मार्च (एजेंसियां )। भारत, गोवा में अपने पहले बीयर म्यूजियम का स्वागत करने की तैयारी में है। यह छह महीने में खुलने के लिए तैयार है। म्यूजियम 6 हजार वर्ग मीटर में फैला हुआ है। गोवा म्यूजियम (एमओजी) की स्थापना प्रसिद्ध आर्टिस्ट सुबोध केरकर ने की है। इस यूनिक प्रतिष्ठान का उद्देश्य कला, संस्कृति और निरंतर उत्सवों के साथ जुड़े हुए बीयर के इतिहास पर एक समकालीन दृष्टिकोण पेश करना है। म्यूजियम पारंपरिक प्रदर्शनों से हटकर आधुनिक कला और सांस्कृतिक कथाओं को अपनाने के लिए कहानी कहने के लिए एक दृष्टिकोण का वादा करता है।

सुबोध केरकर ने कहा कि मैंने म्यूजियम के लिए एक नई पद्धति बनाई है। मैं इस प्रोजेक्ट पर बीते 10 से 15 साल से काम कर रहा हूं। आम तौर पर, किसी भी म्यूजियम में लेबल, मूर्तियां और हथियारों के साथ पुरानी कलाकृतियां होती हैं, जिनका उपयोग इतिहास बताने के लिए किया जाता है। लेकिन मेरे म्यूजियम में कुछ भी पुराना नहीं है। यह गोवा के इतिहास और संस्कृति की प्रतिक्रिया में समकालीन कला है और यहां तक कि बीयर म्यूजियम भी इसकी प्रतिक्रिया है। इसका बहुत दिलचस्प इतिहास है। सुबोध केरकर ने कहा कि स्वतंत्र उत्सवों को आर्थिक रूप से बनाए रखना कठिन है, क्योंकि यह हमेशा एक चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि गोवा में बहुत सारी चीजें होती रहती हैं, जो एक पॉजिटिव संकेत है। आर्टिस्ट को शामिल करने के लिए उनसे संपर्क किया जाता है। मुझे हाल ही में किसी का फोन आया था। वह चाहता था कि मैं ज्योतिष से संबंधित एक प्रदर्शनी में हिस्सा लूं। गोवा म्यूजियम में उन्होंने नए विकास के बारे में बात करते हुए बाताया कि यह लगातार बदल रहा है। इसकी कल्पना एक स्टोरहाउस के रूप में नहीं, बल्कि अनुभवों की प्रयोगशाला के रूप में की गई है। उन्होंने आगे कहा कि हम हमेशा काम जोड़ते और घटाते रहते हैं। यह एक गैलरी और म्यूजियम का मिश्रण है। हम कलाकृतियां भी खरीदते हैं और उसके लिए हर महीने एक बजट भी रखा है। हालांकि, इसकी स्थापना मैंने की थी, लेकिन अब इसे मेरी बेटी चलाती है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि गोवा मूल रूप से हर भारतीय के भीतर है। मैं हाल ही में कलकत्ता गया था। इस दौरान मैंने हुगली नदी पर किसी यह कहते हुए सुना था कि यह गोवा क्रूज जैसा है। इस जगह को हमेशा मौज-मस्ती और उल्लास से जोड़ा गया है।



■ मैंने म्यूजियम के लिए एक नई पद्धति बनाई है :सुबोध केरकर

## बर्फबारी का सिलसिला जारी



**देहरादून,** 3 मार्च (देशबन्धु)। रविवार को भी पहाड़ से मैदान तक बारिश का सिलसिला जारी रहा। चमोली जनपद में लगातार तीसरे दिन भी मूसलाधार बारिश हो रही है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हो रही है। औली और चकराता में फिर से बर्फबारी होने से ठंड बढ़ गई है। निजमुला घाटी के ईराणी, पाणा, झींझी, नंदानगर के रामणी, घूनी, पडेरगांव सहित कई गांवों में बर्फ जम गई है। जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं। पैदल रास्तों और खेत खलियानों में बर्फ जमने से ग्रामीणों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।चकराता में सीजन की चैथी बर्फबारी हुई है। क्षेत्र के लौखंडी, कोटी-कनासर, जाड़ी, बुल्हाड़, देववन, केराड़ में भारी बर्फ पड़ी है। बर्फबारी के बाद जमीन पर छह इंच मोटी बर्फ की चादर जम गई है।

### भट्टाचार्य निर्माताओं और कहानीकारों की पहली पसंद बन रहे है

## दिब्येंदु को यादगार चीजें इकट्ठा करना पसंद



एक प्रोजेक्ट से मैंने एक घड़ी को यादगार के तौर पर रखा था। वह ब्रांडेड घड़ी नहीं थी, लेकिन फैंसी थी: दिब्येंदु भट्टाचार्य

**मुंबई,** 3 मार्च (एजेंसियां)। 'मकबूल', 'ब्लैक फ्राइडे', 'देव डी.', 'लुटेरा' जैसी फेमस फिल्मों से नाम कमाने वाले अभिनेता दिब्येंदु भट्टाचार्य को इन दिनों अपनी नवीनतम सीरीज 'पोचर' के लिए काफी सराहना मिल रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट से यादगार चीजें इकट्ठा करना पसंद है।

दिब्येंदु ने पिछले कुछ वर्षों में फिल्म जगत में अपने लिए एक खास जगह बनाई है। वह एक भरोसेमंद अभिनेता बनकर उभरे हैं जो निर्माताओं और कहानीकारों की पहली पसंद बन रहे है।

एक्टर ने यूट्यूब चैनल डिजिटल कमेंट्री को बताया कि मैं हमेशा फिल्म सेट से यादगार चीजें इकट्ठा करता हूं। यदि मैं किसी फिल्म की शूटिंग कर रहा हूं और मेरा किरदार स्मोकिंग पाइप पीता है तो मैं निर्माताओं से विनम्रता पूर्वक अनुरोध करूंगा कि क्या मैं उस पाइप को याद के तौर पर रख सकता हूं। वहीं अगर मेरा किरदार जिप्पो लाइटर का भी इस्तेमाल करता है तो मैं उसे भी रखने के लिए अनुरोध करता हूं। इसके बाद उन्होंने एक घटना बताई, जब एक महिला प्रोड्यूसर ने उनके साथ बुरा व्यवहार किया था। दिब्येंदु ने कहा कि एक प्रोजेक्ट से मैंने एक घड़ी को यादगार के तौर पर रखा था। वह ब्रांडेड घड़ी नहीं थी, लेकिन फैंसी थी। उसे टीम ने चोर बाजार से खरीदा था। दो महीने बाद जब मैं प्रमोशन और फोटोशूट के लिए फिल्म पर लौटा, तो मुझे घड़ी नहीं मिली। इस महिला ने मुझसे कहा कि अच्छा बेच दिया उसको मैंने बोला कि इस औरत के साथ तो मैं जिंदगी में कभी बात नहीं करूंगा। अभिनेता ने इससे पहले आईएएनएस को बताया था कि उन्हें ऐसा लगता है कि बड़ी भूमिकाओं की तुलना में छोटी भूमिकाएं निभाना ज्यादा कठिन होता है। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा था कि छोटे किरदारों के लिए एक एक्टर को बड़ी भूमिकाओं पर काम करने वाले की तुलना में बहुत ही सीमित समय में लय में आना पड़ता है, जहां उन्हें किरदार के साथ उसकी बारीकियों को समझने के लिए अधिक समय मिलता है। अभिनेता ने आईएएनएस को बताया कि बड़े किरदारों की तुलना में छोटी भूमिकाएं निभाना बहुत कठिन होता है। छोटी भूमिकाओं से लोगों को बहुत उम्मीदें होती हैं, और यह विशेष रूप से मुश्किल है।

## ओडिशा: डीआरआई ने 351 भारतीय टेंट कछुओं को बचाया



**भुवनेश्वर,** 3 मार्च (एजेंसियां)। ओडिशा में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने कटक जिले के मंगुली स्क्वॉयर पर छापेमारी के दौरान 351 दुर्लभ भारतीय टेंट कछुओं को बचाया। खुफिया सूत्रों से मिली सूचना के बाद, डीआरआई ने कटक के मंगुली टोल प्लाजा पर एक टाटा टियागो वाहन को रोका। उसमें पश्चिम बंगाल के रहने वाले तीन लोग सवार थे। डीआरआई सूत्रों ने कहा कि पूछताछ के दौरान पता चला कि वे पश्चिम बंगाल से 351 भारतीय टेंट कछुए (पंगशुरा टेंटोरिया) कर्नाटक ले जा रहे थे। डीआरआई ने बरामद कछुओं को ओडिशा राज्य वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया। डीआरआई सूत्रों ने कहा कि तीनों व्यक्तियों को उनके वाहन के साथ हिरासत में लिया गया और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। भारतीय टेंट कछुए को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-ड्ढ में सूचीबद्ध किया गया है।

## फिल्म 'जय वट सावित्री मैय्या' का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई,** 3 मार्च (एजेंसियां) भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।

जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढ़ंग से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म के गीत संगीत भी भक्तिमय हैं। कथा और संवाद भी रोचक हैं। फिल्म पूरी तरह से मनोरंजन और अध्यात्म का समागम है। इसलिए मैं आग्रह करुंगी कि फिल्म को आप सभी जरूर देखें। वहीं, फिल्म के निर्माता अंशुमान सिंह ने भी फिल्म को लेकर भोजपुरी के दर्शकों से इसे देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि फिल्म को हम जल्द ही रिलीज करेंगे। फ़िल्म जय वट सावित्री मैय्या में प्रीति शुक्ला, शुभी शर्मा, अंजना सिंह, मणि भट्टाचार्य, रक्षा गुप्ता, अंशुमन सिंह राजपूत, प्रकाश जैश, संजय पांडेय, मनोज टाइगर, अनूप अरोरा, देवेन्द्र पाठक, सोनिया मिश्रा, अनीता रावत, स्वास्तिका मिश्रा और अन्य मुख्य भूमिका में हैं। संगीतकार साजन मिश्रा और गीतकार प्यारेलाल कवि, सुरेंद्र मिश्रा एवं शेखर मधुर हैं। लेखक सुरेंद्र मिश्रा एवं विवेक मिश्रा हैं। छायांकन माही शेलार और संकलन:गुर्जंट सिंह का है।

## फिल्म 'लव सेक्स और धोखा 2' से अलग हुईं निमृत कौर




**मुंबई,** 3 मार्च (आईएएनएस)। 'लव सेक्स और धोखा 2' में अभिनय करने वाली एक्ट्रेस निमृत कौर ने फिल्म से अपना हाथ खींच लिया है। ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि एक्ट्रेस ने यह कदम फिल्म की मांग वाले बोल्ड सीन के चलते लिया। इंडस्ट्री के एक सूत्र ने कहा कि समय के साथ-साथ फिल्म की कहानी बोल्ड होती जा रही थी, जिससे एक्ट्रेस को यह किरदार निभाना पड़ा, लेकिन बाद में वह स्क्रिप्ट की मांग के साथ असहज महसूस कर रही थीं।

सूत्र ने कहा कि फिल्म में बोल्ड सीन के चलते निमृत कौर ने लव सेक्स और धोखा 2 में अपनी भूमिका छोड़ दी है। टेलीविजन रियलिटी शो 'बिग बॉस' में एकता कपूर ने फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर निमृत कौर को साइन किया था।

सूत्र ने आगे बताया कि जैसे-जैसे फिल्म की जरूरतें बोल्ड और अधिक कामुक होती गईं, एक्ट्रेस को यह भूमिका छोड़नी पड़ी, क्योंकि वह अंतरंग दृश्य करने में सहज नहीं थीं। फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में एक कामुक पोस्टर जारी किया था। यह डिजिटल दुनिया के आधुनिक युग में रिश्तों पर आधारित अपनी दिलचस्प कहानी की पहली झलक देता है। यह फिल्म 2010 की स्लीपर हिट 'लव सेक्स और धोखा' का सीक्वल है, यह 'खोसला का घोसला' और 'ओए लकी लकी ओए' के बाद दिबाकर की तीसरी निर्देशित फिल्म है। 'लव सेक्स और धोखा 2' एकता कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी।

## निखिलेश राठौड़ ने बताया 'श्रीमद रामायण' की शूटिंग का अनुभव



**मुंबई,** 3 मार्च (एजेंसियां)। पौराणिक टीवी धारावाहिक 'श्रीमद रामायण' में भरत की भूमिका निभाने वाले अभिनेता निखिलेश राठौड़ ने गुजरात के बाहरी इलाके उमरगाम के चिकुवाड़ी जंगल में 'भरत मिलाप' की शूटिंग को लेकर अपना अनुभव बताया।

निखिलेश ने कहा कि वास्तविक स्थानों पर शूटिंग करना एक अद्भुत अनुभव था। मुझे यह जीवन भर याद रहेगा। यह इतना आसान भी नहीं था, क?योंकि दिन के दौरान तापमान बहुत गर्म और रात में यह बहुत ठंडा हो जाता है। उन्होंने बताया कि हम पौराणिक चरित्र के लिए शूट कर रहे थे। इसके लिए मैंने भारी आभूषण पहने हुए थे। धूप होने की वजह से वह गर्म हो जाते थे, जिससे शूट करने में परेशानी होती थी। यह मेरे लिए एक चुनौती बन जाता था। दृश्यों के लिए नंगे पैर चलना और भारी पालकी उठाना एक और काम था। जमीन तप रही थी, वहां बहुत सारे छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े और कांटे भी थे। अभिनेता ने आगे बताया कि इसके लिए बहुत कड़ी मेहनत लगी। मुझे उम्मीद है कि दृश्यों को वास्तविक बनाने में हमारी मेहनत दर्शकों को प्रभावित करेगी। यह निश्चित रूप से हमें और अधिक प्रोत्साहित करेगा।

निखिलेश को पिछली बार टीवी धारावाहिक 'सुहागन' में एक खलनायक की भूमिका निभाते हुए देखा गया था और उन्होंने 'विघ्नहर्ता गणेश', मिठाई', 'वागले की दुनिया' और 'कृष्णा चली लंदन' जैसे शो में अभिनय किया है।

'श्रीमद रामायण' में सुजय रेउ को राम और प्राची बंसल को सीता की भूमिका में दिखाया गया है।

## पुरानी बीमारी को काबू करने लिए मोटापे को कंट्रोल करना जरूरी



### विश्व मोटापा दिवस

**बचपन का मोटापा स्वास्थ्य और सेहत पर प्रभाव डालता है: डॉ. बिंदल**

**नई दिल्ली,** 3 मार्च (एजेंसियां)। विश्व मोटापा दिवस से एक दिन पहले विशेषज्ञों ने कहा है कि डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर जैसी कई स्थितियों के लिए मोटापा जिम्मेदार है। इन गैर-संचारी रोगों को रोकने के लिए मोटापे को नियंत्रित करना जरूरी है।


इन रोगों की स्थिति और इनके प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व मोटापा दिवस मनाया जाता है। यह दिसव, विश्व में हर साल 4 मार्च को मनाया जाता है। द लांसेट द्वारा प्रकाशित एक हालिया विश्लेषण में खुलासा हुआ है कि पूरी दुनिया में हर 8वां व्यक्ति या 1 अरब से ज्यादा लोग मोटापे के साथ जी रहे हैं। साल 2022 में 43 फीसदी वयस्क ज्यादा वजन वाले थे। यह भी पता चला है कि बीते तीन दशकों में पूरी दुनिया में यह संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है। 5 से 19 साल के आयु वर्ग के लोगों में यह स्थिति चार गुना बढ़ गई है। हालांकि, भारत में यह संख्या और भी ज्यादा हैरान करने वाली है। देश में गैर-संचारी रोग पहले से ही बहुत ज्यादा है। भारत में साल 2022 में 5 से 19 वर्ष की आयु के 1.25 लाख बच्चे अधिक वजन वाले थे। जिनमें 73 लाख लड़के और 52 लाख लड़कियां शामिल हैं। वयस्कों में संख्या 1990 में 24 लाख महिलाओं और 11 लाख पुरुषों से बढ़कर 2022 में 20 साल से अधिक आयु की 4.4 करोड़ महिलाओं और 2.6 करोड़ पुरुषों तक पहुंच गई। गुरुग्राम स्थित मारेंगो एशिया अस्पताल के डॉ. गौरव बंसल ने बताया कि मोटापे का सेहत पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है, जिससे डायबिटीज और हृदय रोग जैसी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। इसकी उत्पत्ति का श्रेय पर्यावरण, लाइफस्टाइल और संस्कृति समेत विभिन्न फैक्टरों को दिया जाता है। वहीं डॉ. विवेक बिंदल ने बताया कि बचपन का मोटापा स्वास्थ्य और लॉन्ग-टर्म सेहत पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। बच्चों में मोटापे होने के कई कारण हैं जिनमें, गतिहीन लाइफस्टाइल, गलत खान-पान की आदतें और पौष्टिक खाद्य पदार्थों तक सीमित पहुंच आदि शामिल हैं। इसके कारण सेहत से परे मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं पर असर पड़ता है। डॉ. विवेक बिंदल ने बताया कि टाइप 2 डायबिटीज, हृदय संबंधी समस्याएं और जोड़ों की समस्याओं जैसी स्थितियों को बढ़ाता है। इसके अलावा मोटे बच्चों को सामाजिक दबाव के कारण कम आत्मसम्मान, डिप्रेशन और चिंता जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है।



# कोविड संक्रमण के बाद एक महीने तक कान में रहता है वायरस : शोध

## जनवरी से जून 2023 तक किए गए अध्ययन में 32 से 84 साल के 23 मरीजों को शामिल किया गया

**3 से 7 साल उम्र के बच्चों में सबसे आम है**



**नई दिल्ली,** 3 मार्च (एजेंसियां)। कोविड-19 बीमारी के लिए जिम्मेदार वायरस एसएआरएस-सीओवी-2, एक साइलेंट रिसरवोयर के रूप में कार्य कर सकता है और संक्रमण के बाद एक महीने तक मध्य कान में मौजूद रह सकता है। एक नए शोध में यह बात सामने आई। अमेरिकन जर्नल ऑफ ओटोलरींगोलॉजी में प्रकाशित शोध निष्कर्ष में कोविड-19 के वेरिएंट ओमिक्रॉन से संक्रमित मरीजों में ओटिटिस मीडिया विद इफ्यूजन (ओएमई) विकसित करने वाले मरीजों और कोविड वायरस के बीच एक संभावित संबंध पाया गया।

ओएमई मध्य कान में फ्लूइड का एक कलेक्शन है, जो गाढ़ा या चिपचिपा हो सकता है। सर्दी, गले में खराश के कारण कान के पर्दे में फ्लूइड जमा हो जाता है और इससे अस्थायी तौर पर सुनने में दिक्कत भी हो सकती है। यह 3 से 7 साल उम्र के बच्चों में सबसे आम है। चीन के वूशी हुइशान डिस्ट्रिक्ट पीपुल्स हॉस्पिटल के चेंगझोउ हान ने कहा कि हमारा शोध मध्य कान पर कोरोना वायरस के संभावित प्रभावों पर रोशनी डालता है, जो एसएआरएस-सीओवी-2 और ओएमई शुरुआत के बीच संबंध कोउजागर करता है। उन्होंने आगे कहा कि ओएमई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला वायरस ओमिक्रॉन संक्रमण के करीब एक महीने बाद मध्य कान में पाया जा सकता है, जो ओएमई उपचार रणनीतियों में संभावित बदलाव और दोबारा जोखिम का संकेत देता है।

जनवरी से जून 2023 तक किए गए अध्ययन में 32 से 84 साल के 23 मरीजों को शामिल किया गया, जिनमें ओमिक्रॉन के बाद ओएमई संक्रमण पाया गया था। इनमें से 21 में एकतरफा लक्षण दिखाई दिए। सैंपल लेने तक की औसत अवधि 21 दिन थी। 80.0 प्रतिशत कानों में फ्लूइड जमाव देखा गया। 12 प्रतिशत नमूनों में एसएआररएस-सोएवी-2 पाया गया, जिसका चक्र सीमा मान 25.65 और 33.30 के बीच था।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एल एंड टी | 2.36 प्रतिशत |
| पॉवरग्रिड | 1.97 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 0.38 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 0.10 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.08 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.90 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.99 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.95 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.82 प्रतिशत |
| भारतीय एयरटेल | 1.46 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# ईवी के विकास के साथ कई प्रमुख खनिजों की मांग बढ़ेगी

**सोल**, 3 मार्च (एजेंसियां)। इलेक्ट्रिक कार और पवन ऊर्जा उद्योगों में विस्तार के चलते दक्षिण कोरिया में प्रमुख खनिजों की मांग 2021 से 2040 तक 19 गुना बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। कोरिया एनर्जी इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (केईईआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार बैटरी के लिए आवश्यक लिथियम, निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट की मांग 2040 तक क्रमश: 15 गुना, 12 गुना, 19 गुना और 4 गुना बढ़ जाएगी।इलेक्ट्रिक कार मोटरों के लिए आवश्यक नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग 10 गुना बढ़ जाएगी। इसी अवधि में दक्षिण

■ **पवन ऊर्जा सुविधाएं 2022 से 2040 तक आठ गुना बढ़ जाएंगी**



**2022 तक द कोरिया ने चीन से अधिकांश निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट आपूर्ति का आयात किया था : केईईआई**

कोरिया में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 11 गुना बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पवन ऊर्जा सुविधाएं 2022 से 2040 तक आठ गुना बढ़ जाएंगी, जिससे इन सामग्रियों की मांग बढ़ेगी, जैसे कि नियोडिमियम, प्रेजोडायमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग क्रमश: 2.6 गुना, 3.1 गुना, 21.6 गुना और 2.7 गुना बढ़ने की संभावना है। केईईआई ने कहा कि दक्षिण कोरिया को इलेक्ट्रिक वाहन और सेकेंड्री बैटरी उद्योगों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपनी प्रमुख खनिज आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव लाने के लिए काम करना चाहिए। केईईआई के अनुसार, 2022 तक, दक्षिण कोरिया ने चीन से अधिकांश निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट का आयात किया था।

## मिड और स्मॉल कैप शेयरों में हो रहा करेक्शन

**नई दिल्ली**। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा है कि मिड और स्मॉल कैप में करेक्शन चल रहा है और यह आगे भी जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बेहतर आर्थिक आंकड़ों के दम पर बैंकिंग शेयरों ने शुरुआती कमजोरी को पलट कर अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आईटी और फार्मा क्षेत्रों में कमजोरी बनी रही, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था से अधिक निकटता से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका से पीएमआई और पेरोल डेटा जारी होने के साथ-साथ चीन से मुद्रास्फीति के आंकड़े बाजार की गतिशीलता को प्रभावित कर सकते हैं। आर्थिक आंकड़े जारी होने के साथ निवेशक सतर्क हैं। हालांकि, पिछले सत्र में सूचकांकों में तेजी आई, जो भारतीय जीडीपी के शानदार आंकड़ों और भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन से प्रेरित थी, क्योंकि उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि मजबूत आर्थिक आंकड़ों से भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसा बढ़ा है, लेकिन उच्च तरलता तथा मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच रिजर्व बैंक के नीतिगत फैसलों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने के बाद अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई है, जिससे इक्विटी बाजार को भी समर्थन मिला है।

# फ्लिपकार्ट ने किया यूपीआई हैंडल लॉन्च

**बेंगलुरु**, 3 मार्च (एजेंसियां)। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने रविवार को अपने 500 मिलियन से अधिक ग्राहकों सहित सभी ग्राहकों के लिए डिजिटल भुगतान को और बेहतर बनाने के लिए अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) हैंडल लॉन्च किया।

फ्लिपकार्ट यूपीआई के साथ, ग्राहक अब फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के भीतर और बाहर ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन के लिए अपना स्वयं का यूपीआई हैंडल बना सकते हैं। एक शानदार ग्राहक अनुभव के लिए, यूपीआई लॉन्च के बाद सुपरकॉइन्स, कैशबैक, ब्रांड वाउचर, माइलस्टोन के अलावा बहुत सारे लाभों को प्रदान किया जाएगा।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि फ्लिपकार्ट ऐप पर, फ्लिपकार्ट यूपीआई का उपयोग किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस के भुगतान के लिए किया जा सकता है, जिसमें ई-कॉमर्स लेनदेन, यूपीआई आईडी को स्कैन, भुगतान, रिचार्ज और बिल भुगतान शामिल है। अपने पहले चरण में, फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है, जिसमें ग्राहक फ्लिपकार्ट ऐप का उपयोग कर अपने डिजिटल लेनदेन के लिए एफकेएक्सिस हैंडल के साथ यूपीआई के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।फ्लिपकार्ट में फिनटेक और पेमेंट्स ग्रुप




**फ्लिपकार्ट यूपीआई का उपयोग किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस के भुगतान के लिए किया जा सकता है : फ्लिपकार्ट**

के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज अनेजा ने कहा कि गतिशील डिजिटल परिदृश्य को देखते हुए फ्लिपकार्ट यूपीआई की सुविधा और लागत-प्रभावशीलता को सहजता से जोड़ता है, जिसकी उम्मीद हमारे ग्राहक करते हैं। फ्लिपकार्ट में, हम सुपरकॉइन्स, ब्रांड वाउचर और अन्य लाभों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक भुगतान विकल्पों की पेशकश कर ग्राहकों को सर्वोत्तम श्रेणी का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# खाद्य तेलों में घटबढ़ चुनिंदा दालों में नरमी

**नई दिल्ली**, 3 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रूख देखा गया और चुनिंदा दालों में नरमी रही। इस दौरान अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 51 रिंगिट की तेजी के साथ 3967 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.98 सेंट की गिरावट लेकर 44.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर पाम ऑयल 500 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति 200 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया जबकि सरसों तेल 807 रुपये प्रति क्विंटल, सोया तेल 879 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली तेल 183 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। इस बीच सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12380 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10476 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8500 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। **दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा।

# विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के रुख में बदलाव

**नई दिल्ली**,3 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी।

कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों तथा सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के बीच एफपीआइ एक बार फिर भारतीय शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा एफपीआइ ने फरवरी में ऋण या बॉन्ड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं।

क्रेविंग अल्फा के प्रमुख भागीदार मयंक मेहरा ने कहा, ''मार्च के लिए भी एफपीआइ का परिदृश्य सकारात्मक नजर आ रहा है। अर्थव्यवस्था में मजबूती तथा कॉरपोरेट जगत के बेहतर प्रदर्शन की वजह से भारतीय शेयरों के प्रति एफपीआइ का आकर्षण कायम रहने की उम्मीद है।''




■ **वैश्विक आर्थिक माहौल में सुधार ने एफपीआई को भारत में निवेश के लिए प्रेरित किया**

आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआइ ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। वैश्विक आर्थिक माहौल में सुधार ने एफपीआइ को भारत में निवेश के लिए प्रेरित किया। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि वैश्विक आर्थिक माहौल में सुधार ने एफपीआइ को भारत जैसे उच्च वृद्धि वाले बाजारों में निवेश के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर जीडीपी के तीसरी तिमाही के आंकड़े मजबूत रहे हैं, जिससे विदेशी निवेशक आकर्षित हुए हैं।

## जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन आज

**नई दिल्ली**। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में प्रवर्तन तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग सभी राज्य और केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संरचनाओं के प्रवर्तन प्रमुखों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन कल राजधानी नई दिल्ली में आयोजित कर रहा है।

**सार संक्षेप**

## बैटल एक्स डिवीजन ने द अरावली ट्रेल अभियान शुरू

**उदयपुर**। राजस्थान के उदयपुर में एकलिंगगढ़ सेना स्टेशन से रविवार को बैटल एक्स डिवीजन ने रोमांचक साहसिक कार्य, 'द अरावली ट्रेल अभियान' शुरू किया। स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर विशाल नैय्यर ने अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस अभियान में ट्रैकिंग और साइकिलिंग का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण शामिल है। एक समर्पित टीम 12 रोमांचक दिनों में लगभग 650 किलोमीटर की कुल दूरी तय करते हुए मेवाड़ क्षेत्र में अरावली पहाड़ियों के ऊबड़-खाबड़ इलाके को पार करेगी। इसमें 500 किलोमीटर की साइकिलिंग और 150 किलोमीटर की ट्रैकिंग शामिल है। इस असाधारण यात्रा के दौरान टीम क्षेत्र के सुदूरतम कोनों का पता लगाएगी, दिग्गजों, वीर नारियों और जीवंत युवाओं के साथ सौहार्द्र बढ़ाएगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 619 अरब डॉलर के पार

**मुंबई**। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढोतरी होने से 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दो सप्ताह की गिरावट से उबरते हुये 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर कम होकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.40 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 548.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 47.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.84 अरब डॉलर हो गया।आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 8.9 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 18.19 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 90 लाख डॉलर बढ़कर 4.83 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## पंजाब में जीएसटी संग्रह 15.69 प्रतिशत बढ़ा : चीमा



**चंडीगढ़**। पंजाब ने 2022-23 की तुलना में मौजूदा वित्त वर्ष में फरवरी के अंत तक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 15.69 प्रतिशत और उत्पाद शुल्क संग्रह में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मार्च 2022 में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता संभालने के बाद से राज्य का वित्तीय ग्राफ सुधरा है। चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक शुद्ध जीएसटी संग्रह 19,222.5 करोड़ रुपये है, जबकि 2022-23 में इसी अवधि में यह 16,615.52 करोड़ रुपये था। इस प्रकार इसमें 2,606.98 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि उत्पाद शुल्क से प्राप्त राजस्व में भी 842.72 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।


# शेयर बाजार 74 हजारी होने को बेताब

**मुंबई**, 3 मार्च (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था के अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही देश में सेमीकंडक्टर के विनिर्माण के लिए 1.26 लाख करोड़ रुपये निवेश वाली तीन इकाइयों को मंजूरी मिलने और वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर हुयी लिवाली से बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही लेकिन छोटी और मझौली कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा।

समीक्षाधीन अवधि में शेयर बाजार में उतार चढ़ाव का रूख बना रहा। हालांकि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था के उम्मीद से बेहतर गति से आगे बढ़ने से मिले समर्थन के बल पर हुयी लिवाली से सप्ताहांत पर इसमें जबरदस्त तेजी देखी और गिरावट से उबरने में सफल रहा। पांच कारोबारी दिवसों में से दो दिन बाजार में गिरावट रही।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 602.55 अंकों की तेजी लेकर 74 हजार अंक की ओर लपकते हुये 73745.35 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 126.05 अंकों की बढ़त के साथ 22338.75 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक बिकवाली देखी गयी। सप्ताह के पांच में से तीन दिन इनमें बिकवाली हुयी जिससे बीएसई का मिडकैप 237.72 अंक उतरकर 39696.49 अंक पर और स्मॉलकैप 501.01 अंक टूटकर 45532.46 अंक पर रहा। विश्लेषकों को कहना है कि जिस तरह से सप्ताहांत पर बाजार में तेजी दिखी है यदि यही रूख बना रहता है तो अगले सप्ताह में सेंसेक्स 74 हजार अंक के स्तर को पार कर सकता है। उनका कहना है कि इस दौरान सोमवार को वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर धातु, आईटी, टेक और कंज्यूमर ड्यूरेबल सहित अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में बिकवाली हुयी जिससे सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट लेकर बंद हुये। सेंसेक्स 352.67 अंक टूटकर 72790.13 अंक पर और निफ्टी 90.65 अंक फिसलकर 22122.05 अंक पर रहा।




■ **बीते सप्ताह शेयर बाजार में रही तेजी लेकिन छोटी व मझोली कंपनियों को उठाना पड़ा नुकसान**
■ **पांच कारोबारी दिवसों में से दो दिन बाजार में रही गिरावट**

वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर सीडी, रियलटी, आईटी, टेक और ऑटो जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार दो दिनों की गिरावट से उबरते हुये मंगलवार को बढ़त बनाने में सफल रहा। सेंसेक्स 305.09 अंकों की तेजी लेकर 73095.22 अंक पर और निफ्टी 76.30 अंक चढ़कर 22198.35 अंक पर रहा। वैश्विक स्तर के कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर बाजार नियामक द्वारा संपदा प्रबंधन कंपनियों को निवेशकों को स्मॉलकैप और मिडकैप फंडों से जुड़े जोखिमों के बारे में अधिक और विस्तृत जानकारी देने की अपील करने से बने दबाव के कारण बुधवार को बाजार में भूचाल आ गया और चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 790.34 अंक लुढ़ककर 73 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 72304.88 अंक पर और निफ्टी 247.20 अंक टूटकर 21951.15 अंक पर रहा।

वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर समूह को छोड़कर लगभग सभी समूहों में हुयी लिवाली के बल पर गुरूवार को शेयर बाजार में फिर से तेजी लौटी और इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त बनाने में सफल रहा। सेंसेक्स 195.42 अंकों की बढ़त के साथ तेजी लेकर 21982.80 अंक पर रहा।

## इंश्योरेंसदेखो के सीईओ बोले, शार्क टैंक इंडिया के जरिए उभरते उद्यमियों के लिए पूंजी तक पहुंच आसान

**नई दिल्ली**, 3 मार्च (एजेंसियां)। इंश्योरेंसदेखो के फाउंडर और सीईओ अंकित अग्रवाल ने रविवार को कहा कि शार्क टैंक इंडिया ने भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम को बदल दिया है, उभरते उद्यमियों को विभिन्न रूपों में मदद की है और सबके लिए पूंजी तक पहुंच आसान कर दी है। अंकित अग्रवाल की शार्क टैंक इंडिया जैसे प्लेटफार्मों पर भी महत्वपूर्ण मौजूदगी है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर उनकी मौजूदगी है।

अंकित अग्रवाल ने बताया कि बिजनेस रियलिटी शो ने सभी उम्र के समूहों का ध्यान खींचा है। उन्होंने न केवल लोकप्रियता हासिल की है बल्कि उभरते उद्यमियों की विभिन्न रूपों में सहायता भी की है। इस शो ने भारत में उद्यमशीलता और स्टार्टअप लैंडस्कैप को बढ़ावा देने में योगदान दिया है। इसके अलावा अंकित अग्रवाल ने कहा कि वह पूंजी तक पहुंच को आसान बनाने, विजिबिलिटी और जागरूकता को बढ़ाने, स्टार्टअप विचारों को मान्य करने और इच्छुक उद्यमियों के सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करने वाला एक प्लेटफॉर्म बन गया है।



**बिजनेस रियलिटी शो ने सभी उम्र के समूहों का ध्यान खींचा : अंकित अग्रवाल**

■ **कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1,930 करोड़ रुपए का प्रीमियम हासिल किया**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अंकित अग्रवाल जियो सिनेमा पर पॉपुलर निवेश शो 'इंडियन एंजल्स' के मेंटॉर और एंजेल निवेशक हैं। वह 'भारत फिनटेक लीडर ऑफ द ईयर 2023' भी हासिल कर चुके हैं। इंश्योरेंसदेखो हाल ही में 15 करोड़ डॉलर जुटाने के बाद देश की यूनीकॉर्न सूची में शामिल होने के करीब पहुंच गया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1,930 करोड़ रुपये का प्रीमियम हासिल किया था। वित्त वर्ष 2023-24 में 3,600 करोड़ रुपये से अधिक का प्रीमियम हासिल करने की राह पर है।

## स्टार्टअप के लिए वित्तीय अनुशासन सबसे बड़ा सबक : कश्यप दलाल

**नई दिल्ली**, 3 मार्च (एजेंसियां)। एडटेक फर्म बायजू, जो इस समय कई विवादों में फंसी हुई है कि मामले से स्टार्टअप 'वित्तीय अनुशासन' को प्राथमिकता देने का महत्व सीख सकते हैं। सिम्पलीलर्न के सह-संस्थापक और सीओओ कश्यप दलाल ने रविवार को यह बात कही। निवेशकों के विरोध के बीच बायजू के पास फरवरी महीने के लिए अपने 20 हजार से अधिक कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं।



■ **20 हजार से अधिक कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं**
■ **22 अरब डॉलर के शिखर मूल्यांकन पर पहुंच गई थी एडटेक**

इसके संस्थापक और सीईओ बायजू रवींद्रन ने कर्मचारियों को बताया है कि राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई राशि वर्तमान में कुछ प्रमुख निवेशकों के आदेश पर एक अलग खाते में बंद है।

दलाल ने बताया कि कई दौर की फंडिंग के बाद जब वे फाइनेंशियल इंजीनियरिंग में आए तो बायजू की पूरी कहानी खराब हो चुकी थी। दलाल ने कहा कि उदाहरण के लिए, बायजू स्वयं उन अभिभावकों को ऋण दे रहा था जो उनके उत्पाद खरीद रहे थे और कहीं न कहीं, वह पूरा चक्र पूरी तरह से नियंत्रण से बाहर हो गया।

# भारत अगले 5 साल में चिप मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एक ताकत बनकर उभरेगा : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली**, 3 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा।

**बेहतर नीतियों की वजह से विनिर्माता भारत में लगा रहे प्लांट**

वैष्णव ने कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, ''बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं।''

सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियों मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियों डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है। अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है।



**भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में कर रहा पेश : अश्विनी**

सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है। भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है। वैष्णव ने कहा कि उनका दृढ़ मत है कि आज प्रत्येक बड़ा सेमीकंडक्टर खिलाड़ी अपनी निवेश योजना पर नए सिरे से विचार करना चाहता है और भारत आना चाहता है।

# खेल जगत

## मैरी कॉम, मनु भाकर ने फरीदाबाद में मैराथन प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और निशानेबाज मनु भाकर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में फरीदाबाद में मैराथन प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। मैरी कॉम ने युवाओं से ऊंचे लक्ष्य रखने का आग्रह करते हुए कहा कि कठिन समय में सफलता आसान हो जाती है और इसे कड़ी मेहनत से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया, जो युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए खेल और मैराथन को बढ़ावा दे रही है। अर्जुन पुरस्कार विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने युवाओं को ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत खेल सहित हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और शारीरिक रूप से फिट रहने के महत्व पर जोर दिया।



# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंचा भारत

### ऑस्ट्रेलिया से हारकर न्यूजीलैंड दो पायदान नीचे खिसका

**दुबई, 3 मार्च (एजेंसियां)।** वेलिंगटन टेस्ट में रविवार को ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के दो पायदान नीचे खिसकने से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर

■ न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट शुक्रवार को क्राइस्टचर्च में होगा शुरू



पहुंच गया है। वेलिंगटन टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड चार मैचों में 36 अंकों और 75 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर था। आज न्यूजीलैंड ने 172 रन की भारी हार के बाद 2021 डब्ल्यूटीसी चैंपियन ने शीर्ष स्थान गंवा दिया और 60 प्रतिशत अंक के साथ नंबर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को मिली जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत को फायदा हुआ है और वह तालिका में 64.58 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत ने आठ टेस्ट मैचों में पांच में जीत हासिल की है और एक मैच ड्रा रहा। ऑस्ट्रेलिया तालिका में तीसरे स्थान पर है, उसका अंक प्रतिशत 59.09 है तथा 78 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 11 टेस्ट से सात में जीत हासिल की है। तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है वहीं एक टेस्ट ड्रॉ रहा है।

## न्यूजीलैंड क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए सेवानिवृत्त वैगनर को वापस बुलाने पर विचार कर रहा है : साउदी

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में सेवानिवृत्त नील वैगनर को मैदान में उतारने की संभावना से इनकार नहीं किया है। तेज गेंदबाज विल ओरूर्के को हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान छोड़ना पड़ा, हालांकि वे वेलिंगटन में चौथी पारी में बल्लेबाजी करने आए, जहां न्यूजीलैंड 172 रनों से मैच हार गया। वैगनर ने पहले टेस्ट की शुरुआत से कुछ ही दिन पहले आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, क्योंकि उन्हें बताया गया था कि उन्हें टीम में नहीं चुना जाएगा, लेकिन थोड़े समय के लिए स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में मैदान पर आए और बेसिन रिजर्व में भीड़ से तालियां बटोरीं। हमने अभी तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल कैसे सुधार करता है। फिजियो ने इस पर कोई समय सीमा तय नहीं की है। हम बस इंतजार करेंगे और देखेंगे कि विल अगले कुछ दिनों में कैसे आगे बढ़ता है।

## मुझे अच्छा लगेगा लियोन 2027 तक टेस्ट क्रिकेट खेलें : कमिंस

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड पर 172 रन की जीत से दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन 2027 तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैं। वेलिंगटन में जीत में, लियोन ने 6-65 के प्रदर्शन के साथ न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में 196 रन पर आउट कर दिया और मैच का अंत 10-108 के विकेट आंकड़े के साथ किया। कमिंस ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि मुझे अच्छा लगेगा कि वह 2027 तक खेलते रहें। वास्तव में एकमात्र बाधा उसका शरीर है, इसलिए यदि वह अपने शरीर की देखभाल करता है और सुनिश्चित करता है कि वह एक वर्ष में 10 टेस्ट मैचों के लिए उपयुक्त है, या जो भी हो, मुझे बहुत अच्छा लगेगा। उन्हें 2027 तक खेलना है। और मुझे नहीं लगता कि उनके रास्ते में बहुत कुछ आने वाला है। मैंने उन्हें पहले ही बता दिया है कि जिस दिन वह रिटायर होंगे, मैं निश्चित तौर पर कप्तानी छोड़ दूंगा। उन्होंने स्वीकार किया कि लियोन के होने से उनके लिए फ़ील्ड सेट करना और विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करना आसान हो जाता है। वास्तव में वह एक कप्तान का सपना है। जब आप जानते हैं कि आपके पास विकेट पर इतना अच्छा खिलाड़ी है जो उसे थोड़ी मदद कर रहा है तो वास्तव में शांति का एहसास होता है। कमिंस ने खुलासा किया कि पहले दो ओवर फेंके जाने के बाद लियोन दूसरी पारी में नई गेंद से कमाल करना चाहते थे। जैसे ही स्टार्सी (मिशेल स्टार्क) और जोश (हेज़लवुड, उनके शुरुआती साथी) ने प्रत्येक छोर पर अपना पहला ओवर फेंका, वह (लियोन) आकर मुझसे पूछ रहे थे कि वह गेंदबाजी पर कब आ रहे हैं। कप्तान ने बेसिन रिजर्व में मैच के सभी चार दिनों में पहुंचने वाली वाली भीड़ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे महान थे। स्टेडियम के चारों ओर बहुत सारे ऑस्ट्रेलियाई शर्ट थे, लेकिन अब तक हम यहां जिन कीवी प्रशंसकों से मिले हैं, वे भी शानदार थे। पूरे सप्ताह यहां प्रशंसक अद्भुत रहे हैं।



# पेगुला को हराकर सैन डिएगो के फाइनल में कोस्त्युक

**सैन डिएगो, 3 मार्च (आईएएनएस)** यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी जेसिका पेगुला को 7-6(4), 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



21 वर्षीय यूक्रेनी खिलाड़ी ने पहले सेट में 5-1 से पिछड़ने से उबरते हुए 1 घंटे और 35 मिनट में वर्ल्ड नंबर 5 को हरा दिया। वह रविवार को खिताब के लिए केटी बोल्टर से भिड़ेंगी।

पेगुला ने 2-0 से बढ़त बना ली और कोस्त्युक पर अपना सही रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए तैयार दिख रही थीं। 5-1 से पिछड़ने के बाद कोस्त्युक ने अपनी आक्रामकता बढ़ा दी और तेजी से पासा पलट दिया।

कोस्त्युक ने लगातार चार गेम जीतकर सेट को 5-5 से बराबर कर लिया और फिर एक ब्रेक प्वाइंट बचाकर अपनी सर्विस बरकरार रखी और 6-5 की बढ़त बना ली। पेगुला ने टाईब्रेक के लिए अपनी सर्विस बरकरार रखी, लेकिन कोस्त्युक की गति ने उसे आगे बढ़ाया और टाई ब्रेक 7-4 से जीतकर शुरुआती सेट अपने नाम कर लिया।

अपने विजयी गेम प्लान पर कायम होने के बाद, कोस्त्युक ने दूसरे सेट में अपना दबदबा जारी रखा। उसने 23 बेजां भूलों के मुकाबले 26 विनर्स के साथ मैच समाप्त किया। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के मुताबिक, पेगुला ने 16 विनर्स लगाए और 19 बेजां भूलें कीं और पांच बार उसकी सर्विस टूटी।

विश्व नंबर 49 बोल्टर, कोस्त्युक की अंतिम प्रतिद्वंद्वी, नंबर 3 वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराकर अपने पहले हार्ड-कोर्ट फाइनल में पहुंची।

यह जीत इस सप्ताह शीर्ष 3 वरीय खिलाड़ियों के खिलाफ बोल्टर की दूसरी जीत है, उन्होंने पहले दौर में नंबर 2 वरीयता प्राप्त बीट्रिज़ हद्दाद माइया को हराया था। रविवार का फाइनल कोस्त्युक और बोल्टर के बीच करियर की पहली भिड़ंत होगी। दोनों खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे खिताब पर कब्जा करने के लिए प्रयासरत हैं। कोस्त्युक ने पिछले साल ऑस्टिन में जीत हासिल कर अपना पहला खिताब जीता था।

# डी मिनौर ने रूड को हराकर जीता मैक्सिकन ओपन खिताब



**एकापुल्को, 3 मार्च (एजेंसियां)।** ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने मैक्सिकन ओपन में 2024 सीज़न का अपना पहला खिताब हासिल किया जब उन्होंने फ़ाइनल में कैस्पर रूड को हरा दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने एटीपी 500 चैंपियनशिप में एक घंटे, 57 मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की और मैक्सिकन प्रशांत तट पर लगातार दूसरी बार जीत हासिल की और शनिवार देर रात अपनी आठवीं एटीपी टूर ट्रॉफी जीती। 2019 नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स में नॉर्वेजियन को हराने के बाद से उन्होंने रुड के साथ अपने पहले एटीपी हेड-टू-हेड संघर्ष में अर्जित चार ब्रेक पॉइंट में से तीन को परिवर्तित किया। खिताबी जीत के साथ, 2014 में टूर्नामेंट के हार्ड कोर्ट में बदलने के बाद से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एकापुल्को में खिताब की रक्षा करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। कुल मिलाकर, टूर्नामेंट के इतिहास में दो बार चैंपियनशिप जीतने वाले खिलाड़ियों की उपलब्धियों में शामिल हो गए।

ऑस्ट्रियाई थॉमस मस्टर (1993, 1994, 1995 और 1996 संस्करणों के विजेता), स्पेनिश निकोलस अल्माग्रो (एकापुल्को में पहले से ही 2008 और 2009 संस्करणों के विजेता) और डेविड फेरर (2010, 2011 और 2012 में तीन बार के चैंपियन), को इससे पहले यह उपलब्धि हासिल थी। डी मिनौर ने जीत के बाद कहा कि एकापुल्को मेरे टेनिस करियर के लिए बहुत अच्छी जगह रही है। पहली बार मैंने जब 500 खिताब जीता था, और (अब) पहली बार मैंने अपने करियर में एक खिताब का बचाव किया है।

# शार्दुल का शतक, मुशीर व तनुष के अर्धशतक से मुम्बई हुई मजबूत

**मुम्बई, 3 मार्च (एजेंसियां)।** ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर के अपने करियर की पहली शतकीय 109 रनों पारी तथा मुशीर खान 55 रन और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रनों अर्धशतकीय पारी बदौलत मुम्बई

■ रणजी ट्रॉफी में शार्दुल ठाकुर ने 105 गेंदों में 13 चौके और चार छक्कों की मदद से 109 रन बनाए

ने रणजी ट्रॉफी 2024 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले की पहली पारी में नौ विकेट पर 353 रन बनाने के साथ ही तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार 207 रनों की बढ़त बनाते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इससे पहले मुंबई के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और तुषार देशपांडे ने तमिलनाडु की मजबूत बल्लेबाजी पर कहर बरपाया। एक समय तमिलनाडु ने मात्र रन पर चार गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि उनकी पहली 100 रन तक भी नहीं पहुंच पाएगी। इसके बाद ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर और विजय शंकर ने छठे विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी करके तमिलनाडु को 100 के पार पहुंचाया। विजय ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि सुंदर ने 138 गेंद में 43 रन पारी खेली। तमिलनाडु की पहली पारी 64.1 ओवर में 146 रन पर सिमट गई। मुंबई के लिए तुषार ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए, मुशीर खान, तनुश कोटियन और शार्दुल ने दो-दो विकेट मिले। मुंबई की भी शुरुआत बेहद खराब रही। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने दूसरे ओवर में पृथ्वी शॉ को सिर्फ पांच रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। 45 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिये थे।

## हिमांशु मंत्री के शतक से मध्यप्रदेश ने बनाई बढ़त

**नागपुर।** हिमांशु मंत्री की 126 रनों की शतकीय पारी की मदद से रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने 252 रनों का स्कोर खड़ा करते हुए विदर्भ के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 82रनों की बढ़त बना ली। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में मध्यप्रदेश के आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी कर मुजाहिरा करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर ढ़ेर कर दिया था। इसके बाद जवाब में मध्यप्रदेश की टीम ने विकटकीपर बल्लेबाज हिमांशु मंत्री की 126 रनों की शतकीय पारी की मदद से 252 रन का स्कोर खड़ा किया। हिमांशु मंत्री हिमांशु मंत्री ने 210 गेंद में 10 चौके और एक छक्के की मदद से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना छठा शतक लगाया है। यह इस सत्र में उनका तीसरा शतक है। मंत्री ऐसे समय बल्लेबाजी करने आये जब मध्यप्रदेश 100 रन पर चार विकेट गंवा चुका था और टीम दबाव में थी। हर्ष गवली 25 रन, सागर सोलंकी 26 रन, सारांश जैन 30 रन, यश दुबे 11 रन बनाकर आउट हुए।

## सार संक्षेप

### बेन्सन किप्रूटो ने रिकार्ड समय में जीती टोक्यो मैराथन

**टोक्यो।** केन्याई धावक बेन्सन किप्रूटो ने रविवार को टोक्यो मैराथन 2024 में पुरुषों की दौड़ 2.06.50 रिकार्ड समय में पूरा कर जीत ली। किप्रूटो ने दो बार के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन एलियुड किपचोगे के दो घंटे दो मिनट 16 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए यह जीत हासिल की। किपचोगे 2.06.50 समय के साथ 10वें स्थान पर रहे। यह 39 वर्षीय खिलाड़ी के करियर का चौथा सबसे धीमा मैराथन समय था। दौड़ के बाद किपचोगे ने कहा कि हर दिन क्रिसमस दिवस नहीं है। टिमोथी किपलागट 2.02.55 के साथ दूसरे और विंसेंट किपकेमोई नगेटिच 2.04.18 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिलाओं की दौड़ इथियोपिया की सुतुमे असेफा केबेडे 2.15.55 के साथ जीती।

### जेम्स फ्रेंकलिन होंगे सनराइजर्स हैदराबाद के नए गेंदबाजी कोच

**हैदराबाद।** आईपीएल के आगामी सीज़न में सनराइज़र्स हैदराबाद के नए गेंदबाज़ी कोच जेम्स फ़्रैंकलिन होंगे। पूर्व कीवी ऑलराउंडर दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन को रिप्लेस करेंगे। स्टेन को 2022 में हैदराबाद का गेंदबाज़ी कोच बनाया गया था। क्रिकइंफो को पता चला है कि स्टेन ने निजी कारणों के चलते आईपीएल से बाहर रहने का फ़ैसला किया है। फ्रेंकलिन के लिए आईपीएल में कोचिंग का यह पहला अनुभव होगा। वह 2011 और 2012 में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके हैं। फ्रेंकलिन को हैदराबाद में उनके हमवतन डैनियल वेटोरी का साथ मिलेगा, जिन्हें 2023 के सीज़न के बाद टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। फ़्रैंकलिन इस समय पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाइटेड के सहायक कोच भी हैं। हैदराबाद के पास भुवनेश्वर कुमार, पैट कमिंस, उमरान मलिक सहित कई तेज़ गेंदबाज़ हैं जबकि उनके पास वनिंदू हसरंगा, वॉशिंगटन सुंदर और शाहबाज़ अहमद के रूप में स्पिनर्स भी मौजूद हैं।

### अध्यक्ष के रूप में कल्याण चौबे ने एआईएफएफ की छवि को नुकसान पहुंचाया : बाईचुंग भूटिया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया का कहना है कि कल्याण चौबे ने अध्यक्ष के रूप में अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) की छवि की नुकसान पहुंचाया है। फीफा की हालिया रैंकिंग में भारत 15 स्थान गिरकर 117वें नंबर पर आ गया है - जो पिछले सात वर्षों में सबसे खराब है। सिकीमीज़ स्नाइपर ने कहा कि कल्याण चौबे (एआईएफएफ अध्यक्ष) ने भारतीय फुटबॉल को विफल कर दिया है और लगातार अंदरूनी लड़ाई एक प्रमुख कारण है कि टीम चुनौतियों का सामना करने और वैश्विक मंच पर आगे बढ़ने में विफल रही है। यह स्वयं अध्यक्ष सहित शीर्षतम लोगों द्वारा किया गया पूर्ण कुप्रबंधन है।

# इंग्लैंड की पिछली तीन टेस्ट सीरीज जीतने में विफलता का कारण उनकी बल्लेबाजी है : माइकल वॉन

**नई दिल्ली, 3 मार्च (एजेंसियां)।** इंग्लैंड के भारत से मौजूदा टेस्ट सीरीज हारने के बाद पूर्व कप्तान माइकल वॉन का

■ सीरीज जीत न पाना बल्लेबाजी की विफलता का कारण



मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम अपनी बल्लेबाजी की विफलता के कारण इस प्रारूप में अपनी पिछली तीन सीरीज नहीं जीत पाई है। भारत ने रांची में पांच विकेट की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की कप्तान-कोच जोड़ी के तहत इंग्लैंड की पहली श्रृंखला हार थी। भारत दौरे से पहले, इंग्लैंड ने घरेलू सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के साथ 2-2 और न्यूजीलैंड के साथ उसकी सरजमीं पर 1-1 से ड्रा खेला था। द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में वॉन ने लिखा कि यह इंग्लैंड के कई बल्लेबाजों के लिए बहुत बड़ा सप्ताह है। जब हम इंग्लैंड की इस टीम के बारे में सोचते हैं, तो हम उनकी अद्भुत गतिशील बल्लेबाजी के बारे में सोचते हैं। लेकिन जब आप देखते हैं कि उन्होंने अपनी पिछली तीन श्रृंखलाओं में से कोई भी क्यों नहीं जीती है, तो यह बल्लेबाजी पर निर्भर है।

उनका यह भी अनुमान है कि 7-11 मार्च तक खेले जाने वाले धर्मशाला टेस्ट के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव देखने को मिल सकता है। 'पूरी बल्लेबाजी लाइनअप को इस दौरे पर हर हफ्ते पता चल गया था कि वह अगला मैच खेलेंगे। यह बदलने वाला है क्योंकि इस दौरे के बाद हैरी ब्रूक वापस आ जाएगा।

लोगों को सहज बनाना सही है और इंग्लैंड ने पिछले दो वर्षों में आम तौर पर अच्छी बल्लेबाजी की है।

# गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन मिंज का एक्सीडेंट, फिलहाल निगरानी में रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 3 मार्च (एजेंसियां)।** गुजरात टाइटंस के अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज रॉबिन मिंज की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और फिलहाल वह निगरानी में हैं। पिछले साल, मिंज आईपीएल का हिस्सा बनने वाले आदिवासी समुदाय के पहले खिलाड़ी बन गए थे, जब टाइटंस ने उन्हें खिलाड़ी की नीलामी में 3.6 करोड़ रुपए में खरीदा था। न्यूज़ 18 की एक रिपोर्ट के अनुसार, मिंज शनिवार को अपनी कावासाकी सुपरबाइक चला रहे थे, जब वह एक अन्य बाइक के संपर्क में आ गए और इससे उन्होंने अपनी बाइक पर नियंत्रण खो दिया, जिससे उनके दाहिने



घुटने पर चोट लग गई। इसमें कहा गया है कि टक्कर के बाद सुपरबाइक का अगला हिस्सा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट में उनके पिता फ्रांसिस मिंज के हवाले से कहा गया कि जब उनकी बाइक दूसरी बाइक के संपर्क में आई तो उन्होंने नियंत्रण खो दिया। फिलहाल कोई गंभीर बात नहीं है और वह निगरानी में हैं। मिंज हाल ही में कर्नाटक के खिलाफ अंडर23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में झारखंड के लिए खेलने के बाद घर आए थे, जहां उन्होंने शानदार 137 रन बनाए, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि विपक्ष ने पहली पारी में बढ़त ले ली थी। यह अभी तक ज्ञात नहीं है कि आईपीएल 2024 से पहले टाइटन्स के प्री-सीजन कैंप में शामिल होने में उन्हें देरी हुई है या नहीं। मिंज झारखंड के गुमला जिले के शिमल गांव के रहने वाले हैं, जबकि उनके पिता फ्रांसिस एक सेवानिवृत्त सेना कर्मी हैं, जो अब रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं।

# महिला प्रीमियर लीग 2024 : मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से हराया

**बेंगलुरू, 3 मार्च (एजेंसियां)।** यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2 के 9वें मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में हार से उबरकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हरा दिया।

मुंबई इंडियंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए तीन शुरुआती विकेट चटकाए और फिर एलिसे पेरी की 38 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद 20 ओवरों में 131/6 के मामूली स्कोर तक पहुंच गई। जहां पेरी ने अपनी 38 गेंदों की पारी के दौरान पांच चौके लगाए, वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 27 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। जीत के लिए 132 रनों का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने एलिसे पेरी, यास्तिका



भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट के योगदान की बदौलत 15.1 ओवर में 133/3 का स्कोर बना लिया और 29 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। दिल्ली कैपिटल्स पर शुरुआती दौर में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। शनिवार की जीत के बाद मुंबई इंडियंस चार मैचों में छह अंकों के साथ आगे है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स चार अंकों पर बनी हुई है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैरहाजिरी में टीम की अगुवाई करते हुए नैट साइवर-ब्रंट ने तीसरे ओवर में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना को नौ रन पर आउट करके पहला झटका दिया, जबकि सैका इशाक ने सोफी को फंसाकर स्कोर 31/2 कर दिया। डिवाइन एलबीडब्ल्यू के बाद साइवर-ब्रंट ने सब्बिनेनी मेघना को 11 रन पर आउट कर आरसीबी की मुश्किलें बढ़ा दीं। हालांकि एलिसे पेरी ने अकेले संघर्ष करते हुए नाबाद 44 रन बनाए, ऋचा घोष (7) और सोफी मोलिनेक्स (12) ज्यादा योगदान नहीं दे पाईं। पूजा वस्त्राकर ने 2-14 जबकि इस्सी वोंग और सैका इशाक ने एक-एक विकेट हासिल किया। जवाब में यास्तिका भाटिया (31) और हेले मैथ्यूज (26) ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े। मैथ्यूज 69 के स्कोर पर श्रेयंका पाटिल की गेंद पर स्मृति मंधाना के हाथों कैच आउट हुईं, साइवर-ब्रंट (27) और अमेलिया केर (नाबाद 40) ने जीत पक्की की।

# बेन्सन किप्रूटो ने रिकार्ड समय में जीती टोक्यो मैराथन

**टोक्यो, 3 मार्च (एजेंसियां)।** केन्याई धावक बेन्सन किप्रूटो ने रविवार को टोक्यो मैराथन 2024 में पुरुषों की दौड़ 2.06.50 रिकार्ड समय में पूरा कर जीत ली। किप्रूटो ने दो बार के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन एलियुड किपचोगे के दो घंटे दो मिनट 16 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए यह जीत हासिल की।



किपचोगे 2.06.50 समय के साथ 10वें स्थान पर रहे। यह 39 वर्षीय खिलाड़ी के करियर का चौथा सबसे धीमा मैराथन समय था। दौड़ के बाद किपचोगे ने कहा कि हर दिन क्रिसमस दिवस नहीं है। टिमोथी किपलागट 2.02.55 के साथ दूसरे और विंसेंट किपकेमोई नगेटिच 2.04.18 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिलाओं की दौड़ इथियोपिया की सुतुमे असेफा केबेडे 2.15.55 के साथ जीती।